Vol.24, Issue 1 | Annual Subscription ₹480

नवंबर 2024

@NewsRotary /RotaryNewsIndia

# रोटरी समाचार

भारत

www.rotarynewsonline.org



रतन टाटा
(1937–2024)

Rotary

Rotary District 3212

THE MAGIC OF ROTARY

# START YOUR BUSINESS JOURNEY IN 3500 MINUTES

RYLA

A CSR initiative of V.V.V & SONS Edible Oils Ltd.

RYLA

BE AN ENTREPRENEUR

PG PUNCH GURUKULAM

## STOP WORRYING ABOUT JOB(S); START PRODUCING JOB(S);

The 3 DAYS training workshop covers end-to-end journey of an Entrepreneur. The participants get benefitted right from identifying their best fit business, business processes, investment opportunities, Business Styles, Marketing & Selling, Schemes & Systems, supplemented with necessary skills to sustain as an Entrepreneur. Each episode will have a POWER TALK session by a top industrialist /businessman, who share their experiences, best practices and knowledge with the participants

**1218 TRAINED**

**206 STARTERS**

**FLY TO SINGAPORE**

As a part of that program, we select 02 outstanding participants from each batch and sponsor them for a Five Days - Four Nights visit to Singapore (Airport-to-Airport Free), to learn different business processes.

Join RYLA

**BATCH 41.0**

15th, 16th & 17th NOV 2024

42.0 : 20th, 21st & 22nd DEC 2024

43.0 : 17th, 18th & 19th JAN 2025

44.0 : 14th, 15th & 16th FEB 2025

**VENUE**

**Hari's Hotel**

NH 44, Near Tirumangalam Toll Plaza, Kappalur, Thirumangalam, Madurai

**INVESTMENT**

**Rs.3500 Only**

(Incl. Accommodation / Food / T-Shirt / Certification / E-Book / CREA Programs)

*Terms & Conditions Apply

**CONTACT**

**94431 66650 | 94433 67248**

Powered by

K.V. Ramaswamy MEMORIAL TRUST

Srinidhi Building Sustainable Relationship

IDHAYAM

SAY IDHAYAM • SPELL HEALTH

LEKHA ads/Nov 24/Rotary/FIW

ADVT.

# विषयसूची




12

भारत ने एक बार फिर अपना कोहिनूर खो दिया

16

RIPE मारियो डी कामार्गो के साथ साक्षात्कार

20

टीआरएफ दान में भारत एक चमकता सितारा

42

जन्मभूमि पर रोटरी संकट में: डी कामार्गो

52

मासिक धर्म और रजोनिवृत्ति: एक खुली बातचीत

60

शाकाहारी व्यंजनों का आनंद

62

रोटरी राउरकेला क्वींस ने बदली एक स्कूल की तस्वीर


**ई-संस्करण दर हुई कम**

1 जुलाई 2024 से हमारी ई-संस्करण सदस्यता ₹420 से संशोधित कर **₹320** कर दी गई हैं।


Rotary

A publication of Rotary Global Media Network

## रोटरी के राजा

*रोटरी के दिलों के राजा* लेख के लिए संपादक रशीदा भगत को बधाई। पीआरआईपी राजेंद्र साबू और रोटरी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। मैं उन्हें और रोटरी के प्रति उनके समर्पण को लंबे समय से जानता हूँ। उनकी 90 वर्ष की आयु का उनके झुर्रियों रहित चेहरे पर कोई निशान नहीं है जो रोटरी की चमक से दमक रहा है। उनसे प्रेरित होकर मैंने 2006 में रोटरी क्लब नाभा ग्रेटर को अधिकृत किया। हमारा क्लब सालाना 100 कल्याणकारी परियोजनाओं के माध्यम से वंचितों की मदद कर रहा है।

*अशोक जिंदल*
*रोटरी क्लब नाभा ग्रेटर - मंडल 3090*

भारतीय विद्या भवन में एक विशेष बच्चे के साथ पीआरआईपी साबू की कवर फोटो वाकई असाधारण है। रोटरी के प्रति उनके आजीवन समर्पण और उनकी पत्नी उषा द्वारा समर्थित मानवता के लिए उनकी सेवा के बारे में यह लेख अत्यंत प्रेरणादायक है। यह देखकर भी बहुत अच्छा लगा कि ई-संस्करण के दाम कम हो गए है। जहाँ पारिवारिक जीवन और देने की खुशी पर रो ई अध्यक्ष स्टेफ़नी अर्चिक और संपादक के संदेश सराहनीय हैं वहीं रो ई निदेशक राजू सुब्रमण्यन के जीवन परिवर्तक *प्रोजेक्ट पॉजिटिव हेल्थ* और डीईआई पर ध्यान केंद्रण विचारोत्तेजक है। अपने गवर्नरों से मिलिए सहित अन्य लेख दिलचस्प हैं और जीवंत तस्वीरें इसे ओर अधिक रोचक बनाती हैं। पूरी टीम को बधाई!

*फ़िलिप मुलप्पोने एम टी*
*रोटरी क्लब त्रिवेंद्रम सबअर्बन - मंडल 3211*

PRIP साबू पर लिखित लेख उनके अद्भुत व्यक्तित्व के बारे में जानकारी देता है और हमें पता चलता है कि उन्होंने दुनिया के लिए कितना कुछ अच्छा किया है। उन्होंने अपनी 58 साल की रोटरी यात्रा के दौरान अपनी खुद की रो ई थीम, 'अपने आप से परे देखो' को साबित करके दिखाया है जिसमें उनकी उदार धर्मपत्नी उषा ने उनका बहुत साथ दिया।

*के एम के मूर्ति*
*रोटरी क्लब सिकंदराबाद*
*मंडल 3150*

मैं एक गैर-रोटेरियन हूँ जो राजकोट की एक लाइब्रेरी में रोटरी न्यूज के प्रत्येक अंक को पढ़ता है। पीआरआईपी साबू के बारे में मुख्य लेख पढ़कर खुशी हुई; कवर फोटो बहुत ही मार्मिक थी। मैंने उन्हें अपनी जीवनी की एक प्रति पर हस्ताक्षर करते हुए देखा। क्या आप कृपया इस पत्रिका में इसकी समीक्षा कर सकते हैं या इसके कुछ अंश प्रकाशित कर सकते हैं? इस मानवतावादी के अनुभवों के बारे में अधिक जानने के लिए मैं यह किताब कहाँ से खरीद सकता हूँ? मैं मानवता की सेवा के लिए उनके स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना करता हूँ।

*फारूक अब्दुलगफर*
*बवानी, राजकोट लेख*

रोटरी क्लब चंडीगढ़ को पीजीआई सराय, रोटरी ब्लड रिसोर्स सेंटर और *गिफ्ट ऑफ़ लाइफ़* जैसी उल्लेखनीय परियोजनाओं के लिए बधाई। यह उषा साबू थीं जिन्होंने पीआरआईपी राजेंद्र साबू के सामने इन विचारों का प्रस्ताव रखा और उनके द्वारा बोए गए बीज एक प्रभावशाली परियोजनाओं के रूप में खिल उठे। एक इनर व्हील सदस्य के रूप में उनकी समर्पित सेवा वास्तव में सराहनीय है।

*वीआरटी दोराईराजा*
*रोटरी क्लब तिरुचिरापल्ली*
*मंडल 3000*

पूरा अक्टूबर अंक उत्कृष्ट है मगर रो ई अध्यक्ष और संपादक के संदेश रोटरी के पारिवारिक संबंधों को उजागर करते हैं और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचारों को संबोधित करते हैं, जो विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करते हैं। दशकों पहले एक पूर्व रो ई महासचिव ने रोटरी पत्रिकाओं को रोटरी की आंख, कान और आवाज़ के रूप में वर्णित किया था और आज रोटरी न्यूज़ को पढ़कर यह विवरण और भी प्रासंगिक लगता है।

*आर श्रीनिवासन, रोटरी क्लब बैंगलोर जे पी नगर - मंडल 3191*

हमारी परियोजनाओं को इतनी प्रमुखता से चित्रित करते हुए जीवंत रूप देने के लिए हम आपके और आपकी टीम के आभारी हैं। इससे हमारे क्लब के सदस्यों को बहुत गर्व महसूस हुआ। हमसे बात करके अतिरिक्त विवरण इकट्ठा करने और हमारी पहल को इतनी खूबसूरती से कवर करने के लिए हम रशीदा की विशेष सराहना करते है। हमें अपने सदस्यों, डीजी और मंडल टीम से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।

*राखी मेहता, रोटरी क्लब बॉम्बे बे व्यू - मंडल 3141*

न्यासी अध्यक्ष मार्क मलोनी का 2.025 बिलियन डॉलर के अक्षय निधि लक्ष्य में योगदान करने का आह्वान प्रशंसनीय है। टीआरएफ के लिए 'लिगेसी डिनर' एक बढ़िया विचार है।

*आर मुरली कृष्णा, रोटरी क्लब बेरहमपुर - मंडल 3262*

इस उत्कृष्ट डिजाइन वाली रोचक और सूचनात्मक पत्रिका को प्रकाशित करने में इतनी कड़ी मेहनत करने के लिए रोटरी न्यूज़ टीम को बधाई। मैंने इसे एक बार में पृष्ठ-दर-पृष्ठ

पढ़ा। स्टेफ़नी अर्चिक के कवरेज ने मेरे दिल को छू लिया। संपादकीय, लेख और तस्वीरें उत्कृष्ट हैं। मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि हमारे क्लब के सभी सदस्यों को यह पत्रिका भेजें।

*सुमित्रा मिश्रा, रोटरी क्लब भुवनेश्वर न्यू हराइज़न - मंडल 3262*

## डीईआई पर एक सामयिक संपादन

आपके संपादकीय के माध्यम से 'डीईआई-ऑन-ग्राउंड' पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मेरी बधाई। प्रशिक्षु डॉक्टर, फिल्म अभिनेत्री और ओलंपियन के माध्यम से आपके द्वारा साझा किए गए तीनों उदाहरण बहुत उपयुक्त हैं। दुर्भाग्य से केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया पितृसत्तात्मक है। हम रोटेरियनों को स्कूल स्तर पर व्यवहार प्रशिक्षण के माध्यम से लैंगिक समानता का मुद्दा उठाना चाहिए।

हमारे रोटरी कार्यक्रमों में हर छोटे-मोटे तरीको से लैंगिक समानता का अभ्यास करने की आवश्यकता है। इस सामयिक संपादन के लिए धन्यवाद।

*अतुल भिडे*
*रोटरी क्लब ठाणे हिल्स - मंडल 3142*

**सुधार:** *रोटरी समाचार* के अक्टूबर अंक में, *आपके गवर्नर्स से मिलिए* कॉलम में, नीरव निमेश अग्रवाल रो ई मंडल 3110 के गवर्नर हैं। *क्लब मैटर्स* में, *रोटरी क्लब गुलबर्गा आर्य* को *रोटरी क्लब गुलबर्गा सखी* के रूप में पढ़ा जाना चाहिए। त्रुटि के लिए खेद है।

## शानदार अक्टूबर अंक

*रोटरी न्यूज़* के एक उत्साही पाठक के रूप में मैं आपको लेख और नए रूप वाले कवर डिजाइन के लिए बधाई देता हूँ। अक्टूबर अंक का मेरे दिल में एक विशेष स्थान होगा क्योंकि रोटरी में मेरे 11 वर्षों में दूसरी बार मेरी तस्वीर इस उत्कृष्ट प्रकाशन के पृष्ठों पर दिखाई दे रही है। संपादकीय टीम को बधाई।

*कमोडोर (सेवानिवृत्त) अजय चिटनिस, रोटरी क्लब पुणे सेंट्रल - मंडल 3131*

संशोधित डिजाइन और लेआउट के साथ दुनिया भर की रोटरी गतिविधियों का इतना शानदार कवरेज और लेखों का चयन रोटरी के जादू से मंत्रमुग्ध कर देता है। आपकी टीम को मेरी शुभकामनाएं!

*विपिन मल्होत्रा - रोटरी क्लब पुणे सेंट्रल - मंडल 3131*

शानदार अक्टूबर अंक के लिए आपकी संपादकीय टीम को हार्दिक बधाई। उत्कृष्ट लेख, विस्तृत परियोजनाओं और मनोरम तस्वीरों को देखकर खुशी हुई। एक क्लब अध्यक्ष के रूप में मुझे यह पत्रिका मानवीय परियोजनाओं के मूल्यवान विचारों की पेशकश करने का एक बढ़िया संसाधन लगती है जिसे रोटरी क्लब शुरू कर सकते हैं। मैं हर महीने इस पत्रिका का बेसब्री से इंतजार करता हूँ। इस महान कार्य को जारी रखें!

*ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) पी के मुरलीधरन राजा, अध्यक्ष, रोटरी क्लब पुणे सेंट्रल - मंडल 3131*

## एक युवा रोटेरियन की टाटा से मुलाकात

1995 में TELCO (टाटा मोटर्स) में एक युवा बिक्री कार्यकारी के रूप में मेरी नौकरी में अक्सर यात्रा करना शामिल था, जिससे रोटरी की बैठकों में शामिल होना मुश्किल हो गया था। मेरी उपस्थिति कम होने की वजह से मैंने मुंबई की एक यात्रा के दौरान अपना त्याग पत्र लिख लिया था। ताजमहल होटल में एक कंप्यूटर प्रदर्शनी में भाग लेने के दौरान मैंने रोटरी क्लब बॉम्बे की एक बैठक देखी। अपना त्याग पत्र देने के पहले एक अंतिम बार मैंने रोटरी की बैठक में भाग लेने का फैसला किया। वहाँ अप्रत्याशित रूप से रतन टाटा से मेरी मुलाकात हुई, मैंने एक TELCO कर्मचारी के रूप में अपना परिचय दिया और हमने अपने काम पर चर्चा की। उन्होंने मुझे रोटरी में रहने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, ''चूंकि आप बिक्री में हैं और अनेक लोगों से आपका मिलना होता है इसलिए रोटरी आपके लिए उचित जगह है।'' उनके शब्दों ने मुझे अपना इस्तीफा फाड़ने के लिए प्रेरित किया और तब से मैं एक गर्वित रोटेरियन बना हुआ हूँ।

*पीडीजी दीपक शिकरपुर*
*मंडल 3131*

क्या आपने रोटरी न्यूज़ प्लस पढ़ा है? यह ऑनलाइन प्रकाशन हर सदस्य की ईमेल आईडी पर भेजा जाता है। **रोटरी न्यूज़ प्लस** को हमारी वेबसाइट *www.rotarynewsonline.org* पर पढ़ें।

हम आपकी प्रतिक्रियाओं का स्वागत करते है। अपनी प्रतिक्रियाएं *rotarynews@rosaonline.org* या *rushbhagat@gmail.com* पर संपादक को मेल कीजिए। *rotarynewsmagazine@gmail.com* पर उच्च रेसोल्यूशन वाली तस्वीरें अपनी परियोजना के विवरण के साथ मेल कीजिए।

आपके क्लब/मंडल परियोजनाओं के संदेश, Zoom मीटिंग/वेबिनार पर जानकारी और उसके लिंक केवल संपादक को ई-मेल द्वारा *rushbhagat@gmail.com* या *rotarynewsmagazine@gmail.com* पर भेजे जाने चाहिए।

WhatsApp पर भेजे संदेशों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# एक मजबूत नींव

रोटरी की सबसे बड़ी ताकत स्थायी परिवर्तन बनाने के लिए हमारे सदस्यों को एक साथ लाने की क्षमता है, और रोटरी संस्थान हमें परिवर्तन लाने के सपनों को साकार करने में मदद करता है।

पोलियो उन्मूलन से लेकर शांति निर्माण तक, हमारे द्वारा दुनिया भर में किये जाने वाले बहुत से काम हमारे संस्थान को हमारे निरंतर समर्थन के बिना संभव नहीं हो पाते।

शांति का कारण मेरे लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, और शांति निर्माण करने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक हमारी रोटरी पीस फैलोशिप है - जो टीआरएफ का एक उत्पाद। कार्यक्रम दुनिया भर में वर्तमान और भावी शांति एवं विकास पेशेवरों को यह जानने में मदद करता है कि संघर्ष को कैसे रोका जाए और कैसे समाप्त किया जाए।

ओटो और फ्रैंक वाल्टर फाउंडेशन से प्राप्त 15.5 मिलियन डॉलर के योगदान की वजह से, हम इस्तांबुल में बहसेसेहिर विश्वविद्यालय में अगले रोटरी शांति केंद्र के साथ अधिक क्षेत्रों में शांति निर्माताओं का समर्थन करना जारी रख सकते हैं।

एक अन्य शांति केंद्र खोलना एक बड़ी उपलब्धि है जिसका जश्न हम इस्तांबुल में 2025 रोटरी अध्यक्षीय शांति सम्मलेन में मनाएंगे। 20-22 फरवरी तक होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन में शांति के लिए रोटरी परिवार द्वारा की जाने वाली वकालत के कई तरीकों पर प्रकाश डाला जाएगा। प्रसिद्ध वक्ता, पैनल चर्चाएं, और ब्रेकआउट सत्र हमें शांति निर्माण के बारे में विचारों को साझा करने एवं हर जगह शांति को प्रोत्साहित करने के बारे में सार्थक बातचीत को बढ़ावा देने की अनुमति देंगे।

फ़ोटोग्राफ़ी: लुसी हेवेट

नवंबर रोटरी संस्थान का माह है, अपने संस्थान को बेहतर तरीके से जानने और उन कारणों का पता लगाने का एक अच्छा समय है जो आपको आकर्षित करते हैं। वैश्विक अनुदान रोटरी के ध्यानाकर्षण क्षेत्रों में स्थायी, मापनीय परिणामों के साथ बड़ी अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों का समर्थन करते हैं। सामुदायिक जरूरतों के लिए मिलकर काम करके, क्लब और मंडल अपनी वैश्विक साझेदारी को मजबूत करते हैं। मंडल अनुदान छोटे पैमाने पर, अल्पकालिक गतिविधियों को धन देता है जो आपके और विदेशों में समुदायों की जरूरतों को पूरा करते हैं। प्रत्येक मंडल चुनाव करता है कि वह इन अनुदानों के साथ किन गतिविधियों का समर्थन करेगा।

हमारा संस्थान आपको हमारे अद्भुत युवा कार्यक्रमों का समर्थन करने में भी मदद कर सकता है, जिसमें रोटरी यूथ एक्सचेंज, रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड्स और इंटरेक्ट शामिल हैं। हमारे संस्थान को दिए गए आपके योगदान प्रोग्राम्स ऑफ़ स्केल को भी संभव बनाते हैं। ये दीर्घकालिक परियोजनाएं हैं जो असाध्य समस्याओं का हल करना संभव बनाती हैं।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये अच्छे काम हमारे जाने के बाद भी जारी रहें, यह हम पर निर्भर है कि हम 30 जून 2025 तक 2.025 बिलियन डॉलर के अपने महत्वाकांक्षी रोटरी एंडोमेंट लक्ष्य को प्राप्त करें।

*रोटरी का जादू* एकाएक संभव नहीं होता है। हम हर नए सदस्य को शामिल करके, हर परियोजना को पूरा करके और हमारे संस्थान में दान किए गए प्रत्येक डॉलर के साथ इस जादू को संभव बनाते हैं।

कृपया टीआरएफ का समर्थन करने में मेरा साथ दें, और एक साथ, हम दुनिया को बदलकर बेहतर बनाएंगे।

**स्टेफ़नी ए अर्चिक**
अध्यक्ष, रोटरी इंटरनेशनल

**दान करें**
रोटरी फाउंडेशन के लिए
*rotary.org/donate* पर।

2025 रोटरी प्रेसिडेंशियल पीस कॉन्फ्रेंस के लिए *rotary.org/istanbul25* पर रजिस्टर करें।

# महान व्यक्ति किस मिट्टी के बने होते है

एक ऐसी दुनिया में जहाँ साज़िश, चाटुकारिता और भ्रष्ट व्यावसायिक प्रथाएं व्याप्त है उसमें नैतिक रहना और नैतिकता के उच्च स्तर को बनाएं रखते हुए सफलता के शिखर तक पहुंचना कैसे संभव है?

खैर, अपने दिमाग पर ज्यादा ज़ोर मत डालिए! भारतीय व्यवसाय के सौम्य दिग्गज, रतन टाटा के निधन और उनसे जुड़े अनेक किस्से जिनमें से कुछ अज्ञात थे क्योंकि वह एक निजी और मीडिया से शर्माने वाले व्यक्ति थे, ने हमारी निंदात्मक सोच और अब तक के इस दृढ़ विश्वास को झकझोर कर रख दिया कि किसी भी संदेहास्पद या संदिग्ध गतिविधि को नज़रअंदाज किए बिना एक बेहद ही सफल व्यवसाय समूह का नेतृत्व करना संभव नहीं है।

यकीनन भारत के सबसे आकर्षक और शक्तिशाली उद्योगपति, जेआरडी टाटा की महान विरासत को संभालना उनके 54 वर्षीय शिष्य या भतीजे रतन के लिए बहुत मुश्किल भरा रहा होगा, उन्हें मोगुल रूसी मोदी के नेतृत्व वाली TISCO (टाटा स्टील) और विभिन्न टाटा कंपनियों के अनुभवी, पुराने और बेहद चतुर नेताओं का सामना करना था।

इस बारे में बहुत कुछ लिखा गया है कि कैसे इस युवा वारिस ने इतनी सारी चुनौतियों का सामना करते हुए असफलताओं को सफलता की सीढ़ी में बदल दिया और अंततः टाटा समूह के निर्विवाद नेता के रूप में उभरे। लेकिन इंडिका और नैनो कारों के लॉन्च, कोरस और यहाँ तक कि जगुआर और लैंड रोवर जैसे लक्जरी ऑटो ब्रांड के अधिग्रहण के चलते अनेक उतार-चढ़ाव के साथ उन्हें व्यावसायिक चुनौतियों और अशांति का सामना करना पड़ा।

लेकिन आखिरकार टाटा ब्रांड से जुड़ी सत्यनिष्ठा न केवल सुरक्षित रही बल्कि इसने उनके नेतृत्व में नई ऊंचाइयों को छुआ। ब्रिटिश साप्ताहिक *द इकोनॉमिस्ट* ने इसे अपनी टिप्पणी में बड़े करीने से अभिव्यक्त किया: कठिन समय में भी उनके नेतृत्व में टाटा समूह को अद्वितीय रूप से एक दयालु नियोक्ता के रूप में देखा गया। इसने कभी धोखाधड़ी नहीं की, इसने अपने ऋणों का भुगतान किया, यह अपने उत्पादों के पीछे खड़ा रहा - और यह भले ही पूर्ण रूप से न सही मगर काफी हद तक घोटालों से मुक्त था।

खैर, यह एक ऐसे समूह के लिए बहुत कुछ कह रहा है जिसमें टीसीएस, टाटा स्टील, टाटा पावर और हाल ही में टाटा मोटर्स जैसी विशाल लाभ कमाने वाली कंपनियां शामिल है जो अब लाभ में आ गई हैं और वो भी इतनी अच्छी तरह!

रतन टाटा के निधन पर भारतीय इतने गहरे शोक में क्यों हैं? उनके प्रशंसनीय व्यक्तिगत गुणों... कोई भी नाम लीजिए और उनके पास वो हर एक गुण मौजूद था - सौम्य, आकर्षक, परिष्कृत, मृदुभाषी, हमेशा शांत, शर्मीले और अल्पभाषी, विनम्र, दृढ़ लेकिन कभी भी आक्रामक नहीं, सर्वोत्कृष्ट रूप से परोपकारी - के अलावा ऐसा मुख्य रूप से इसलिए है क्योंकि आज के युग में हम वास्तव में अनुकरणीय पुरुषों और महिलाओं की कमी महसूस करते हैं। वास्तविक जीवन के ऐसे नायक जिनका उदाहरण आप बिना किसी हिचकिचाहट के अपने बच्चों, अपने छात्रों, अपने व्यवसाय या उद्योग में अपने साथियों या शिष्यों को दे सकते हैं।

दिल की गहराइयों में हम सभी जानते हैं कि आज की दुनिया में ऐसे लोग ज्यादा नहीं हैं। एक वास्तविक जीवन का नायक जो हमारी युवा पीढ़ी को यह बता सके कि एक ऐसे भविष्य का सपना देखना ठीक है जहाँ आप अमीर, शक्तिशाली, अत्यधिक समृद्ध हो और साथ ही आप उन मूल्यों को भी अपनाते है जो आपके माता-पिता/शिक्षकों ने आपको सिखाए हैं और जिन्हें आपने अपनी पूरे जीवन बहुत प्रेम किया है। और उस यात्रा पर आप उन लोगों को अनदेखा कर सकते हैं जो आपको 'आदर्शवादी बेवकूफ' कहते हैं और आप इस पर अडिग रह सकते हैं। आप ठोकर खा सकते हैं मगर आप फिर से उठेंगे और अंततः विशाल प्रगति करेंगे।

निश्चित रूप से रतन टाटा भी उसी मिट्टी से बने थे जिससे महान व्यक्ति बनते है। उन्होंने पूरी पीढ़ी को यह उम्मीद दी कि कोई भी व्यक्ति एक ऐसा जीवन जी सकता है जिससे दूसरों के जीवन में उम्मीद जगे... और एक परोपकारी हृदय के माध्यम से दुनिया में बहुत कुछ अच्छा किया जा सकता हैं।

यह कुछ जाना-पहचाना लगता है, है ना?

रशीदा भगत

# सदस्यता सारांश

स्रोत: रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय

1 अक्टूबर 2024 तक

| रो ई मंडल | रोटरी क्लब | रोटेरियनों की संख्या | महिला रोटेरियन (%) | रोटरेक्ट क्लब | रोटरेक्ट सदस्य | इंटरेक्ट क्लब | आरसीसी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2981 | 139 | 5,931 | 5.58 | 56 | 106 | 32 | 254 |
| 2982 | 93 | 4,019 | 5.60 | 29 | 381 | 94 | 188 |
| 3000 | 148 | 6,283 | 11.92 | 62 | 741 | 238 | 218 |
| 3011 | 139 | 5,385 | 31.07 | 68 | 1,526 | 216 | 41 |
| 3012 | 163 | 4,037 | 24.30 | 52 | 680 | 104 | 61 |
| 3020 | 84 | 4,907 | 8.15 | 33 | 488 | 115 | 351 |
| 3030 | 100 | 5,601 | 16.12 | 57 | 847 | 490 | 388 |
| 3040 | 99 | 2,376 | 14.69 | 33 | 618 | 56 | 216 |
| 3053 | 75 | 3,125 | 16.83 | 23 | 333 | 39 | 131 |
| 3055 | 83 | 3,391 | 12.56 | 45 | 666 | 57 | 387 |
| 3056 | 87 | 3,777 | 25.13 | 19 | 152 | 99 | 201 |
| 3060 | 101 | 5,076 | 15.88 | 50 | 1,918 | 74 | 149 |
| 3070 | 117 | 3,089 | 15.44 | 32 | 173 | 63 | 63 |
| 3080 | 110 | 4,457 | 13.48 | 55 | 1,327 | 179 | 127 |
| 3090 | 134 | 2,687 | 7.15 | 20 | 351 | 355 | 173 |
| 3100 | 117 | 2,260 | 10.84 | 13 | 57 | 35 | 151 |
| 3110 | 137 | 3,722 | 12.06 | 18 | 140 | 87 | 114 |
| 3120 | 90 | 3,818 | 15.82 | 37 | 446 | 37 | 57 |
| 3131 | 141 | 5,652 | 35.12 | 114 | 1,996 | 290 | 197 |
| 3132 | 97 | 3,807 | 14.63 | 27 | 307 | 123 | 218 |
| 3141 | 120 | 6,393 | 28.06 | 108 | 1,884 | 192 | 245 |
| 3142 | 115 | 4,077 | 23.01 | 54 | 1,433 | 126 | 99 |
| 3150 | 108 | 4,064 | 12.62 | 80 | 1,202 | 119 | 130 |
| 3160 | 79 | 2,536 | 9.54 | 24 | 54 | 95 | 82 |
| 3170 | 145 | 6,683 | 15.20 | 87 | 1,023 | 179 | 182 |
| 3181 | 88 | 3,728 | 10.86 | 38 | 388 | 92 | 122 |
| 3182 | 85 | 3,679 | 10.71 | 45 | 213 | 106 | 104 |
| 3191 | 96 | 3,457 | 19.27 | 66 | 1,481 | 140 | 36 |
| 3192 | 93 | 3,727 | 21.95 | 53 | 1,261 | 149 | 40 |
| 3201 | 170 | 6,629 | 9.97 | 99 | 1,755 | 108 | 97 |
| 3203 | 97 | 5,095 | 7.36 | 35 | 531 | 145 | 39 |
| 3204 | 81 | 2,654 | 8.10 | 19 | 122 | 16 | 14 |
| 3211 | 161 | 5,208 | 8.81 | 7 | 52 | 25 | 135 |
| 3212 | 122 | 4,673 | 10.72 | 80 | 417 | 208 | 153 |
| 3231 | 95 | 3,746 | 7.29 | 28 | 318 | 57 | 417 |
| 3233 | 87 | 3,110 | 18.49 | 45 | 1,244 | 52 | 63 |
| 3234 | 96 | 3,641 | 23.92 | 57 | 1,463 | 86 | 41 |
| 3240 | 99 | 3,568 | 16.79 | 39 | 675 | 49 | 245 |
| 3250 | 112 | 4,422 | 23.27 | 32 | 445 | 61 | 192 |
| 3261 | 109 | 3,505 | 24.96 | 18 | 108 | 32 | 46 |
| 3262 | 116 | 3,894 | 15.69 | 81 | 746 | 647 | 288 |
| 3291 | 145 | 3,879 | 27.17 | | | 85 | 765 |
| **India Total** | **4,673** | **175,768** | | **1,938** | **30,068** | **5,552** | **7,220** |
| 3220 | 70 | 2,032 | 16.44 | 78 | 3,021 | 136 | 77 |
| 3271 | 112 | 1,527 | 20.69 | 102 | 421 | 275 | 28 |
| 0063 (3272) | 84 | 1,182 | 20.73 | 47 | 295 | 23 | 49 |
| 0064 (3281) | 283 | 5,901 | 18.18 | 190 | 999 | 120 | 211 |
| 0065 (3282) | 151 | 3,046 | 9.16 | 167 | 1,137 | 24 | 48 |
| 3292 | 161 | 5,602 | 19.30 | 165 | 5,126 | 121 | 139 |
| **S Asia Total** | **5,534** | **195,058** | **16.22** | **2,687** | **41,067** | **6,251** | **7,772** |

# निदेशक का संदेश

## रोटरी फाउंडेशन का समर्थन करने का आह्वान

साथी रोटेरियन,

हार्दिक शुभकामनाएँ!

हमारी रोटरी यात्रा सेवा करने और दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए एक साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है। इन प्रयासों के केंद्र में रोटरी फाउंडेशन है, जो एक ऐसा शक्तिशाली बल है जिससे हमारे सपने प्रभावशाली क्रियाओं में बदल जाते है। अपने कार्यक्रमों के माध्यम से यह फाउंडेशन वैश्विक चुनौतियों का समाधान करता है - शांति को बढ़ावा देना, बीमारी से लड़ना, स्वच्छ पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करना और शिक्षा का समर्थन करना आदि।

फिर भी, वर्तमान में केवल 30 प्रतिशत रोटेरियन ही इस उल्लेखनीय कार्य हेतु योगदान देते हैं। यह एक कार्यवाही का आह्वान है: रोटरी फाउंडेशन का समर्थन केवल एक जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह स्थायी परिवर्तन लाने का एक अवसर है। प्रत्येक योगदान चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो, उन परियोजनाओं को बढ़ावा देता है जो स्थानीय और वैश्विक स्तर पर जीवन को प्रभावित करती हैं। फाउंडेशन ने इस वर्ष के लिए 500 मिलियन डॉलर का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है और आपके समर्थन से हम इसे पूरा कर सकते हैं।

आपके योगदान का सीधा असर लोगों के जीवन पर पड़ता है। पचास प्रतिशत योगदान विश्व कोष में जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं का समर्थन करता है, जबकि दूसरा आधा हिस्सा मंडल/वैश्विक अनुदान के माध्यम से स्थानीय पहलों में निवेश किया जाता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि आपके योगदान स्थानीय और वैश्विक दोनों समुदायों को लाभान्वित करते है।

चूंकि हम 2024-25 की ओर बढ़ रहे हैं, हमारे फाउंडेशन न्यासी अध्यक्ष मार्क मालनी ने हमारे लिए पांच स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए हैं:

- उदाहरण द्वारा नेतृत्व: प्रत्येक रोटेरियन को वार्षिक निधि और अक्षय निधि में योगदान करना चाहिए।
- दानदाता बढ़ाएँ: अधिक रोटेरियनों को दान करने और हमारे प्रभाव को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें।
- पोलियो उन्मूलन का समर्थन करें: पोलियो उन्मूलन के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को जारी रखें।
- पॉल हैरिस सोसाइटी को बढ़ावा दें: अधिक सदस्यों को नियमित रूप से जुड़ने और योगदान देने हेतु प्रेरित करें।
- मिलियन डॉलर के कार्यक्रमों का आयोजन: महत्वपूर्ण धन संचयन कार्यक्रमों के माध्यम से अक्षय निधि के लिए जागरूकता बढ़ाकर धन संचित करें।

अंत में, हमारे पास इस वर्ष को पूरा करने का एक संकल्प है: हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी अक्षय निधि *जून 2025 तक 2.025 बिलियन डॉलर* तक पहुंच जाए। वर्तमान में हम इस लक्ष्य से 270 मिलियन डॉलर दूर हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम रोटेरियनों को अक्षय निधि में योगदान करने हेतु प्रोत्साहित करें और रोटरी के मिशन के दीर्घकालिक प्रभाव का समर्थन करते हुए उनकी विरासत को सुरक्षित करने में मदद करें।

चलिए हम अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करें और इन लक्ष्यों के पीछे की एक प्रेरक शक्ति बनें। प्रत्येक डॉलर से फर्क पड़ता है और एक साथ मिलकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए उम्मीद के बीज बोते रहेंगे। आपके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद।

**अनिरुद्धा रॉयचौधरी**
रो ई निदेशक, 2023-25

फाउंडेशन ट्रस्टी अध्यक्ष का संदेश

# मन और कर्म

हमारे रोटरी संस्थान के माध्यम से, रोटरी के पास ऐसे अप्रत्याशित अनुभव और नए अवसर प्रदान करने की कुशलता है जिससे नए दरवाजे खुलते हैं और जिंदगियां परिवर्तित होती हैं।

मैंने इस बात को 30 साल की उम्र में पहली बार सीखा जब मैंने रोटरी क्लब ऑफ डेकाटूर, अलबामा, के अध्यक्ष के रूप में सेवाएं दी। उस साल, मेरी पत्नी और मैंने कुछ नया करने की कोशिश का मौका चाहा: कैनसस सिटी, मिसूरी, में 1985 रोटरी इंटरनेशनल कन्वेंशन में भाग लेना। वहां, हमने पोलियोप्लस की शुरुआत देखी और विभिन्न पृष्ठभूमि के सदस्यों से मुलाकात की, यह महसूस करते हुए कि हम एक वैश्विक परिवार का हिस्सा थे।

उस वर्ष बाद में, मुझे पता चला कि नाइजीरिया की एक रोटरी ग्रुप स्टडी एक्सचेंज टीम अलबामा का दौरा करने वाली थी, लेकिन डेकाटुर एजेंडे में नहीं था। कुछ कॉल करने के बाद, हमने जल्द ही नाइजीरियाई टीम का अपने घर में स्वागत किया। वह एक अविश्वसनीय और अप्रत्याशित अनुभव था।

समूह के प्रस्थान करने से पहले, टीम लीडर ने मुझे अगले वर्ष नाइजीरिया का दौरा करने के लिए अलबामा से छह सदस्यीय टीम का नेतृत्व करने की सिफारिश की, जो मैंने किया। वहां, मैं उन लोगों से मिला जिनका जीवन पोलियो से प्रभावित हुआ था, जिसमें हमारे मेजबानों के कई परिवार के सदस्य भी शामिल थे। मैंने जाना कि पोलियो सीमाओं, अर्थव्यवस्थाओं और धर्मों की परवाह किये बिना लोगों को पीड़ित करता है।

संस्थान के उस कार्यक्रम - ग्रुप स्टडी एक्सचेंज - ने मेरी उस बात को लेकर आँखें खोल दी कि रोटरी क्या है और यह क्या कर सकती है। एक्सचेंज में भाग लेने के बाद में से मैं नए दोस्त बनाने एवं कई महाद्वीपों पर लोगों की सेवा करने के मार्ग पर अग्रसर हुआ।

जिस तरह रोटरी संस्थान ने मेरे रोटरी जीवन को समृद्ध बनाया है, ठीक ऐसा ही आपके साथ भी हो सकता है। इस महीने, रोटरी संस्थान माह के दौरान, मैं आपको संस्थान के नए अनुभवों से परिचित होने के लिए आमंत्रित करता हूं।

उन तरीकों की तलाश करें जिनसे आप और आपका क्लब संस्थान के नेतृत्व वाले प्रयासों जैसे पोलियो उन्मूलन, आपदा प्रतिक्रिया, या रोटरी शांति केंद्रों का समर्थन कर सकते हैं। वैश्विक अनुदान या मंडल अनुदान परियोजनाओं में शामिल हों। और यदि आपको हमारे संस्थान में दान करने का अनुभव कभी नहीं हुआ है, तो मैं आपको संस्थान के दानकर्ता के रूप में अन्य रोटरी सदस्यों के साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं। आपका समर्थन मदद करने के लिए तैयार रोटरी सदस्यों एवं उस मदद के जरूरतमंद समुदायों दोनों के लिए बहुत मायने रखेगा।

**मार्क डेनियल मलोनी**
ट्रस्टी अध्यक्ष, द रोटरी फौउंडेशन



## गवर्नर्स काउंसिल

| | |
|---|---|
| RID 2981 | बस्करन एस |
| RID 2982 | शिवकुमार वी |
| RID 3000 | राजा गोविंदसामी आर |
| RID 3011 | महेश पी त्रिखा |
| RID 3012 | प्रशांत राज शर्मा |
| RID 3020 | डॉ एम वेंकटेश्वर राव |
| RID 3030 | राजिंदर सिंह खुराना |
| RID 3040 | अनीश मलिक |
| RID 3053 | राहुल श्रीवास्तव |
| RID 3055 | मोहन पाराशर |
| RID 3056 | डॉ राखी गुप्ता |
| RID 3060 | तुषार शाह |
| RID 3070 | डॉ परमिंदर सिंह ग्रोवर |
| RID 3080 | राजपाल सिंह |
| RID 3090 | डॉ संदीप चौहान |
| RID 3100 | दीपा खन्ना |
| RID 3110 | नीरव निमेश अग्रवाल |
| RID 3120 | परितोष बजाज |
| RID 3131 | शीतल शरद शाह |
| RID 3132 | डॉ सुरेश हीरालाल साबू |
| RID 3141 | चेतन देसाई |
| RID 3142 | दिनेश मेहता |
| RID 3150 | शरथ चौधरी कटरागड्डा |
| RID 3160 | डॉ साधु गोपाल कृष्ण |
| RID 3170 | शरद पाई |
| RID 3181 | विक्रमदत्त |
| RID 3182 | देव आनंद |
| RID 3191 | सतीश माधवन कननोर |
| RID 3192 | एन एस महादेव प्रसाद |
| RID 3201 | सुंदरवदिवेलु एन |
| RID 3203 | डॉ एस सुरेश बाबू |
| RID 3204 | डॉ संतोष श्रीधर |
| RID 3211 | सुधी जब्बार |
| RID 3212 | मीरनखान सलीम |
| RID 3231 | राजनबाबू एम |
| RID 3233 | महावीर चंद बोथरा |
| RID 3234 | एन एस सरवनन |
| RID 3240 | सुखमिंदर सिंह |
| RID 3250 | बिपिन चाचान |
| RID 3261 | अखिल मिश्रा |
| RID 3262 | यज्ञनिस महापात्रा |
| RID 3291 | डॉ कृष्णेंदु गुप्ता |

प्रकाशक एवं मुद्रक **पी टी प्रभाकर**, 15 शिवास्वामी स्ट्रीट, मायलापोर, चेन्नई - 600004, रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट के लिए रासी ग्राफिक्स प्राइवेट लिमिटेड, 40, पीटर्स रोड, रोयापेट्टा, चेन्नई - 600014 से मुद्रित एवं रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट, दुगड़ टावरस, 3rd फ्लोर, 34 मार्शलस रोड, एगमोर, चेन्नई - 600008 से प्रकाशित।
संपादक: **रशीदा भगत**

योगदान का स्वागत है लेकिन संपादित किया जाएगा। प्रकाशित सामग्री का आरएनटी की अनुमति सहित, यथोचित श्रेय देते हुए प्रयोग किया जा सकता है।

Website

## न्यासी मंडल

| | |
|---|---|
| राजु सुब्रमण्यन<br>**रो ई निदेशक और अध्यक्ष, रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट** | RID 3141 |
| अनिरुधा रॉयचौधरी<br>**रो ई निदेशक** | RID 3291 |
| डॉ भरत पांड्या<br>**टीआरएफ ट्रस्टी** | RID 3141 |
| राजेंद्र के साबू | RID 3080 |
| कल्याण बेनर्जी | RID 3060 |
| शेखर मेहता | RID 3291 |
| अशोक महाजन | RID 3141 |
| पी टी प्रभाकर | RID 3234 |
| डॉ मनोज डी देसाई | RID 3060 |
| सी भास्कर | RID 3000 |
| कमल संघवी | RID 3250 |
| डॉ महेश कोटबागी | RID 3131 |
| ए एस वेंकटेश | RID 3234 |
| गुलाम ए वाहनवती | RID 3141 |

## निर्वाचित रो ई निदेशक

| | |
|---|---|
| एम मुरुगानंदम | RID 3000 |
| के पी नागेश | RID 3191 |

**कार्यकारी समिति के सदस्य (2024-25)**

| | |
|---|---|
| एन एस महादेव प्रसाद<br>**अध्यक्ष, गवर्नर्स काउंसिल** | RID 3192 |
| अखिल मिश्रा<br>**सचिव, गवर्नर्स काउंसिल** | RID 3261 |
| आर राजा गोविंदसामी<br>**कोषाध्यक्ष, गवर्नर्स काउंसिल** | RID 3000 |
| राखी गुप्ता<br>**सलाहकार, गवर्नर्स काउंसिल** | RID 3056 |



**संपादक**
रशीदा भगत

**उप संपादक**
जयश्री पद्मनाभन

**प्रशासन और विज्ञापन प्रबंधक**
विश्वनाथन के

**रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट**
3rd फ्लोर, दुगर टावर्स, 34 मार्शल रोड, एग्मोर
चेन्नई 600 008, भारत
फोन: 044 42145666
*rotarynews@rosaonline.org*
*www.rotarynewsonline.org*

Magazine


टीआरएफ ट्रस्टी का संदेश

# अपनी उदारता से जिंदगियों को सशक्त बनाएं

रोटरी संस्थान का मकसद सीधा सा है: स्वास्थ्य में सुधार, शिक्षा का समर्थन और गरीबी उन्मूलन के माध्यम से वैश्विक समझ, सद्भावना और शांति को आगे बढ़ाने में रोटेरियनों को सक्षम बनाना। इन वर्षों में, यह दुनिया के सबसे सम्मानित मानवीय संगठनों में से एक बन गया है, जिसमें महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से की जाने वाली परियोजनाओं के लिए योगदान मिलते है।

जैसा कि हम रोशनी के त्योहार दिवाली का जश्न मनाते है, यह टीआरएफ और इसके कई सार्थक कार्यक्रमों के माध्यम से दूसरों के जीवन को रोशन करने का अच्छा समय है। रोटरी की परियोजनाओं को स्थिरता को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाता है।

टीआरएफ ने अपनी वित्तीय पारदर्शिता और धन के कुशल उपयोग के लिए चैरिटी नेविगेटर जैसे स्वतंत्र चैरिटी मूल्यांकनकर्ताओं से लगातार उच्च रेटिंग अर्जित की है। 92 प्रतिशत से अधिक योगदान सीधे कार्यक्रमों पर खर्च किए जाते है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि दान वास्तव में एक अंतर लाये। चैरिटी नेविगेटर ने टीआरएफ को लगातार 16वें साल 4-स्टार रेटिंग दी है।

फाउंडेशन की सर्वोच्च प्राथमिकता एंड पोलियो नाउ अभियान है। रोटरी सदस्यों ने 122 देशों में लगभग 3 बिलियन बच्चों को इस अपंग बनाने वाली बीमारी से बचाने के लिए 2.7 बिलियन डॉलर से अधिक और अनगिनत स्वयंसेवक घंटों का योगदान दिया है। रोटरी की वकालत ने सरकारों द्वारा इस प्रयास में 10 बिलियन डॉलर से अधिक का योगदान करने में निर्णायक भूमिका निभाई है। पोलियो को समाप्त करना पैसे के बारे में नहीं है, बल्कि दुनिया के बच्चों को बचाने और उनकी रक्षा करने के बारे में है।

हमारे एंड पोलियो नाउ फंड का समर्थन करना महत्वपूर्ण है। अपने मंडल की पोलियोप्लस सोसाइटी में शामिल हों और इस ऐतिहासिक क्षण में सभी सदस्यों को शामिल करें जब हम पोलियो को हमेशा के लिए समाप्त करने के इतने करीब है। और यह मत भूलिए कि गेट्स फाउंडेशन प्रत्येक डॉलर के लिए दो डॉलर के मिलान के साथ पोलियो उन्मूलन के लिए रोटरी के दान को बढ़ाना जारी रखता है।

प्राचीन ग्रंथ हमें बताते है कि गुमनाम दान देने का सबसे अच्छा रूप है; जहां न तो दाता और न ही प्राप्तकर्ता एक दूसरे को जानते है और जहां देने से प्राप्तकर्ता को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलती है। फाउंडेशन में योगदान ऐसे ही दान का एक रूप है। जब हम टीआरएफ में योगदान देते है तो हमें नहीं पता होता कि दुनिया के किस हिस्से में किसे फायदा होगा; लेकिन लाभार्थियों की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दानकर्ता को बारंबार मिलते रहेंगे।

रोटरी फाउंडेशन के प्रति आपके समर्पण के लिए धन्यवाद। यह देखभाल, दया और उदारता के आपके कार्य ही है जो दुनिया में अच्छा करने के हमारे मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। यही रोटरी फाउंडेशन का जादू है।

**भरत पांड्या**
टीआरएफ ट्रस्टी

# भारत ने एक बार फिर अपना कोहिनूर खो दिया

**रशीदा भगत**

रतन टाटा

प्रतिष्ठित सज्जन उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर पूरा देश शोकाकुल है, और जब आप टाटा समूह की कंपनियों में कई दशकों के उनके शानदार करियर को देखते हैं, तो आप उस सादगी और विनयशीलता को देखकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं जिसके साथ उन्होंने अपना जीवन जीया, और एक आम आदमी के साथ भी शिष्टाचार के साथ पेश आये। उनके परोपकार की कहानी आपको आश्चर्यचकित कर देगी।

जैसे ही उनके निधन की खबर पूरे देश में आग की तरह फैली, श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया। अमीर और प्रसिद्ध हस्तियों, बिजनेस टाइकून और औद्योगिक दिग्गजों ने निश्चित रूप से श्रद्धांजलि अर्पित की, लेकिन कुछ गुमनाम नायक थे जिन्होंने वास्तव में उस सच्चे एवं गहरे दर्द का अनुभव किया जिसे लाखों भारतीयों ने अपने दिलों में महसूस किया था। मवह आदमी जिससे कोई नफरत नहीं करता था अब नहीं रहा,फ सोशल मीडिया पर एक अज्ञात व्यक्ति के इस साधारण संदेश ने उस महान आदमी के सार को अभिव्यक्त किया।

निर्विवाद रूप से भारत के व्यापारिक नायकों के बीच सर्वाधिक प्रशंसित, विशेष रूप से उन नैतिक तरीके के लिए जिसे अपनाकर उन्होंने भारत के सबसे भरोसेमंद व्यापारिक साम्राज्यों में से एक का नेतृत्व किया, वह रतन टाटा थे, जिन्हें महान जेआरडी टाटा ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में चुना था, जिन्होंने पहले से ही एक विश्वसनीय ब्रांड वाली टाटा समूह की कंपनियों को जगुआर और लैंड रोवर जैसे अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के साथ एक बेहद सफल बहुराष्ट्रीय निगम में तब्दील किया। जगुआर और लैंड रोवर के अधिग्रहण की बहुत ही दिलचस्प कहानी पर हम इस श्रद्धांजलि में आगे बात करेंगे।

2020 में पोस्ट किए गए एक फेसबुक साक्षात्कार में, टाटा ने अपने बचपन को याद करते हुए कहा: मेरा बचपन खुशहाल था, लेकिन जैसे-जैसे मैं और मेरे भाई बड़े होते गए, हमें अपने माता-पिता के तलाक के कारण रैगिंग और व्यक्तिगत परेशानी का सामना करना पड़ा क्योंकि उन दिनों में तलाक उतना आम नहीं था जितना कि आज है। इस बात को समझना मुश्किल है कि एक कैसे ऐसे व्यक्ति के पूरे व्यक्तित्व में चकाचौंध का तिनका मात्र भी मौजूद नहीं था, जिसने बचपन से अपना पूरा जीवन ही विलासिता के बीच में बिताया। वह सचमुच में बॉम्बे के एक महल में बड़े हुए थे, जिसमें लगभग 50 घरेलू सहायक थे, और हाई स्कूल के लिए अमेरिका जाने से पहले वह एक लक्जरी डिलेज कार में स्कूल जाते थे।

उन्होंने कॉर्नेल विश्वविद्यालय से संरचनात्मक इंजीनियरिंग और वास्तुकला में डिग्री हासिल की। उन्होंने शुरू में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के लिए दाखिला लिया था, लेकिन दो साल बाद अपना विषय बदल दिया। उन्होंने कई वर्षों तक कॉर्नेल बोर्ड में न्यासी के रूप में कार्य किया, और उसके सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय दानकर्ता रहे, जिसके तहत भारत के 89 छात्रों को 305 टाटा छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं।

दान के लिए टाटा परिवार की प्रवृत्ति के अनुरूप, परोपकार उनका दूसरा स्वभाव था, और वह जानवरों से भी बहुत प्यार करते थे। अपने बाद के वर्षों में उन्होंने कई स्टार्टअप्स की मदद की और जानवरों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं भी स्थापित कीं।

लेकिन अपने अमीर परिवार और अंतरराष्ट्रीय पहुँच, और महँगी कारों एवं विमानों के लिए उनके शौक के बावजूद, वह एक शर्मीले व्यक्ति थे, जो सार्वजनिकता और लाइमलाइट से

*युवा दिन - भाई जिमी टाटा के साथ।*

दूर रहते थे, बहुत कम सार्वजनिक उपस्थिति देते थे और काफी अकेले रहते थे। उनकी विनम्रता और करिश्माई व्यक्तित्व इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण थे कि कैसे एक बेहद सफल व्यक्ति अपने आचरण में शालीन हो सकता है।

लगभग सभी औद्योगिक एवं व्यापारिक दिग्गजों के पास रतन टाटा के साथ अपने किस्से है, लेकिन इंफोसिस के सह-संस्थापक एन आर नारायण मूर्ति ने उसे बहुत ही सफाई से अभिव्यक्त किया जब उन्होंने उन्हें सक्षम, विनम्र, शिष्ट, जिज्ञासु, चिन्ताशील और देशभक्त बताया। दुर्लभ अवसरों पर जब वह असहमत हुए, तो उनसे असहमत नहीं रहा जा सकता था। चाहे वह एक किशोर से बात कर रहे हो या एक अति सम्मानित वरिष्ठ व्यवसायी व्यक्ति से, उनकी सच्चाई, ज्ञान की गहराई और उनका शिष्टाचार सहजता से दमकता था।

भले ही टाटा अपने पीछे एक ऐसे समूह की विरासत छोड़ गए हैं जो नमक से लेकर सॉफ्टवेयर सब कुछ बनाता है, और जिसकी पहुंच और मुनाफा उनके समय के दौरान कई गुना बढ़ गया, ऐसा नहीं था कि उन्हें अपमान, कड़ा विरोध और विफलताओं (टेलीसर्विसेज) का सामना नहीं करना पड़ा, और अपने शुरूआती वर्षों में उनके नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह नहीं झेलना पड़ा। उनका सपना, नैनो कार, विफल साबित हुआ, ब्रिटिश स्टील दिग्गज

# एक AKS सदस्य

*रोटेरियन अक्षय मेहता, पीडीजी गोपाल राय मंधानिया, रतन टाटा और रोटरी क्लब बॉम्बे के पूर्व अध्यक्ष नीरव शाह।*

क्या आप जानते हैं कि रतन टाटा एक एकेएस सदस्य थे? यह सभी जानते है कि जेआरडी रोटरी क्लब बॉम्बे के सदस्य थे और इसकी साप्ताहिक बैठकों में भाग लेना पसंद करते थे। खैर, रतन टाटा भी 25 से अधिक वर्षों तक इस क्लब के मानद सदस्य थे!

2017 में, उनसे की गई थोड़ी बातचीत के बाद, वह एकेएस सदस्य बन गए, और उन्होंने टाटा एजुकेशन एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट से 250,000 डॉलर का एक चेक क्लब के पूर्व अध्यक्ष नीरव शाह को तत्कालीन रो ई मंडल 3141 के डीजी गोपाल मंधानिया की उपस्थिति में सौंप दिया। इसके साथ, वह 2016-17 के दौरान रोटरी क्लब बॉम्बे के चौथे एकेएस सदस्य बने। टाटा को एकेएस सदस्यों की प्रतिष्ठित गैलरी में शामिल किए जाने के बारे में बात करते हुए, नीरव शाह ने कहा कि कुछ महीने पहले, उन्हें एक दोस्त ने कहा था कि रतन टाटा कुछ 500 विंटेज कारों को देखना चाहते है। ''मैंने कहा कि मैं इसका आयोजन करूंगा, लेकिन बदले में मुझे टाटा के साथ एक मुलाकात चाहिए।'' उस बैठक में शाह ने टाटा से व्यक्तिगत अनुरोध किया, और यह संभव हुआ!■

कोरस का अधिग्रहण एक आपदा थी, और टाटा टेलीसर्विसेज व्यवसाय एक नाकामयाबी रही।

लेकिन यकीनन उन्हें सबसे कठिन समय का सामना 1980 के दशक के अंत में तत्कालीन टिस्को (टाटा स्टील) के प्रमुख रूसी मोदी से करना पड़ा था। 1991 में, जब जेआरडी टाटा ने पद छोड़ने और टाटा समूह की बागडोर रतन टाटा को सौंपने का फैसला किया, तो इस फैसले को व्यापक अविश्वास का सामना करना पड़ा क्योंकि मोदी जैसे कई वरिष्ठ दावेदार थे, जिन्होंने वास्तव में युवा नौसिखिया की जेआरडी की पसंद का विरोध किया था।

टिस्को पहले से ही एक दिग्गज कंपनी थी और मोदी दशकों तक जेआरडी के भरोसेमंद लेफ्टिनेंट रहे थे, और उस कंपनी के सीएमडी के रूप में, उन्होंने रतन टाटा की न केवल अवहेलना करने बल्कि उनके खिलाफ विद्रोह करने का फैसला किया। उस समय के प्रमुख राजनेताओं के साथ कई दिलचस्प खेल खेले गए और जेआरडी, जो



*1998 में टाटा इंडिका के लॉन्च के बाद।*

## रतन टाटा के कुछ प्रसिद्ध उद्धरण

- जिस दिन मैं उड़ ना पाऊ वह मेरे लिए एक दुखद दिन होगा।
- जीवन में उतार-चढ़ाव हमारे आगे बढ़ते रहने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ईसीजी में भी एक सीधी रेखा का मतलब होता है कि हम जीवित नहीं हैं।
- चुनौतियों का सामना करने के लिए जिद्दी और लचीला रहें, क्योंकि वे सफलता की सीढ़ी का काम करती हैं।
- लोग आप पर जो पत्थर फेंकते हैं, उन्हें लीजिए और उनका उपयोग स्मारक बनाने में कीजिए।
- यदि आप तेजी से चलना चाहते हैं, तो अकेले चलिए। लेकिन यदि आप दूर तक चलना चाहते हैं, तो साथ चलिए।

अपने जीवन में कभी राजनेताओं के आगे नहीं झुके, को 1992 में दिल्ली जाने और तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव और वित्तमंत्री मनमोहन सिंह से मिलने के लिए मजबूर होना पड़ा, ताकि रतन की पैरवी की जा सके, जिन्हें उन्होंने टाटा संस के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया था। लेकिन दोनों ने जेआरडी को अपना मंत्र देकर वापस भेज दिया - टाटा के लिए बेहतर होगा कि वे अपने मामलों को स्वयं सुलझाएं और अपनी समस्याओं को आंतरिक रूप से हल करें।

कई उतार-चढ़ाव के बाद, रतन टाटा ने टाटा संस के बोर्ड को 75 साल की उम्र में सभी कंपनियों के चेयरमैनों को सेवानिवृत्त करने का प्रस्ताव पारित करने के लिए राज़ी किया। तब वह खुद 54 साल के थे। भले ही इस फैसले ने टाटा खेमे के सभी पुराने नामों को प्रभावित किया, जिनमें दरबारी सेठ, एस ए सबावाला, जमशेद भाभा, नानी पालखीवाला, आदि शामिल थे, मोदी, जो उस समय 74 वर्ष के थे, ने इसे व्यक्तिगत रूप से लिया और एक खामी ढूंढी कि तकनीकी रूप से टिस्को टाटा संस के प्रति जवाबदेह नहीं था और होल्डिंग कंपनी अपने आदेश को अमल में लाने के लिए आर्थिक ताकत का इस्तेमाल नहीं कर सकती थी।

मोदी ने राजनीतिक समर्थन हासिल किया, ट्रेड यूनियनों को अपने पक्ष में कर लिया, और वास्तव में जेआरडी के नए उत्तराधिकारी के लिए बहुत सारी अड़चनें खड़ी कर दी। लेकिन आखिरकार, रतन टाटा ने उस व्यक्ति को पछाड़ दिया जो उनके जन्म के समय टाटा ग्रुप में शामिल हुए थे - ठीक 54 साल पहले।

रतन टाटा को अगली बड़ी परीक्षा टाटा मोटर्स में देनी पड़ी, जहां 1998 में, उनकी व्यक्तिगत रुचि, पहल और मार्गदर्शन में, टाटा इंडिका, भारत की पहली स्वदेशी डिजाइन और निर्मित कार लॉन्च की गई थी। टाटा का सपना उन जापानी और अमेरिकी कारों से टक्कर लेने का था जो उस समय भारतीय बाजार में आ रही थीं। लेकिन इंडिका की बिक्री सुस्त थी, और कंपनी की वित्तीय स्थित इतनी खराब थी कि रतन टाटा को टाटा मोटर्स को बेचने पर विचार करना पड़ा।



*एक धुन बजाते हुए।*



*क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के साथ।*



*पुणे में टाटा एस्टेट के लॉन्च समारोह में जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा के साथ।*

फोर्ड मोटर्स खरीददारों में एक दावेदार था, और 1999 में, टाटा के अध्यक्ष, अपनी टीम के साथ, बिक्री पर बातचीत करने के लिए अमेरिका गए। उस बैठक में, फोर्ड के अध्यक्ष, बिल फोर्ड ने रतन टाटा को ताना मारा कि वह यात्री कार सेगमेंट को समझे बिना ही इसमें आ गये, और यहां तक कहा कि वह टाटा मोटर्स खरीदकर उन पर एहसान कर रहे हैं!

इस अपमान का घूंट ना पीते हुए, टाटा बाहर चले गए, सौदे को रद्द कर दिया, और अपनी कभी हार न मानने की भावना से प्रेरणा लेते हुए, अपनी यात्री कार सेगमेंट पर बहुत मेहनत करने, वाहनों की ईंधन दक्षता में सुधार करने, उन्हें सुरक्षित बनाने, आदि का संकल्प लिया। परिणाम टाटा मोटर्स को ईवी यात्री कार सेगमेंट में मिल रही जबरदस्त सफलता से देखे जा सकते हैं, इसकी शेयर के भाव 2019 में लगभग ₹67 के निचले स्तर से बढ़कर 2024 में ₹1,179 के उच्च स्तर पर पहुंच गए है!

2008 की महामंदी के दौरान रतन टाटा को अपने अपमान का बदला लेने का मौका मिला, जब फोर्ड मोटर्स को वोल्वो और हट्र्ज जैसी अपनी कई सहायक कंपनियों को बेचना पड़ा, और घाटे में चल रही जगुआर और लैंड रोवर को खरीदने के लिए खरीददारों की तलाश कर रही थी। रतन टाटा की व्यक्तिगत रुचि और लक्जरी कारों के प्रति जुनून से प्रेरित टाटा मोटर्स ने इस सौदे को पूरा किया। इतना ही नहीं, टाटा मोटर्स ने इन व्यवसायों को दुनिया के कुछ सबसे लाभदायक ऑटोमोबाइल डिवीजनों में बदल दिया!

जैसा कि दशकों से भारत के सबसे चहेते बिजनेस लीडर के लिए प्रशंसा के ढेर लग रहे है, इस व्यक्ति को उदाहरण के द्वारा यह दिखाने के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाएगा कि भारत में रिश्वत और भ्रष्टाचार के बिना अत्यंत लाभदायक व्यवसाय करना संभव है। उनके नेतृत्व में, टाटा ब्रांड से जुड़ी अखंडता ने नई ऊंचाइयों को छुआ। ब्रिटिश साप्ताहिक *द इकोनॉमिस्ट* ने टिप्पणी करते हुए इसे बड़े अच्छे से अभिव्यक्त किया: कठिन समय में भी, उनके नेतृत्व में टाटा समूह को एक कृपालु नियोक्ता के रूप में देखा गया। इसने कभी छल नहीं किया, इसने अपने ऋणों का भुगतान किया, यह अपने उत्पादों के पीछे खड़ा रहा - और यह काफी हद तक, यदि पूरी तरह से नहीं तो, घोटाले से मुक्त रहा।

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

# पुराने विचारों वाले सदस्यों से प्रभावित रोटरी सदस्यता

**रशीदा भगत**

अपनी हालिया भारत यात्रा के दौरान नवनिर्वाचित रो ई अध्यक्ष मारियो डी कैमार्गो ने *रोटरी न्यूज़* के साथ साक्षात्कार के लिए मदुरै में कुछ समय निकाला। हमेशा की तरह स्पष्टवादी होने के नाते वो कभी भी घुमा-फिरा कर बातें नहीं करते इसलिए उन्होंने रोटरी की स्थिरता और कुछ देशों में रोटरी की गिरती सदस्यता के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा इसलिए हो रहा है ''क्योंकि हम अभी भी पुरुष, गोरा रंग और पुराने विचारों वाले सदस्यों से प्रभावित है।''

भारत की सदस्यता वृद्धि, टीआरएफ योगदान और सेवा परियोजनाओं की सराहना करने के साथ उन्होंने यह भी कहा कि फर्जी क्लब और चुनावी विवादों जैसे नकारात्मक पहलू इसकी छवि को खराब कर रहे है और भारत द्वारा एक सम्मेलन आयोजित किए जाने के रास्ते में खड़े है क्योंकि एक रोटरी सम्मेलन केवल उन देशों में आयोजित किया जाता है ''जहाँ रोटरी में शांति है।''



*RIPE मारियो डी कामार्गो*

पेश हैं इंटरव्यू के अंश:

**आप भारत में रोटरी की ताकत और कमजोरियों को कैसे परिभाषित करेंगे?**

स्पष्ट रूप से रोटरी की ताकत इसकी सदस्यता और रोटरी फाउंडेशन को मिलने वाला योगदान है। मैं आपको आँकड़े बताता हूँ। 2004 में भारत में लगभग 85,000 रोटेरियन थे; आज यह 170,000 है। इसलिए 20 वर्षों की अवधि में इसकी सदस्यता में 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मैं कभी भी केवल एक या दो साल की बात नहीं करता। मैं हमेशा एक दौर पर विचार करता हूँ... ग्राफ की डिजाइन को देखता हूँ। भारत के लिए यह ग्राफ बढ़त में है। वास्तव में भारत ने पिछले 20 वर्षों में दुनिया भर में रोटरी की सदस्यता में उच्चतम वृद्धि प्रस्तुत की है। अवधि... यही एक तथ्य है।

दूसरा, वर्षों पहले टीआरएफ में भारत का योगदान/दान/निवेश मेरे देश ब्राज़ील के

बराबर था। लगभग 5 मिलियन डॉलर प्रति वर्ष। ब्राज़ील अभी भी 5 मिलियन डॉलर के आँकड़े पर है और भारत 32 मिलियन डॉलर के आँकड़े पर (पिछले रोटरी वर्ष में)।

**आपको ऐसा क्यों लगता है? क्योंकि ब्राज़ील भी विकसित होकर एक आर्थिक महाशक्ति बन गया है।**

क्योंकि भारत ने सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू किया है। मुझे अपने (दिवंगत) मित्र सुशील गुप्ता के साथ इस बारे में चर्चा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जब सरकार... भारतीय संसद और टीआरएफ में इस प्रक्रिया पर चर्चा और मूल्यांकन किया जा रहा था।

**हम किस वर्ष की बात कर रहे हैं?**

वर्ष 2016; जब मैं सुशील गुप्ता के साथ टीआरएफ का न्यासी था। इसलिए बेशक मैंने इस प्रगति का अनुसरण किया। सुशील ने भारत के राजनीतिक जगत के भीतर उस विचार के विकास का बहुत करीब से देखा है। और हम हमेशा कुछ विचारों का आदान-प्रदान करते थे क्योंकि ब्राज़ील में भी एक समान कानून है लेकिन उसे कभी भी भारत की तरह लागू नहीं किया गया। हालांकि यह भारतीय नीति की तुलना में अधिक उदार है मगर यह सीमित क्षेत्रों में ही निवेश करने के लिए केंद्रित है इसलिए व्यावहारिक रूप से बहुत कम उद्यम इसका लाभ उठाते हैं।

भारत में अब आप सीएसआर परियोजनाओं का एक विस्फोट देख सकते हैं इसका पहला कारण मेरे हिसाब से यह है कि यहाँ आपके पास गैर सरकारी संगठनों और व्यापार जगत के बीच बहुत गहरे संबंध हैं इसलिए लोग इससे ज्यादा जुड़े हुए है।

दूसरा कारण यह है कि भारत में यह कानून अनिवार्य है, कंपनियों को एक निश्चित स्तर के राजस्व से ऊपर अपने शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत सामाजिक कार्यक्रमों में निवेश करना होता है। ब्राज़ील में यह वैकल्पिक है। इससे बहुत फर्क पड़ता है। बहुत सारी कंपनियां इस विषय में चुप रहती है और पैसा सिर्फ सरकार के पास चला जाता है। क्योंकि जब आप उस पैसे को निवेश करने के लिए किसी विशिष्ट परियोजना को नियुक्त या आवंटित नहीं करते तब तक यह सिर्फ राष्ट्रीय संघीय सरकार के खजाने में ही रहता है।

**सदस्यता वृद्धि पर, क्या आप भारतीय रोटरी में महिलाओं की संख्या वृद्धि से खुश हैं?**

मुझे लगता है कि भारत सही रास्ते पर है। यह अमेरिका की तरह रोटरी में महिलाओं की साझेदारी के स्तर तक नहीं पहुंचा है, जहाँ महिलाओं की संख्या एक तिहाई हैं और उसी तरह ब्राज़ील में भी हर तीन रोटेरियनों में से एक महिला हैं।

**क्या आप भारत में रोटरी द्वारा की जाने वाली परियोजनाओं से खुश हैं?**

हां, क्योंकि भारतीय रोटेरियन फाउंडेशन को दे रहे हैं/निवेश कर रहे हैं और फिर धन का उपयोग परियोजनाओं में कर रहे हैं। बेशक भारत रोटरी निधि के उपयोग में अग्रणी है।

**जो रोटरी की सार्वजनिक छवि के लिए वास्तव में अच्छा है क्योंकि इन परियोजनाओं के माध्यम से रोटरी के काम दिखाई देते है।**

यही कारण है कि भारत में रोटरी की सदस्यता बढ़ रही है क्योंकि अधिक परियोजनाएं करने से वो अधिक लोगों की नज़र में आती है इसलिए एक बेहतर सार्वजनिक छवि प्राप्त होती है जिससे आप अधिक रोटेरियनों को आकर्षित करते हैं। यह भी भारत में उभरते मध्यम वर्ग के साथ जुड़ा हुआ है। जब मैं 2008 में पहली बार भारत आया था, तो यह एक अलग देश था।

> अलग-अलग तरीके से विभाजित होना, रोटरी नही हैं। भारत के लिए एक कन्वेंशन का दावा करने के लिए आपको भारत में एकजुट होना चाहिए। सच्ची रोटरी सच्चे क्लबों और सच्ची सदस्यता से शुरू होती है।

## डीईआई के कई रंग

यह पूछे जाने पर कि क्या वह रोटरी में डीईआई के काम करने के तरीके से खुश हैं, तो नवनिर्वाचित रो ई अध्यक्ष मारियो डी कामार्गो की यह प्रतिक्रिया थी:

''डीईआई की शुरुआत की रफ्तार अलग-अलग हैं। मैं पिछले सप्ताहांत टोरंटो, कनाडा में था। यहीं से डीईआई की शुरुआत हुई, ऊपरी उत्तरी अमेरिका और कनाडा में। मैंने उन्हें बताया कि डीईआई का एजेंडा और कार्यान्वयन की गति दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों के अनुसार बदलती है। आप सम्पूर्ण रोटरी जगत में डीईआई जैसे एजेंडे को एक समान गति से लागू नहीं कर सकते क्योंकि हमें स्थानीय संस्कृति का भी सम्मान करना है। भारत में डीईआई को कनाडा, ब्राज़ील या जर्मनी की तुलना में अलग तरीके से देखा जा सकता है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए। मैंने टोरंटो में डीईआई टास्कफोर्स के कुछ सदस्यों से कहा कि आप कनाडा में डीईआई के परिवर्तन की गति को भारत या मध्य पूर्व के समान होने की उम्मीद नहीं कर सकते। आपको इस बात का सम्मान करना होगा कि रोटरी वैश्विक है और जब बात डीईआई की आती है तो आपको दुनिया के विभिन्न हिस्सों में परिवर्तन की गति का सम्मान करना होगा।''

**ऐसा कैसे?**

तब मैंने भारत को एक छोटे से बहुत अमीर वर्ग और गरीबी में रहने वाली अधिकांश आबादी के बीच एक विरोधाभास के रूप में देखा। आज मुझे यहाँ एक अलग माहौल दिखाई देता है। मैं मध्यम वर्ग को विकसित होते और बढ़ते हुए देख रहा हूँ। यह भारत में रोटरी की सफल वृद्धि का एक कारण है क्योंकि यहाँ 400 मिलियन मध्यम वर्ग की ताकत हैं!

**पिछले दो वर्षों से रो ई के दो अध्यक्ष गॉर्डन मेकनली और स्टेफनी अर्चिक के साथ आप भी भारत में फर्जी क्लबों, चुनावी मुद्दों आदि जैसी चिंताओं की बात करते आ रहे हैं। क्या इससे कोई फर्क पड़ा है? क्या आपको लगता है कि इस तरह की सख्ती से कोई फर्क पड़ता है?**

हाँ, हाँ। मैंने यह बंगलौर संस्थान में कहा था और मैंने इसे कल रात मुंबई में भी दोहराया। सदस्यता के मामले में भारत बहुत अच्छा कर रहा है। आपको फर्जी क्लबों का सहारा लेने की आवश्यकता नहीं है। इससे देश की छवि धूमिल होती है। राजनीतिक विवाद देश की छवि को खराब करते हैं। उदाहरण के लिए, भारत आज सम्मेलन आयोजित करने के लिए योग्य है।

नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, दिल्ली में एक नया सभा केंद्र है जो सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होने के साथ 20,000-25,000 लोगों को समायोजित करने में सक्षम है। लेकिन भारत में सम्मेलन आयोजित करने हेतु सक्षम होने के लिए आपको एक ऐसा देश बनना पड़ेगा जहाँ रोटरी में शांति हो। हम शांति और संघर्ष समाधान के बारे में बात करते हैं और युवाओं को शिक्षित करके उन्हें संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में शांति के बारे में बात करने में सक्षम बनाने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करते हैं। लेकिन फिर हमारे पास एक ऐसा देश है जो रोटरी के भीतर ही विभाजित है। यह रोटरी का तरीका नहीं है। आपको भारत में एकजुट होना होगा ताकि आप भारत में एक सम्मेलन आयोजित करने का दावा कर सकें। वास्तविक रूप से रोटरी की शुरुआत वास्तविक क्लबों और वास्तविक सदस्यों से होती है।

**रो ई अध्यक्ष के रूप में आपकी मुख्य प्राथमिकताएं क्या होंगी?**

सदस्यता, सदस्यता।

**आप सदस्यता कैसे बढ़ाएंगे?**

हमें अमेरिका में अपने ब्रांड का कायाकल्प करना होगा क्योंकि जहाँ भारत में रोटरी अभी भी एक बहुत ही आकर्षक प्रस्ताव है, वहीं इसके विपरीत अमेरिका में यह अब युवाओं को आकर्षित नहीं करती। इसलिए हमें एक बेहतर छवि तैयार करनी होगी। एक नवीनतम छवि, उद्देश्यपूर्ण परियोजनाओं के लिए कार्यवाही करने वाले लोगों की छवि।

हम अभी भी दुनिया के कई क्षेत्रों में पिछड़ रहे हैं क्योंकि हम अभी भी पुरुष, उज्ज्वल रंग और पुरानी सोच वाले लोग हैं। हमें नए उत्पादों, नए क्लब प्रारूपों, बैठकों के नए रूपों की पेशकश करनी होगी। आपको हर हफ्ते मिलने की आवश्यकता नहीं है, आपको भोजन के लिए भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है, अगर आप युवाओं के बीच आनंद के कुछ पल बिताने के साथ अपनी परियोजनाओं को विकसित करना चाहते हैं। वह भी एक रोटरी क्लब है।

**'उज्ज्वल रंग' से आपका मतलब गोरे पुरुषों से है?**

हाँ।

**तो अधिक सदस्य प्राप्त करने के लिए रोटरी को क्या अलग तरीके से करना होगा?**

रशीद भगत

> "व्यापार में आप ग्राहकों को अस्वीकार नहीं करते हैं... लेकिन हम संभावित रोटेरियन को अस्वीकार करते हैं जब हम नए सदस्यों की तलाश तीव्रता से नहीं करते हैं। और फिर हम शिकायत करते हैं कि हर साल 150,000 रोटेरियन रोटरी छोड़ देते हैं।

हमें पोलियो से सीखे गए सबक को याद रखना होगा कि अकेले हम बहुत कुछ कर सकते हैं लेकिन अगर हम दूसरों के साथ साझेदारी कर लेते है तो हम दुनिया को बदल सकते हैं। हम रोटेरियनों की जेब से पैसा निकालने में बहुत माहिर हैं... आर्च क्लंफ, प्रमुख दानकर्ता, आदि। लेकिन हम किसी और की जेब से पैसा निकालने में और भी बेहतर हैं... अमेरिकी, कनाडाई, जापानी या जर्मन सरकारें, इनमें से कुछ है।

तो यदि हम किसी मुद्दे की वकालत करने में इतने अच्छे हैं, तो हम अपने लिए वकालत करने में इतने अच्छे क्यों नहीं हैं? अधिक सदस्य प्राप्त करने में ताकि क्लब का अस्तित्व बना रहें? यह एक प्रतिबिंब है;

हम योजना बना सकते हैं और उसे पूरा कर सकते हैं। जैसे व्यवसाय में आप अपने ग्राहकों को अस्वीकार नहीं करते... लेकिन जब हम तीव्रता के साथ नए सदस्यों की तलाश नहीं करते तो हम संभावित रोटेरियनों को अस्वीकार करते हैं। और फिर हम शिकायत करते हैं कि हर साल 150,000 रोटेरियन रोटरी छोड़ जाते हैं। कुछ हद तक ऐसा प्राकृतिक प्रक्रिया के कारण होता है जब आपके सदस्यों की उम्र 75, 78 आदि होती हैं। लेकिन हमें प्रतिबद्धता, लक्ष्य और जुड़ाव के साथ योजना बनाते हुए आगे बढ़ना होगा।■

# टीआरएफ दान में भारत एक चमकता सितारा

**रशीदा भगत**

जब कोच्चि में विशाल टीआरएफ बहु मंडलीय सम्मेलन को संबोधित करने की बारी आई तो टीआरएफ न्यासी अध्यक्ष मार्क मैलोनी ने सहजता से सबके मूड को हल्का करते हुए अपने हास्य-परिहास से इतने लंबे सम्मेलन में बैठने से होने वाली थकान को कम कर दिया। सबसे पहले, उन्होंने राजा महाबली के सामने झुककर उन्हें सम्मान दिया, जो अपनी चमचमाती लाल *वेष्टी* और सोने के चमकदार मुकुट से सुसज्जित थे, जिन्हें ओणम के बाद होने वाले कार्यक्रम के लिए पहली पंक्ति में रखा गया था।

जैसे ही दर्शक ठहाके लगाकर हँसने लगे, उन्होंने कहा: ''आप हँस सकते हैं लेकिन मैं रॉयल्टी के साथ परेशानी में नहीं पड़ सकता!''

इसके बाद केरल के विभिन्न आकर्षणों पर महाबली के वीडियो का जिक्र करते हुए मलोनी ने कहा कि वह और उनकी पत्नी गे उसका अनुभव नहीं कर पाए क्योंकि वे इस राज्य की बहुत छोटी यात्रा पर आए थे मगर वह अपनी अगली यात्रा पर यह सब देखने की उम्मीद करते है। ''मैं विशेष रूप से गे को इसका अनुभव करते हुए देखने को उत्सुक हूँ। यह वाकई मजेदार होगा!''

भारत में रोटरी के नेतृत्व, विशेष रूप से न्यासी भरत पांड्या को टीआरएफ को जबरदस्त समर्थन, जिसके परिणामस्वरूप भारत पिछले साल 32 मिलियन डॉलर की योगदान राशि के साथ एक बार फिर टीआरएफ को देने में दूसरे स्थान पर था, प्रदान करने के लिए धन्यवाद देते हुए उन्होंने पांड्या को शायद दुनिया का दूसरा सबसे जानकार रोटेरियन कहा। ''मैं स्वीकार करूंगा कि मैं रोटरी का विश्वकोश हूँ (जैसा कि पांड्या ने पहले कहा था)। यह सच नहीं है, लेकिन यह सुनकर मुझे खुशी महसूस होती है।''

भारतीय क्षेत्र में किए जा रहे जबरदस्त काम की सराहना करते हुए उन्होंने वर्तमान और पिछले साल के मंडल गवर्नरों और जोन 5 के क्षेत्रीय नेतृत्व - आरआरएफसी गौरी राजन, ईएमजीए माधव चंद्रन और ईपीएनसी (एंड पोलियो नाउ अध्यक्ष) चिन्नादुरई अब्दुल्ला को 3.2 करोड़ डॉलर इकट्ठा करने की अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि एक साथ काम करके रोटरी और टीआरएफ दुनिया भर में इतनी सारी आशाओं और सपनों को साकार करने में मदद कर रहे है और उन्होंने मिसौरी के कैनसस सिटी में आयोजित 1985 के रो ई सम्मेलन को याद किया जिसमें उन्होंने भाग

लिया था। ''दुनिया भर के रोटेरियनों के बीच रहकर, जिनमें कुछ बाहरी रूप से मुझसे काफी अलग लग थे, मैं रोटरी के जादू से मंत्रमुग्ध हो गया।''

5वें पूर्ण सत्र के दौरान उन्होंने मौखिक पोलियो वैक्सीन के निर्माता डॉ अल्बर्ट साबिन को सभी बच्चों को टीका लगाने की आवश्यकता के बारे में बात करते हुए सुना और रोटेरियनों द्वारा व्यक्त किए गए जोरदार समर्थन को देखा। ''39 साल पहले वह क्षण पोलियोप्लस की शुरुआत का था जो दुनियाभर के बच्चों के लिए रोटरी की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।''

अगले वर्ष एक क्लब अध्यक्ष के रूप में उन्होंने पश्चिमी नाइजीरिया की एक जीएसई टीम की मेजबानी की और उसके अगले वर्ष अपने मंडल से वापसी विनिमय यात्रा का नेतृत्व किया और देखा कि नाइजीरिया में उनकी मेजबानी करने वाले सात परिवारों में से दो बच्चों को पोलियो था। ''उन पोलियो पीड़ितों के संपर्क में आने के बाद से मैंने प्रत्यक्ष रूप से रोटरी सदस्यों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के अविश्वसनीय काम को देखा जो यह सुनिश्चित करने के प्रयास में लगे है कि यह भयानक बीमारी जल्द ही हमेशा के लिए समाप्त हो जाए।''

भरत पांड्या शायद दुनिया के दूसरे सबसे जानकार रोटेरियन हैं। मैं स्वीकार करता हूँ कि मैं रोटरी का विश्वकोश हूँ। यह सच नहीं है, लेकिन इससे मुझे अच्छा महसूस होता है।

**मार्क मलोनी**

ट्रस्टी चेयर

*टीआरएफ ट्रस्टी चेयर मार्क मलोनी और ट्रस्टी डॉ भरत पांड्या, एकेएस सदस्य लीमा मार्टिन के साथ।*

मलोनी ने फिर प्रतिनिधियों से एक प्रश्न पूछा - अगर उनके पास अपने समुदायों की चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक जादुई छड़ी होती तो वे इसका उपयोग कहाँ करते? क्या पोलियो को समाप्त करने के लिए योगदान बढ़ाने में? या ''अशांति भरी इस दुनिया में शांति निर्माताओं में निवेश करने के लिए? क्या आप उन स्थानों पर जल एवं स्वच्छता हेतु एक स्थायी प्रणाली प्रदान करते जहाँ इसकी कमी है? क्या आप अपने समुदाय के वंचित लोगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले एक सार्वजनिक अस्पताल को डायलिसिस उपकरण प्रदान करते? या प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों को उनके जीवन के पुनर्निर्माण करने में समर्थन करते?''

टीआरएफ के माध्यम से रोटरी ने रोटेरियनों को उन सभी क्षेत्रों में उस जादुई छड़ी का उपयोग करने का अवसर प्रदान किया है जिसकी उनके समुदायों को सबसे अधिक आवश्यकता है। ''गे और मुझे कई स्थानों पर रोटरी की जादुई छड़ी का कमाल देखने का अवसर प्राप्त हुआ,'' उन्होंने कहा।

*ट्रस्टी चेयर मलोनी ओणम त्योहार से जुड़े 'राजा महाबली' के साथ बातचीत करते हुए।*

मलोनी ने कहा कि उनके सबसे यादगार पलों में से एक दिसंबर 2019 में वियतनाम के हनोई की यात्रा है, कोविड द्वारा तबाही मचाने से ठीक पहले। वे कोरिया और कैलिफोर्निया के रोटेरियनों के साथ मिलकर छोटे बच्चों के कटे-फटे होंठ और तालु की विकृति को ठीक करने के लिए ऑपरेशन स्माइल के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित कर रहे थे। इस जोड़े को पिंक (उसका अंग्रेजी नाम) के साथ जोड़ा गया था, जो 5 महीने की थी। वह अपने पिता के साथ थी और

*कार्यक्रम के अध्यक्ष पीडीजी सुनील ज़कारिया, डीजी सुधि जब्बार, मीरनखान सलीम, संतोष श्रीधर, एस सुरेश बाबू और एन सुंदरवडिवेलु के साथ, बहु-मंडल सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए।*

**1986 में नाइजीरिया में GSE के दौरे के दौरान, मैंने दो बच्चों को पोलियो से पीड़ित देखा। तब से, रोटरी ने इस भयानक बीमारी को खत्म करने के लिए अविश्वसनीय काम किया है।**

**मार्क मलोनी**

मलोनी उसे ऑपरेटिंग रूम में ले गए। ''एक बार उसकी सर्जरी पूरी हो जाने के बाद, जिसे मैंने बिना बेहोश हुए पूरा देखा, मैंने उसे वापस ले जाकर उसके पिता की गोद में दिया। उसके पिता पिंक को फ्रेंच भाषा में लोरी सुना रहे थे... याद रखें कि वियतनाम एक फ्रांसीसी उपनिवेश था। यह एक लोरी थी जिसे हम दोनों जानते थे और हम साथ में गाने लगे।''

और फिर जादू हुआ। अब पिंक को किसी भी तरह की विकृति नहीं थी और न ही उसे अब कोई चिढ़ाएगा और न ही उसके साथ किसी प्रकार का भेदभाव किया जाएगा, ''उस दिन रोटरी ने न केवल पिंक के जीवन को बदला बल्कि हमारे जीवन को भी बदल दिया। उसके युवा पिता जो शायद 25 वर्ष की आयु के एक बौद्ध धर्मी थे, हमारे पास आए और हमारे कार्य के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए हम में से प्रत्येक के लिए क्रॉस का ईसाई चिन्ह बनाया। यह हम दोनों के लिए बहुत ही मर्मस्पर्शी अनुभव था।''

लेकिन इन जादुई छड़ियों का इस्तेमाल करने में सक्षम होने के लिए, ''जो धन-संचालित हैं, टीआरएफ लक्ष्यों को पूरा करना होगा,'' न्यासी प्रमुख ने कहा। इस रोटरी वर्ष के लिए न्यासियों ने *500 मिलियन डॉलर* के एक महत्वाकांक्षी धन संचयन लक्ष्य को निर्धारित किया ''और हम सभी को इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु एक टीम के रूप में साथ मिलकर काम करना होगा। हमें *2025 तक 2.025 बिलियन डॉलर* के अपने अक्षय निधि लक्ष्य तक भी पहुंचना है। 2017 में यह लक्ष्य निर्धारित किया गया था तो ऐसा लग रहा था कि यह असंभव है लेकिन 2025 अब करीब है और हमें काम करना है। हम उस लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं और हम लगभग 250-260 मिलियन डॉलर दूर हैं,'' उन्होंने कहा।

एक बार फिर 'मार्क के जादुई मार्कर' का वर्णन करते हुए मलोनी ने कहा कि इस हॉल में मौजूद सभी नेताओं को एक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व करना होगा और वार्षिक निधि में योगदान देना होगा। ''मैं आपसे दिसंबर के अंत तक अक्षय निधि कोष में योगदान करने के लिए भी कहता हूँ। आपकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता टीआरएफ के लिए आपके मंडल की प्रतिबद्धता का आधार बनेगी। इसके बाद,'' उन्हें अपने मंडल की पोलियोप्लस सोसाइटी में 100 डॉलर का न्यूनतम योगदान देना होगा और पोलियो उन्मूलन तक इसे जारी रखने की प्रतिबद्धता रहेगी। ''यदि आपके मंडल में पोलियोप्लस सोसायटी नहीं है तो इसे तुरंत ही शुरू कीजिए।''

**इस वर्ष, ट्रस्टियों ने टीआरएफ के लिए 500 मिलियन डॉलर का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। हमें इसे हासिल करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।**

**मार्क मलोनी**

*'राजा महाबली', ट्रस्टी चेयर मलोनी को एक स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए (बाएं से) ट्रस्टी भरत पांड्या, गे मलोनी और पीडीजी ज़कारिया चित्र में शामिल हैं।*

*पीडीजी शाजू पीटर, आरआईडी अनिरुद्धा रॉयचौधरी को स्मृति चिन्ह देते हुए। टीआरएफ ट्रस्टी भरत पांड्या भी चित्र में शामिल हैं।*

इसके बाद आता है पॉल हैरिस सोसाइटी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन व्यक्तियों की संख्या बढ़ाने का मिशन जो इसके लिए 1000 डॉलर की वार्षिक प्रतिबद्धता दिखाते हैं। ''अंतिम उद्देश्य एक टीम बनाने का है जो एक ऐसा शानदार कार्यक्रम आयोजित करें जिसका न्यूनतम लक्ष्य *1 मिलियन डॉलर* का हो ताकि अक्षय निधि का समर्थन किया जा सके। यदि प्रत्येक मंडल ऐसा करें फिर भले ही वो सभी सफल न होकर 1 मिलियन डॉलर के लक्ष्य तक न पहुंच पाएं, तो भी मुझे यकीन है कि हम कैलगरी कन्वेंशन (जून 2025) में इस बात का जश्न मनाएंगे कि हमने 2.025 बिलियन डॉलर का लक्ष्य हासिल कर लिया है।''

उन्होंने आगे कहा: ''आप कह सकते हैं कि यह सुनने में अच्छा लग रहा है और वह यह सब कहेंगे क्योंकि वह न्यासी अध्यक्ष हैं। लेकिन मैं आपसे ऐसा कुछ भी करने के लिए नहीं कह रहा हूँ जो गे और मैंने न किया हो। हम दोनों पोलियोप्लस सोसाइटी के सदस्य होने के साथ ही पॉल हैरिस सोसाइटी के सदस्य भी है, हमने हाल ही में पर्यावरण का समर्थन करने के लिए एक कोष स्थापित किया है और पिछले फरवरी में इस तरह के एक मिलियन डॉलर के डिनर

लिगेसी इवेंट के अध्यक्ष थे। अगर हम यह कर सकते हैं, तो आप भी कर सकते हैं।''

मलोनी ने एर्नाकुलम जनरल अस्पताल के लिए वैश्विक अनुदान के माध्यम से किए गए 2 करोड़ की चार स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन किया। ₹1.3 करोड़ मूल्य की पहली तीन परियोजनाएं रोटरी क्लब कोचीन सेंट्रल और कोचीन टाइटन्स द्वारा की गई। इनमें डायलिसिस केंद्र के लिए 16 अत्याधुनिक हेमोडायलिसिस मशीन, 18 बिस्तर और 16 मल्टी-पैरा मॉनिटर प्रदान करना शामिल है जिसे अब 'रोटरी डायलिसिस वार्ड' के नाम से जाना जाता है। इस सुविधा के माध्यम से अब हर हफ्ते 336 डायलिसिस प्रक्रियाएं की जा सकेंगी और एक समय में 125 अतिरिक्त क्रोनिक किडनी रोगियों का इलाज किया जा सकेगा। इस परियोजना के प्रमुख योगदानकर्ता रोटेरियन है कोचौसेफ चित्तिलापिल्ली, जोसेफ वाचापारंबिल, अनिल वर्मा और डॉ सी एम राधाकृष्णन।

उन्होंने जिस चौथी वैश्विक अनुदान परियोजना का उद्घाटन किया उससे इस सरकारी अस्पताल में कार्डियोवैस्कुलर और थोरैसिक सर्जरी विभाग को अत्याधुनिक उपकरण प्राप्त हुए। बताया गया कि 2021 से यह विभाग बाईपास और फेफड़ों की सर्जरी एवं संवहनी प्रक्रियाएं कर रहा है और इसे ओपन हार्ट प्रक्रियाओं, वाल्व मरम्मत और जन्मजात हृदय सर्जरी सहित अधिक जटिल उपचार प्रदान करने के लिए तत्काल रूप से महत्वपूर्ण उपकरणों की आवश्यकता है। 600,000 डॉलर की लागत वाली इस परियोजना में फिलिप्स लाइव 3डी इकोकार्डियोग्राफी सिस्टम स्थापित किया गया जिसके माध्यम से डॉक्टर बड़ी सटीकता से हृदय को देख सकेंगे और सफलतापूर्वक अधिक जटिल ऑपरेशन कर सकेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए न्यासी भरत पांड्या ने कहा कि यदि 100 से अधिक वर्षों से टीआरएफ ने लोगों के जीवन को छुआ है और दुनिया भर में समुदायों को परिवर्तित किया है तो यह रोटेरियनों के जुनून और समर्पण की वजह से ही संभव हो पाया है। उन्होंने जोन 5 के मंडलों की सराहना की जिन्होंने पिछले वर्ष न केवल अपने टीआरएफ लक्ष्य को पूरा किया है बल्कि उस लक्ष्य को पार भी किया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए गवर्नरों और क्षेत्रीय टीमों के साथ-साथ रोटरी क्लब कोचीन सेंट्रल और कोचीन टाइटन्स के सदस्यों को भी उस शाम उद्घाटन की गई उत्कृष्ट परियोजनाओं के लिए बधाई दी।

''चाहे यह फिलीपींस में विकृत तालु की सर्जरी हो, मुंबई में बाल चिकित्सा हृदय सर्जरी हो या अफ्रीका में हमारा चिकित्सा मिशन हो हमारे वैश्विक अनुदान वाकई में रोटरी का जादू दिखाते हैं और हमारे फाउंडेशन के माध्यम से हम जीवन को छू सकते हैं और समुदायों में परिवर्तन ला सकते हैं,'' उन्होंने कहा।

टीआरएफ के प्रोग्राम्स ऑफ स्केल अनुदान का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए हर साल एक बड़े प्रभावशाली कार्यक्रम के लिए 2 मिलियन डॉलर दिए जाते हैं। इस तरह का पहला अनुदान मलेरिया मुक्त जाम्बिया के लिए था, दूसरा नाइजीरिया में मां और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए था और तीसरा सर्विकल कैंसर मुक्त मिस्र के लिए था।

पांड्या ने कहा कि गेट्स फाउंडेशन और वर्ल्ड विजन द्वारा समर्थित जाम्बिया के लिए पहले अनुदान के मूल्यांकन से पता चला है कि दो वर्षों में जाम्बिया में मलेरिया से मृत्यु दर और रुग्णता में काफी कमी आई है, कुछ मामलों में तो यह दर 50 प्रतिशत तक है। इस कार्यक्रम के निष्पादन और परिणाम को जानकर गेट्स फाउंडेशन और वर्ल्ड विजन इतने खुश थे कि दोनों संगठनों ने अतिरिक्त 20 मिलियन डॉलर देने का फैसला किया और टीआरएफ इसमें अतिरिक्त 10 मिलियन डॉलर मिलाएगा। इस प्रकार 2 मिलियन डॉलर से शुरू हुआ यह कार्यक्रम अब 30 मिलियन डॉलर के कार्यक्रम में बदल गया है जिसे रोटरी हेल्दी कम्युनिटी चैलेंज कहा जाता है जिसे चार देशों - जाम्बिया, नाइजीरिया, मोजाम्बिक और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में 5 साल से कम उम्र के बच्चों में तीन बीमारियों - मलेरिया, निमोनिया और दस्त के रोग से लड़ने के लिए लागू किया जाएगा।''

यह टीआरएफ का जादू था; ''हम टीआरएफ को इसलिए देते हैं क्योंकि इसका काम किराए पर रखे गए लोगों द्वारा नहीं बल्कि आप जैसे रोटेरियनों द्वारा किया जाता है। ये वे लोग हैं जिन पर आप अपने पैसे को लगाने के लिए भरोसा कर सकते हैं। हम टीआरएफ को इसलिए देते हैं क्योंकि यह वास्तव में प्रभावी है, जिसमें 92 प्रतिशत धन का उपयोग केवल उसी उद्देश्य के लिए किया जाता है जिसके लिए इसे दिया गया है।''

न्यासी ने आगे कहा कि पिछले 15-17 वर्षों में गेट्स ने पोलियो उन्मूलन प्रयासों के लिए 1.2 बिलियन डॉलर से अधिक दिया है। जब वह 2009 रो ई सम्मेलन में आए तो उनसे पूछा गया कि वह क्यों टीआरएफ में लगातार दान देते रहते हैं। ''उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे कार्यक्रम को देखते हैं जिसे हम अनौपचारिक रूप से लागू करना चाहते हैं और फिर हम एक ऐसे संगठन की तलाश करते हैं जो उस कार्यक्रम में जी जान लगाकर कार्य करता है। बिल गेट्स ने कहा कि वे बच्चों और विशेष रूप से पोलियो उन्मूलन के लिए काम करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक बार यह तय हो जाने के बाद हमारे मन में कोई संदेह नहीं था कि इस काम

**आपको 1 मिलियन जुटाने के लिए TRF लेगसी कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए मंडल टीमें बनानी होंगी। हमें 2025 तक 2.025 बिलियन डॉलर का लक्ष्य पूरा करना होगा।**

**अनिरुद्धा रॉयचौधरी**

रो ई निदेशक

*ट्रस्टी चेयर मलोनी, एकेएस सदस्य लीमा मार्टिन को सम्मानित करते हुए। (बाएं से): डीजी संतोष श्रीधर, सुरेश बाबू, मीरांखान सलीम, डीजीई चेला राघवेंद्रन (रो ई मंडल 3206), आरआईडी रॉयचौधरी और ट्रस्टी पांड्या।*

के लिए रोटरी से बेहतर और कोई संगठन नहीं हो सकता। यही हमारी विश्वसनीयता है।''

टीआरएफ के साथ होने वाले जादू का एक उदाहरण देते हुए पांड्या ने कहा कि मुंबई के एसआरसीसी अस्पताल को 1954-55 में मुख्य रूप से पोलियो से होने वाली बाल विकृति के लिए सुधारात्मक सर्जरी करने हेतु शुरू किया गया था। 2011 तक भारत से पोलियो का उन्मूलन हो गया था इसलिए 2012 तक यह अस्पताल बंद हो गया। इसे देवी शेट्टी के नारायण हृदयालय द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया और 2017 में इसे फिर से खोला गया जो अब मुख्य रूप से बाल हृदय चिकित्सा सर्जरी के लिए समर्पित है।

पिछले साल उन्होंने उस अस्पताल का दौरा किया और देखा कि सर्जरी के लिए ग्रामीण महाराष्ट्र से मरीज़ आए थे। प्री-ऑपरेटिव वार्ड में उन्होंने बिस्तर पर छह महीने से लेकर करीब 12-13 साल तक के बच्चों को देखा। वे आम तौर पर अपनी माताओं के साथ थे और उन्होंने हर बिस्तर का दौरा किया, ''माताओं की आंखों में मैंने चिंता और आशा की दो भावनाएं देखी; चिंता इस बात की कि क्या उनका बच्चा सर्जरी से सफलतापूर्वक बाहर आ पाएगा और उम्मीद इस बात की कि कम से कम रोटरी जैसा एक संगठन है जो इतनी महंगी सर्जरी के माध्यम से उनके बच्चे को जीने का एक मौका दे रहा है जिसका खर्च वे नहीं उठा पाते।''

पिछले छह वर्षों में एसआरसीसी अस्पताल ने 4,500 बाल हृदय चिकित्सा सर्जरियाँ की ''जिनमें से 4,200 रोटरी के वैश्विक अनुदान की मदद से की गई। उन लोगों का आशीर्वाद आपको और आपके परिवार को मिलेगा,'' उन्होंने आगे कहा।

अपने संबोधन में रो ई निदेशक अनिरुद्ध रॉयचौधरी ने कहा कि ज़ोन 5 को ''50,000 सदस्यों के साथ दुनिया में सबसे बड़ा और मजबूत ज़ोन माना जाता है।'' भारत के रोटेरियनों के सामने तात्कालिक कार्य यह था कि वे अपने मंडलों में ऐसी टीमों का गठन करें जो 2025 तक 2.025 बिलियन डॉलर के लक्ष्य को पूरा करने के लिए - लगभग 400 मिलियन डॉलर - के अंतर को कम करने हेतु काम कर सकें। ''आपको ऐसी टीमें बनानी चाहिए जो टीआरएफ कार्यक्रमों का आयोजन कर सकें और जैसा कि अध्यक्ष मलोनी ने सुझाव दिया कि वे इससे 1 मिलियन डॉलर जुटा सकें।''

एकेएस सदस्य लीमा मार्टिन, अरुल ज्योति कार्तिकेयन और रो ई मंडल 3204 के डीजी सुधीर जब्बार, जो अपने मंडल से एक एकेएस सदस्य बनने वाले पहले व्यक्ति होंगे और रोटरी क्लब कोयंबटूर ईस्ट के अध्यक्ष राज सिद्धार्थ, जिन्होंने 100,000 डॉलर के बराबर का एक चेक प्रस्तुत किया, इन सभी को टीआरएफ के अन्य प्रमुख योगदानकर्ताओं के साथ सम्मानित किया गया।

**पिछले छह सालों में मुंबई के एसआरसीसी अस्पताल ने रोटरी की मदद से 4,200 बाल हृदय शल्यचिकित्साएं की हैं।**

**भरत पांड्या**
टीआरएफ ट्रस्टी

कार्यक्रम के अध्यक्ष पीडीजी सुनील जकारिया ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया, आरआरएफसी गौरी राजन, ईएमजीए माधव चंद्रन और ईपीएनसी चिन्नादुरई अब्दुल्ला ने एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की, मंडल गवर्नर एन सुंदरवडिवेलु (3202), सुरेश बाबू (3203), संतोष श्रीधर (3204), सुधी जब्बार (3211) और मीरांखान सलीम (3212) ने अपने-अपने मंडल की गतिविधियों का अवलोकन प्रस्तुत किया। ■

# XAVIER UNIVERSITY SCHOOL OF MEDICINE AND KLE ANNOUNCE

## 6 YEARS

PRE-MED TO

## DOCTOR OF MEDICINE / DOCTOR OF VETERINARY MEDICINE

**PROGRAMME**

**First 2 years**
Start @
KLE, Campus
Karnataka, India

**Next 2 years**
Continue @
Xavier's Campus
Aruba, Caribbean
island - Netherlands

**Next 2 years**
Complete @
Xavier's affiliated
Teaching Hospitals
USA / Canada

## TO ATTEND

# WEBINAR

## REGISTER NOW

**XUSOM.COM/INDIA/**

**First 2 years**
Start @
KLE, Campus
Karnataka, India

**Next 3 years**
Continue @
Xavier's Campus
Aruba, Caribbean
island- Netherlands

**Final year**
Complete @
Xavier's affiliated
Teaching Hospitals
USA / Canada

**Limited Seats**

**Session starts in January 2025**

To apply, Visit:
application.xusom.com
email: infoindia@xusom.com

**XAVIER STUDENTS ARE ELIGIBLE FOR H1/J1 Visa PROGRAMME**

ADVT.

# रोटरी और शांति

**टीम रोटरी न्यूज़**

रोटरी क्लब मद्रास, रो ई मंडल 3234, द्वारा आयोजित रोटरी और शांति पर एक प्रश्नोत्तर सत्र को संबोधित करते हुए, रो ई के पूर्व अध्यक्ष कल्याण बेनर्जी ने रोटरी के शांति कार्यक्रम के विकास और शांति के लिए संगठन की स्थायी प्रतिबद्धता पर अंतर्दृष्टि साझा की। क्लब के सदस्य संजय माधवन के साथ उनकी चर्चा में विभिन्न पहलुओं पर बात की गई कि कैसे रोटरी अपनी स्थापना के बाद से दुनिया भर में शांति की स्थापना में सम्मिलित रही है। इसकी शुरुआत रोटरी क्लब हैमिल्टन, ओंटारियो, द्वारा 1914 में रखे गए एक प्रस्ताव के साथ हुई, जिसमें रोटरी क्लबों के अंतर्राष्ट्रीय संघ से वैश्विक शांति को बढ़ावा देने का आग्रह किया गया था।

बेनर्जी ने रोटरी के एक ऐसा वातावरण बनाने के इसके बहुआयामी दृष्टिकोण पर स्पष्टता के साथ बात की जो शांति को बढ़ावा देता है और शिक्षा, स्वास्थ्य, लाभकारी रोजगार के लिए मार्गदर्शन, आर्थिक स्वतंत्रता एवं पर्यावरण के मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने लगभग हर महाद्वीप में विभिन्न शांति केंद्रों की स्थापना और शांति निर्माण का पाठ्यक्रम करने वाले छात्रों के निधीयन पर प्रकाश डाला। यह रोटरी के संवैधानिक उद्देश्य, जिसे 1921 में अपनाया गया था, के साथ भी मेल खाता है जिसमें व्यापारिक एवं पेशेवर नेतृत्वकर्ताओं की फैलोशिप के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सद्भावना को प्रोत्साहित करने की बात मौजूद है।

उन्होंने कहा कि शांति को बढ़ावा देना आज के समय में और भी आवश्यक हो गया है क्योंकि दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष और हिंसा व्याप्त है।

बातचीत में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के दो पोलियो स्थानिक देशों में अध्यक्ष के व्यक्तिगत अनुभवों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के साथ अपनी बैठकों को याद किया, जिसके दौरान उन्होंने इन देशों के बच्चों के टीकाकरण की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया था। उनके विचारों ने रोटरी के मिशन के सार को एक ऐसा माहौल बनाने के रूप में रेखांकित किया जो बड़े पैमाने पर समुदायों में शांति स्थापित करता है।

इस संवाद से पहले, क्लब अध्यक्ष जी चेला कृष्ण ने अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस की उत्पत्ति को संबोधित किया, इसकी 25वीं वर्षगांठ मनाई और संयुक्त राष्ट्र के संस्थापकों में से एक के रूप में रोटरी की भूमिका पर प्रकाश डाला।

बाद में, बेनर्जी ने *रोटरी न्यूज़* को बताया कि वह शांति पर अपने विचारों को लिखने के लिए युवा इंटरेक्टरों को आमंत्रित करने की क्लब की पहल से बहुत खुश हैं। ''उनमें से कुछ ने शांति के महत्व पर बात की और अपने दृष्टिकोण को साझा किया और मैं शांति की उनकी समझ और आज के समय में शांति की महत्ता की उनकी व्याख्या से बहुत प्रभावित हुआ। उनके विचार बहुत ही वास्तविक है, और भावी पीढ़ी होने के नाते, हम इस बात की आशा करते है कि आज के मुकाबले कल उनके वक्त में शांति की संभावना अधिक होगी संघर्ष का वर्तमान स्थिति वाकई में परेशान करने वाली है!''■

*पीआरआईपी कल्याण बेनर्जी, रो ई मंडल 3234 के डीजीई विनोद सरावगी और रोटरी क्लब मद्रास के अध्यक्ष जी चेल्ला कृष्णा के साथ।*

# नारी शक्ति का उत्सव

वी मुत्तुकुमारन



कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक युवा डॉक्टर इंटर्न के निर्मम बलात्कार और हत्या पर देश भर में विरोध प्रदर्शनों के बीच रोटरी क्लब कलकत्ता महानगर, रो ई मंडल 3291 ने नौ सफल महिलाओं को शक्ति सम्मान पुरस्कारों से सम्मानित किया। कोलकाता में जो हुआ वह हमारी संस्कृति के खिलाफ है क्योंकि हमारी संस्कृति (भारतीय परंपरा) देवी शक्ति की पूजा करती है। नौ दिवसीय दुर्गा पूजा त्योहार, जिसमें प्रत्येक दिन देवी के नौ अवतारों की पूजा की जाती है, से पहले हम नव शक्ति कार्यक्रम की मेजबानी करके नवरात्रि के लिए एक सकारात्मक, जीवंत माहौल बनाना चाहते हैं, क्लब अध्यक्ष प्रमिला दुगर ने कहा।

प्रमिला ने ऐसे आयोजन का विचार रखा जिसमें लड़कियों को सशक्त बनाने पर एक पैनल चर्चा और *प्रोजेक्ट शक्ति* के शुभारंभ के साथ ₹50 लाख की चार सेवा पहलों के माध्यम से 50,000 से अधिक लड़कियों को लाभान्वित करना शामिल है। पीआरआईपी शेखर मेहता ने इस कार्यक्रम को संरचित और संचालित किया जिससे हमें अपनी आंतरिक शक्ति को पुनर्जीवित करने और उसे याद रखने में मदद मिलेगी, उन्होंने कहा। अपने संबोधन में मेहता ने याद किया कि रोटरी अध्यक्ष के रूप में मैंने लड़कियों के सशक्तिकरण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा था और यह दुनिया भर में सबको पता है कि लड़कियों के साथ बहुत भेदभाव होता है, उनके पास विकास के अवसरों की कमी होती है और शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और कौशल विकास की प्राप्ति के लिए उन्हें बहुत संघर्ष करना पड़ता है।

वास्तव में महिलाओं को नौकरी के आधे अवसर मिलने चाहिए क्योंकि वे वैश्विक आबादी का आधा हिस्सा हैं। लेकिन वे जलवायु परिवर्तन, आर्थिक असमानता और बड़ी आपदाओं जैसे मुद्दों से सबसे अधिक प्रभावित होती हैं। पीआरआईपी मेहता ने कहा कि *नव शक्ति* लैंगिक असमानताओं को देखने, खुली चर्चा के माध्यम से समाधान खोजने और फिर अपनी बात पर अमल करने का का एक गहन प्रयास है। पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सलाहकार और फिल्म निर्देशक-सह-अभिनेत्री सुदेशना रॉय द्वारा आयोजित पैनल चर्चा में सबका ध्यान उन प्रणालीगत मुद्दों और सामाजिक असमानताओं की ओर स्थानांतरित हो गया जिनका सामना महिलाओं को अपने दैनिक जीवन में करना पड़ता है।

लैंगिक असमानता पर संयुक्त राष्ट्र के 2018 के एक अध्ययन का हवाला देते हुए कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त गौतम चक्रवर्ती ने कहा, इसमें बताया गया है कि महिलाओं को असमानता से उबरने में 108 साल लगेंगे जो एक वैश्विक समस्या है। यहाँ तक कि सम्पन्न

*पीआरआईपी शेखर मेहता और राशि मेहता (बाएं से) प्रणय अग्रवाल, कविता और संजय भालोटिया, संजय दुगर, रोटरी क्लब कलकत्ता महानगर की अध्यक्ष प्रमिला दुगार, शक्ति सम्मान समन्वयक अपर्णा बियानी, शालिनी बागारिया और* प्रोजेक्ट नव शक्ति *की चेयरपर्सन चित्रा अग्रवाल।*

*कोलकाता में* **प्रोजेक्ट नव शक्ति** *के शुभारंभ के अवसर पर क्लब की अध्यक्ष प्रमिला, शक्ति सम्मान विजेताओं के साथ।*

और शिक्षित परिवार भी एक लड़के की ही चाह रखते हैं क्योंकि हमारे समाज में लैंगिक मुद्दे गहराई से व्याप्त हैं। अब पुलिस कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की ऑनलाइन शिकायतों का संज्ञान लेकर 'जीरो एफआईआर' दर्ज कर सकती है। ''समानता कानूनों के कार्यान्वयन में कमियाँ हैं और इसे सुधारने के लिए हमें परिवार, समाज और सरकारी स्तरों पर लैंगिक भेदभाव को दूर करने के लिए काम करना होगा,'' उन्होंने कहा।

भारत में हर दिन बलात्कार की लगभग 90 घटनाएं हो रही हैं, ''और हम सभी जानते हैं कि यह सिर्फ हमें ज्ञात छोटी सी संख्या है क्योंकि कई लोग पुलिस के पास जाकर शिकायत दर्ज नहीं कराते। हम जानते है कि केवल महिलाएं ही बच्चों को जन्म दे सकती हैं और स्तनपान करा सकती हैं लेकिन बच्चे के पालन-पोषण में एक महिला का बाकी काम पुरुषों द्वारा किया जाना चाहिए। चलिए बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी पुरुषों पर भी डाली जाएं,'' महिलाओं के अधिकारों की वकालत करने वाली स्वयं की संस्थापक-न्यासी अनुराधा कपूर ने कहा। महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए हमें पूछना होगा कि हम किस तरह के लड़कों और पुरुषों के आदी बन गए हैं। एक जोरदार अपील के साथ कार्यकारी कोच और फिल्म निर्देशक दामिनी बेनी बसु ने कहा, ''हमें फिल्म जगत में आम तौर पर होने वाली लैंगिक अनुबंधन और रूढ़िवादिता से मुक्त होना होगा। नीतियां एक पितृसत्तात्मक समाज द्वारा तैयार की जाती हैं और पुरुष अंधराष्ट्रवादियों द्वारा समानता के विचार को 'लड़के तो लड़के ही रहेंगे' जैसे बयानों के साथ तोड़-मरोड़ कर पेश किया जाता है।''

पैनल के सदस्यों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि कार्यस्थल को महिलाओं की समस्याओं के प्रति अधिक अनुकूल होना चाहिए लेकिन अब उन्हें 'इसमें फिट' होने के लिए मजबूर किया जा रहा है। साथ ही हमें गृहणियों का सम्मान करना होगा क्योंकि घरेलू कामों के बिना दुनिया बेकार हो जाएगी। सुदेशना रॉय ने कहा कि हम में से प्रत्येक को पीछे मुड़कर देखना चाहिए और हमारे भीतर झाँककर यह विश्लेषण करना चाहिए कि हम कहाँ गलत हैं और अपने समाज को अधिक लैंगिक समावेशी बनाने के प्रयास करने चाहिए।

मैकिंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट का उद्धरण देते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष चित्रा अग्रवाल ने कहा, रोजगार और अन्य क्षेत्रों में लैंगिक अंतर को कम करने से 2025 तक ग्लोबल जीडीपी में 28 ट्रिलियन डॉलर का इजाफा होगा। दुनिया में 3.5 बिलियन नौकरीपेशा लोगों में से सिर्फ 1.4 बिलियन महिलाएं हैं। ''हालांकि वैश्विक कार्य का 66 प्रतिशत (समेकित) और 50 प्रतिशत खाद्य उत्पादन महिलाओं द्वारा किया जाता है फिर भी उन्हें वैश्विक आय का केवल 34 प्रतिशत ही मिलता है,'' उन्होंने कहा।

## प्रोजेक्ट शक्ति

1,500 लड़कियों के लिए सर्विकल कैंसर के खिलाफ टीकाकरण, जागरूकता और चिकित्सा शिविरों (₹20 लाख) के आयोजन; 30,000 लड़कियों के लिए एमएचएम जागरूकता सत्रों का आयोजन, हितधारकों का प्रशिक्षण और पर्यावरण के अनुकूल सैनिटरी पैड का वितरण (₹12 लाख); एक मॉडल किचन गार्डन को प्रोत्साहन, एनीमिया शिविरों में लड़कियों के लिए अभिविन्यास सत्र और बीज किटों का वितरण (₹10 लाख); और प्रोजेक्ट वीरांगना (₹5 लाख) के तहत 1,000 लड़कियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण सहित अनेक कार्यक्रम महानगर रोटेरियनों द्वारा किए जाएंगे।

## नौ पुरस्कार विजेता

पुरस्कार समन्वयक अपर्णा बियानी ने बताया कि क्लब को राज्य भर से 82 नामांकन मिले हैं और उनके काम के विवरण के साथ 10-20 एक्शन पिक्चर्स और बायोडाटा प्राप्त हुए हैं, जिनकी जांच टेक्नो इंडिया ग्रुप के एमडी, सत्यम रायचौधरी और हृदय रोग सर्जन, डॉ कुणाल सरकार ने की है। जूरी द्वारा सावधानीपूर्वक जांच और विचार-विमर्श के बाद नौ श्रेणियों में से प्रत्येक में एक महिला का चयन किया गया, उन्होंने कहा।

पुरस्कार विजेता हैं: पारुल बाजोरिया, फैशन डिजाइनर, कला और संस्कृति; प्रियंका गोयनका, शिशु आहार और पोषण, उद्यमिता; अन्वेषा बनर्जी, निडर रिपोर्टिंग, पत्रकारिता; यास्मीन नाज़िया, आपराधिक वकील, कानूनी; शरण्या बनर्जी, कराटे प्रशिक्षक, मार्शल आर्ट्स; अनसूया चक्रवर्ती, सामुदायिक पुलिस अधिकारी, पुलिस सेवा; तहरीना नसरीन, तैराक, खेल; पायल वर्मा, चिकित्सीय अभ्यास, समाज सेवा; और सोमा बोस, लेखक और दृश्य कहानीकार, लेखन। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और एक उपहार पैक दिया गया।

*चित्र: वी मुत्तुकुमारन*

Rotary

# PAUL HARRIS TABLE TENNIS CARNIVAL

## ROTARIANS | ANNS | ANNETTES

SEASON 1

Rotary Club of Madras Midtown | Rotary Club of Kodaikanal | Fellowship of Table Tennis Loving Rotarians

**VENUE**
St. Peter's International School
**KODAIKANAL**
Tamil Nadu

**6, 7, 8, 9 DECEMBER 2024**

400 PLAYERS
5 COUNTRIES
50 DISTRICTS
1 TROPHY

FOR REGISTRATION
www.phttc.in

+91 63851 40808
Help Desk: 8AM to 7PM

READY TO SERVE, SPIN & SMASH
RESERVE YOUR SLOT TODAY

## CASH PRIZES & TROPHIES

FORMAT: DOUBLES

**EXPERT**
WINNER ₹100000
RUNNERS ₹50000

**CASUAL | INTERMEDIATE**
WINNER ₹75000
RUNNERS ₹25000

Impact Player ₹20000
Jean Harris cap ₹10000
Fairplay ₹10000
Golden Ball ₹10000
Paul Harris Cap ₹10000
Golden Paddle ₹10000

RTN KAMAL NARENDRA
PRESIDENT

RTN RR KUMAR | +91 93823 42357
RTN BHAVESH SHAH | +91 98402 09888

RTN CECIL S KOTEY
SECRETARY

A fund raiser towards Cancer Care | Avail 80G

ADVT.

# रोटरी की विश्वव्यापी सदस्यता में चौंकाने वाली गिरावट

**रशीदा भगत**

*RIPE मारियो कामार्गो*

क्या आप जानते हैं कि अमेरिका, जिस देश में रोटरी का जन्म हुआ, में पिछले 20 वर्षों में 100,000 से अधिक सदस्य रोटरी छोड़ चुके है? शायद नही।

मदुरई में विजन 2030 सम्मलेन में रोटरी की घटती सदस्यता पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, विशेष रूप से दुनिया के कुछ चुनिन्दा हिस्सों में, जिसमें भारत जैसे केवल कुछ क्षेत्र ही अपवाद के साथ मौजूद है, रो ई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मारियो डी कामार्गो ने कहा कि उन्होंने रोटरी में स्पष्ट रूप से तीन परिदृश्य देखे।

पहला परिदृश्य था जिसने आशा की किरण दिखाई; सदस्यता में वृद्धि देखने को मिली जहां ताइवान की वृद्धि दर 127 प्रतिशत, भारत की 103 प्रतिशत, फिलीपींस की 52 प्रतिशत और कोरिया की 35 प्रतिशत की दर रही। ''ये सभी देश एशिया में हैं। पिछले 20 वर्षों में, भारत की सदस्यता 85,000 से बढ़कर 172,000 हो गई है। आप पूछ सकते हैं कि 20 साल ही क्यों? ऐसा इसलिए है क्योंकि मैं सदस्यता में आये ऐसे उछाल में विश्वास नहीं करता जो कृत्रिम रूप से लाये गए हैं... नकली रोटेरियनों के साथ नकली क्लब। हमें सतत, स्वस्थ और दीर्घकालिक रूप से विकसित होना होगा।''

लेकिन भारत की प्रगति की सराहना करते हुए, छांड्या ने भारतीय रोटेरियनों को एक सख्त चेतावनी भी दी। ''भारत बहुत अच्छा कर रहा है। लेकिन अपने बुरे व्यवहार की वजह से अपने अच्छी छवि को धूमिल न करें; इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। आप ठीक कर रहे हैं। आप नकली सदस्य संख्या बढ़ाने के लिए बेताब नहीं हैं। आपके पास अच्छे, ठोस और मजबूत सदस्य संख्या के आंकड़े हैं।''

दूसरे परिदृश्य की तरफ रुख करते हुए, जहां सदस्य संख्या में गिरावट मामूली थी, ब्राजील में दो प्रतिशत, मैक्सिको में छह प्रतिशत और इटली में चार प्रतिशत की गिरावट के साथ, उन्होंने कहा, ''कुछ लोग इस स्थिति के लिए स्थिर शब्द का उपयोग करना पसंद करते हैं, लेकिन मैं इसे स्थिरता नहीं कहता। मेरे लिए यह ठहराव की स्थिति है। मेरे देश, ब्राजील, की रोटरी सदस्यता में ठहराव है; हम 20 सालों से 50,000 के आंकड़े पर रुके हुए हैं। इसलिए जब मुझे फ्रांस में एक क्लब को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया जहां मुझे फ्रेंच में बोलना पड़ा क्योंकि मुझे यह सुनिश्चित करना था कि जो मैं बोल रहा था वे लोग पूरी तरह से समझे और इसलिए भी कि कभी-कभी फ्रांसीसी अंग्रेजी सुनना पसंद नहीं करते हैं। मैंने कहा कि आपने पिछले 20 वर्षों में फ्रांस




में 8,000 सदस्यों को खो दिया है, जबकि आपके पड़ोसियों, जर्मनों ने 16,000 नए सदस्य बनाए हैं!''

तीसरे परिदृश्य, संकटग्रस्त क्षेत्रों या खतरे वाले स्थानों जहां रोटरी की स्थिति बहुत खराब है पर आते हुए, उन्होंने कहा कि अमेरिका की सदस्यता में 29 प्रतिशत, ऑस्ट्रेलिया में 36 प्रतिशत, कनाडा में 34 प्रतिशत और ग्रेट ब्रिटेन एवं आयरलैंड में 33 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। अमेरिका ने वर्ष 2004 से

डी कामार्गो ने बताया कि पिछले पखवाड़े उन्होंने अमेरिका में दो सम्मेलनों को संबोधित किया ''और फिर मुझे बताना पड़ा कि उनकी सदस्य संख्या कम होती जा रही है। उनमें से कई यह जानकर हैरान थे, लेकिन यही वास्तविकता है। मैंने उनसे पूछा कि आप इसके बारे में क्या करने का सोच रहे हो। यदि आप इसके खिलाफ कुछ कार्रवाई नहीं करते हैं, तो आने वाले 10 से 15 वर्षों में रोटरी का मुख्यालय शिकागो से दिल्ली स्थानांतरित हो जाएगा।''

नए क्लबों के गठन पर एक और चार्ट दिखाते हुए, रो ई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कुछ और दिलचस्प आंकड़ों का खुलासा किया। 2021-2023 के बीच, मध्य और दक्षिण पूर्व एशिया ने 296 नए रोटरी क्लबों का गठन किया था, जबकि अकेले भारत ने 658 नए क्लब बनाए थे। उन्होंने कहा, इससे पता चलता है कि भारत कैसे और क्यों आगे बढ़ रहा है; नए क्लबों की संख्या और विकास के बीच स्पष्ट रूप से एक प्रत्यक्ष संबंध है। जापान, जहां गिरावट देखने को मिल रही है, ने केवल 9, लैटिन अमेरिका, 218, ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड (GB&I) ने 26 क्लब बनाए, और इसने GB&I में रोटेरियनों की औसत आयु को 79 से घटाकर 73 वर्ष कर दिया। मैं जानना चाहता हूं कि कौन ऐसे क्लब में शामिल होना चाहेगा जहां सदस्यों की औसत आयु 73 है? आप उत्तराधिकार चाहते हैं और उनके पास विरासत छोड़ना चाहते हैं। आप उस क्लब में कौन सी विरासत छोड़ पाएंगे जहां औसत आयु ही 73 है, उन्होंने कहा।

> भारत बहुत अच्छा कर रहा है।
> लेकिन अपने अच्छे आंकड़ों को बुरे
> व्यवहार से खराब मत करो।

उन्हीं दो वर्षों में अमेरिका और कनाडा ने केवल 109 क्लब जोड़े थे। अमेरिका और कनाडा में मिलाकर 9,000 क्लब हैं, और उन्होंने केवल 109 क्लब जोड़े! यह बच्चा नहीं होने जैसा है... यदि आपके कोई बच्चे नहीं हैं, तो आपके पास अपनी कंपनी, पेशे या व्यवसाय को छोड़ने के लिए कोई वारिस नहीं है। कुछ देशों में यही हो रहा है क्योंकि लोग परिवर्तन का विरोध करते हैं; वे बदलना और वास्तविकता का सामना नहीं करना चाहते हैं। मैं उनसे कहता हूं कि अगर आप नहीं बदलेंगे, तो आप मर जाएंगे। सीधी सी बात है। ■

# टीआरएफ और इसकी जादू की छड़ी

**जयश्री**

जयश्री

*टीआरएफ ट्रस्टी चेयर मार्क मेलोनी और गे, डीजीई विनोद सरावगी (बाएं से दूसरे), डीजी एन एस सरवनन (बाएं से छठे), टीआरएफ ट्रस्टी भरत पांड्या (दाएं से तीसरे) युगांडा के परिवारों के साथ जो अपने बच्चों का सीएचडी इलाज चेन्नई के अस्पतालों में करवा रहे थे।*

रोटरी में हम सभी के पास जादू की छड़ियाँ है जो हमें अपने समुदायों में विभिन्न चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाती है। लेकिन सिर्फ एक समस्या है - ये जादू की छड़ें सिक्के से चलती हैं। इनमें से कोई भी तब तक काम नहीं करेगी जब तक आप आज और भविष्य दोनों के लिए समय, मेहनत और संसाधन नहीं लगाते हैं,'' टीआरएफ न्यासी अध्यक्ष मार्क मेलोनी ने कहा। चेन्नई में रो ई मंडल 3234 के रोटेरियनों को संबोधित करते हुए, उन्होंने उनसे रोटरी संस्थान का समर्थन करने के लिए अपनी उदारता दिखाने का आग्रह किया। ''इन सिक्का-संचालित जादू की छड़ियों से, आप पोलियो का उन्मूलन कर सकते हैं, अशांति से जूझ रही दुनिया में शांति को बढ़ावा दे सकते हैं, शुद्ध जल एवं स्वच्छता के लिए स्थायी समाधान प्रदान कर सकते हैं, सीखने को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों में निवेश कर सकते हैं और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के पुनर्वास में मदद कर सकते हैं।''

उन्होंने मार्च 2020 में जिम्बाब्वे में एक चिकित्सा ''मिशन में अपनी सहभागिता को याद किया। पीआरआईपी राजेंद्र साबू 20 भारतीय डॉक्टरों की एक टीम का नेतृत्व कर रहे थे, जिन्होंने केवल एक सप्ताह में 3,200 चिकित्सा प्रक्रियाएं की थी। उन्होंने अथक परिश्रम किया, और किसी भी प्रकार के पारिश्रमिक की अपेक्षा किए बिना मोतियाबिंद सर्जारियां की, दंत प्रक्रियाएं की और ट्यूमर हटाये। उन्होंने स्थानीय डॉक्टरों को भी प्रशिक्षित किया ताकि वे जीवन बदलना जारी रख सकें। इस अनुभव ने गे और मुझ पर एक उल्लेखनीय छाप छोड़ी। हम वहां अपने संस्थान के प्रभाव को महसूस कर सकते थे,'' उन्होंने कहा।

2025 तक 2.025 बिलियन डॉलर का अक्षय कोष बनाने के रोटरी संस्थान के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा, ''जब 2017 में इस लक्ष्य की घोषणा की गई थी, तो 2025 बहुत दूर लग रहा था। लेकिन लक्ष्य पूरा करने का समय आ चला है। एक टीम के रूप में, आइए इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए मिलकर काम करें।'' उन्होंने प्रत्येक रोटेरियन से उदाहरण स्थापित करके नेतृत्व करने एवं उदारतापूर्वक योगदान देने का आह्वान किया। ''पोलियो कोष में 100 डॉलर और वार्षिक कोष में 1,000 डॉलर दान करके जादू की छड़ी का स्वामित्व लें। हर एक डॉलर मायने रखता है - यह एक बच्चे को जीवन रक्षक पोलियो ड्रॉप प्रदान कर सकता है, मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम कर सकता है, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के खिलाफ महिलाओं का टीकाकरण कर सकता है और हमारे लोगों को कार्रवाई के लिए सशक्त बना सकता है ताकि वे दुनिया भर में स्थायी परिवर्तन ला सकें,'' उन्होंने कहा।

इससे पहले टीआरएफ न्यासी भरत पांड्या ने रोटरी दानदाताओं की उदारता के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। ''आप में से हर एक को जिसने इस वर्ष एवं पिछले वर्षों में संस्थान में दान दिया है - न्यासियों, रोटेरियनों और अनगिनत लाभार्थियों की ओर से जिन्हें आपने प्रभावित किया है - आपके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद,'' उन्होंने कहा। उन्होंने पिछले एक दशक में पाकिस्तान में मारे गए 100 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों के बलिदान पर प्रकाश डाला - उनमें से कई महिलाएं थीं - सिर्फ इसलिए कि वे बच्चों को पोलियो के खिलाफ प्रतिरक्षित करने के लिए घर-घर गए थे। ''हम उन लोगों के ऋणी हैं जिन्होंने अपनी जान गंवाई है और उन लोगों के भी जो जोखिम उठाकर पोलियो की रोकथाम के लिए काम कर रहे है और उनके बलिदान को श्रद्धांजलि दे रहे है।''

पांड्या ने टीआरएफ की नवीनतम पहल, प्रोग्राम्स ऑफ स्केल, के बारे में एक प्रेरक बात साझा की, जो एक प्रभावशाली सामुदायिक कार्यक्रम के लिए 3-5 साल की अवधि में 2 मिलियन डॉलर का अनुदान प्रदान करता है। पहला अनुदान 'मलेरिया मुक्त जाम्बिया' कार्यक्रम को प्रदान किया गया था। मलेरिया से संबंधित मौतों को कम करने में इसकी सफलता ने गेट्स फाउंडेशन का ध्यान आकर्षित किया, जिनसे अतिरिक्त 20 मिलियन का योगदान प्राप्त हुआ, जिसका रोटरी ने 10 मिलियन डॉलर के साथ मिलान किया। 'रोटरी हेल्दी कम्युनिटी स्ट्रैटेजी' नामक यह 30 मिलियन डॉलर की पहल चार देशों - जाम्बिया, नाइजीरिया, मोजाम्बिक और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य - में मलेरिया, दस्त और निमोनिया के कारण होने वाली बाल मृत्यु दर को संबोधित करेगी। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि इस फंडिंग का अगले तीन वर्षों में क्या प्रभाव पड़ेगा, जिसमें यह अफ्रीका के उस हिस्से में कुछ शीर्ष हत्यारों को भी संबोधित करेगी? यही कारण है कि हमें संस्थान की आवश्यकता है, उन्होंने कहा।

> आप में से हर एक व्यक्ति जिसने इस वर्ष और पिछले वर्षों में फाउंडेशन को दान दिया है – ट्रस्टियों, रोटेरियन और अनगिनत लाभार्थियों की ओर से जिन्हें आपने प्रभावित किया है – आपके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद।
>
> **भरत पांड्या**
> टीआरएफ ट्रस्टी

रो ई मंडल 3234 के डीजी एन एस सरवनन ने एकेएस सदस्यों और प्रमुख दानकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए घोषणा की कि मंडल ने टीआरएफ में 2 मिलियन डॉलर के दान की प्रतिबद्धताएं हासिल की है। उन्होंने बार-बार योगदान देने वाले चुनिंदा लोगों के बजाय प्रत्येक रोटेरियन से आग्रह किया कि वे आगे आएं और योगदान दें।

डीजीई विनोद सरावगी ने 54,000 डॉलर का वैश्विक अनुदान को मंजूरी देने के लिए टीआरएफ को धन्यवाद दिया, जो मंडल को युगांडा के जन्मजात हृदय विकार से पीड़ित 100 बच्चों के इलाज में मदद करेगा। चिकित्सा परियोजना को रोटरी क्लब कंपाला सेसे आइलैंड्स, हेल्दी हार्ट्स फाउंडेशन, युगांडा हॉस्पिटल और इंडियन एसोसिएशन इन अफ्रीका के साथ साझेदारी में निष्पादित किया जा रहा है। चेन्नई के कामाक्षी अस्पताल और नमार हार्ट अस्पताल में सर्जरियाँ की जा रही हैं। मेलोनी ने पीडीजी एस कृष्णास्वामी को 'पोलियो मुक्त विश्व के लिए क्षेत्रीय सेवा पुरस्कार' से सम्मानित किया। ■

# भारत में मारियो

*ऊपर: आरआईडीई एम मुरुगानंदम मदुरै में सदस्यता सम्मेलन में आरआईपीई मारियो डी कामार्गो को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।*

*ऊपर: (बाएं से) कोलकाता में पीआरआईपी शेखर मेहता, आरआईपीई डी कामार्गो, आरआईडी अनिरुद्धा रॉयचौधरी, पीआरआईडी महेश कोटबागी और कमल सांघवी; दाएं: आरआईडी अनिरुद्धा रॉयचौधरी मदुरै में पीआरआईपी के आर रवींद्रन और पीआरआईडी सी भास्कर का स्वागत करते हुए।*

*पीआरआईडी ए एस वेंकटेश, आरआईडी राजू सुब्रमण्यन और पीआरआईडी सी भास्कर।*

***ऊपर:*** *मदुरै कॉन्क्लेव में आरआईपीई डी कामार्गो और आरआईडीई मुरुगानंदम।*

***बाएं:*** *आरआईपीई डी कामार्गो और आरआईडीई मुरुगानंदम।*

***नीचे:*** *मुंबई में आरआईडी सुब्रमण्यन और पीडीजी हरजीत सिंह तलवार के साथ बातचीत करते हुए आरआईपीई डी कामार्गो।*

*ऊपर: मदुरै में आरआईपीई डी कामार्गो का पारंपरिक स्वागत किया गया।*




*दाएं: आरआईपीई डी कामार्गो और पीआरआईपी शेखर मेहता ने फुटबॉल के दीवाने दो स्थानों - ब्राज़ील और कोलकाता - की झलक दिखाई।*

***बाएं से:** मीरा और पीडीजी जॉन डेनियल, आरआईपीई डी कामार्गो,आरआईडीई मुरुगानंदम और पीआरआईडी वेंकटेश।*

*रोटरी क्लब मदुरै वेस्ट के सदस्यों के साथ पीआरआईपी रवींद्रन - (बाएं से) चित्रा गणपति, लालजी वोरा, अमर सिंह और एनएएन नारायणन।*

*ऊपर: भारत में रोटरी क्लबों द्वारा प्रायोजित बाल हृदय शल्य चिकित्सा लाभार्थीयों के साथ आरआईपीई डी कामार्गो। (बाएं से): पीआरआईडी कोटबागी, पीआरआईपी मेहता, पीआरआईडी सांघवी, आरआईडी रॉयचौधरी, पीडीजी संदीप अग्रवाला (रो ई मंडल 3141), रोटरी क्लब कलकत्ता महानगर की अध्यक्ष प्रमिला दुगर, पीडीजी रवि वदलामणि और रोटरी क्लब कलकत्ता महानगर के निर्वाचित अध्यक्ष संजय भालोटिया भी चित्र में शामिल हैं।*

*दाएं: आरआईपीई डी कामार्गो मदुरै में आयोजित स्वागत समारोह की तस्वीर लेते हुए।*

*बाएं: मदुरै में रो ई मंडल 3000 की आईपीडीजी आर आनंद जोथी ने पीआरआईडी ए एस वेंकटेश का स्वागत किया। (बाएं से): पीआरआईडी भास्कर, आरआईडी राजू सुब्रमण्यन, कॉन्क्लेव के अध्यक्ष रो ई मंडल 2981 के पीडीजी एस बालाजी, पीआरआईपी रवींद्रन और आरआईडी रॉयचौधरी भी चित्र में शामिल हैं।*

*हैदराबाद सदस्यता सम्मेलन में बाएं से: आरआईडी रॉयचौधरी, डीजी शीतल शाह (रो ई मंडल 3131), डीजी एन एस महादेव प्रसाद (रो ई मंडल 3192), आरआईपीई डी कामार्गो, डीजी सतीश माधवन (रो ई मंडल 3191), डीजीएन लेनी डा कोस्टा (रो ई मंडल 3170), आरआईडीई के पी नागेश और आरआईडी सुब्रमण्यन।*

*चित्र: रशीदा भगत, वी मुत्तुकुमारन और विशेष व्यवस्था; रुपरेखा: कृष्णा प्रथीश एस*

किरण ज़ेहरा

# टीआरएफ न्यासी अध्यक्ष ने किया चेन्नई की सेवा पहलों का दौरा

**किरण ज़ेहरा & वी मुत्तुकुमारन**

टीआरएफ न्यासी अध्यक्ष मार्क मेलोनी ने चेन्नई में परियोजना ई-शाला संस्करण 2 का उद्घाटन करते हुए कहा कि, रोटरी का असली सार स्थानीय चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देना है। रोटरी क्लब मद्रास ईस्ट (आरसीएमई), रो ई मंडल 3234, के नेतृत्व में यह वैश्विक अनुदान पहल, स्कूलों में संवादात्मक पैनलों को समाहित करके डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देती है, जिससे छात्रों और शिक्षकों को प्रौद्योगिकी का बेहतर तरीके से उपयोग करने में मदद मिलती है। मेलोनी ने रोटेरियनो से पोलियोप्लस कोष में योगदान करने का भी आग्रह किया, और वैश्विक अनुदानों का समर्थन करने के लिए निर्देशित योगदान और नकद योगदान पर विचार करने को कहा।

टीआरएफ न्यासी भरत पांड्या ने क्लब द्वारा संस्थान को दिए गए 145,000 डॉलर के योगदान के लिए सराहा और विशेष रूप से लड़कियों के लिए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा सच्चा सशक्तिकरण सोने की चेन या हीरों से नहीं आता है, बल्कि स्वायत्तता से आता है जो केवल एक अच्छी शिक्षा प्रदान कर सकती है। इस परियोजना के जरिये, आप हजारों लड़कियों के जीवन को बदलने जा रहे हैं। *ई-शाला परियोजना,* जिसका लोकार्पण 2019-2020 में किया गया था, ने चेन्नई में विवेकानंद एजुकेशनल सोसाइटी के आठ स्कूलों में ₹1 करोड़ के स्मार्टबोर्ड प्रदान किए। रोटरी क्लब मद्रास सेंट्रल, रोटरी क्लब मद्रास कोरोमंडल और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों - ग्रेटर सिडनी, हिल्स-केलीविल, मेडिसिन हैट और कैटराकी किंग्स्टन के रोटरी क्लबों द्वारा समर्थित, इस पहल ने 82 संवादात्मक पैनल प्रदान किए, जिन्होंने विज्ञान के लिए पीएचईटी, क्विज़ के लिए कहूट, गणित के लिए जियोजेब्रा और कोडिंग के लिए स्क्रैच जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग की अनुमति दी।

पायलट परियोजना की सफलता ने *ई-शाला 2* का मार्ग प्रशस्त किया, जिससे शहर के उत्तरी उपनगरों के स्कूलों को लाभ हुआ। आरसीएमई के अध्यक्ष पी मुत्तु ने कहा, ''इसका लक्ष्य सुविधाओं से वंचित स्कूलों में आधुनिक डिजिटल शिक्षण उपकरण लाना है, जिससे छात्रों को संसाधनों की एक विस्तृत श्रृंखला तक आसानी से पहुंच मिल सके।'' उन्होंने क्लब के सदस्य श्रीनिवास राव और उनकी पत्नी विनांबिक को उनके 35,000 डॉलर के योगदान के लिए धन्यवाद दिया, जिससे ई-शाला 2 संभव हो सकी। ''ये राशि श्री राम दयाल खेमका विवेकानंद विद्यालय की 25 कक्षाओं को संवादात्मक स्मार्ट पैनलों के साथ अपग्रेड करेगी।'' इस परियोजना के लिए अंतर्राष्ट्रीय भागीदार रोटरी क्लब इरविन, रो ई मंडल 5320, यूएसए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि क्लब ने 2.5 मिलियन डॉलर की वैश्विक अनुदान परियोजनाएं की हैं।

आरसीएमई में 26 प्रमुख दानकर्ता हैं जो कि लगातार तीन वर्षों से 100 प्रतिशत पॉल हैरिस फेलो क्लब अवार्ड के प्राप्तकर्ता भी हैं। क्लब की प्रमुख पहलों में ₹1 करोड़ की BETI *(Better Education*

*प्रोजेक्ट ई-शाला संस्करण 2 के उद्घाटन पर (बाएं से) डीआरएफसी अध्यक्ष दाक्षायनी बी, आरसीएमई सदस्य दिव्या सिद्धार्थ, ट्रस्टी चेयर मेलोनी, क्लब अध्यक्ष पी मुत्तु, ट्रस्टी भरत पांड्या, श्रीनिवास राव, पीडीजी जे श्रीधर और श्रीनिवास राव की पत्नी विनांबिका।*

*and Training Initiatives)* वैश्विक अनुदान परियोजना शामिल है, जो 5,000 से अधिक छात्रों को लाभान्वित करती है, और इसके अलावा क्लब ने रामकृष्ण मिशन पॉलिटेक्निक कॉलेज के 5,000 छात्रों को व्यावहारिक कौशल में प्रशिक्षित करने के लिए ₹45 लाख की हाइड्रोलिक लैब स्थापित की है। आरसीएमई ने 22,500 वंचित व्यक्तियों को ₹4.5 करोड़ लागत की मोतियाबिंद सर्जरियों की सहायता प्रदान की है। विनर्स बेकरी पहल दीर्घकालिक लाभ उत्पन्न करती है जिससे व्यावसायिक परियोजनाओं और युवाओं को रोजगार के अवसरों के लिए धन प्राप्त होता है। *विंग्स टू फ्लाई* परियोजना, जिसका 10वां संस्करण चल रहा है, अब तक सरकारी स्कूल के 25,000 छात्रों को विदेश जाने का मौका दे चुकी है। क्लब ने नेत्र देखभाल और प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने के लिए चेन्नई में अरविंद रोटरी सेंटर फॉर एडवांस्ड ऑप्थेल्मिक रिसोर्सेज एंड एजुकेशन (₹1.5 करोड़) भी स्थापित किया है। अपोलो अस्पताल और तमिलनाडु सरकार के साथ साझेदारी में आरसीएमई की ₹4.5 करोड़ की *हीलिंग टाइनी हार्ट्स* परियोजना ने वंचित समुदायों के 1,500 से अधिक बच्चों के लिए जीवन रक्षक हृदय सर्जरियों को वित्त पोषित किया है।

## नाडी डायलिसिस केंद्र

मेलोनी और उनकी पत्नी गे ने उत्तरी उपनगर माधवरम में नाडी-आरसीएम-टोलिया डायलिसिस केंद्र का दौरा किया। पीडीजी जेबी कामदार जो औद्योगिक पंखों के निर्माता नाडी एयरटेक्निक्स के सी एम डी हैं ने कहा, दंपति मरीजों को यहां मिलने वाली सुविधाओं से प्रभावित थे, जिन्हें जून 2022 से 12 मशीनों द्वारा मुफ्त इलाज दिया जा रहा है।

सांख्यिकीय आंकड़ों को देखते हुए, रोटरी दंपति यह जानकर खुश थे कि अब तक 14,474 डायलिसिस सत्र किए गए थे, जिससे 140 मरीजों को लाभ हुआ जिसमें 70 मरीज अभी भी सत्र ले रहे है।

डायलिसिस केंद्र की दो साल की यात्रा को याद करते हुए, कामदार ने कहा कि ''₹2.5 करोड़ की कुल परियोजना लागत में से ₹1 करोड़ का वैश्विक अनुदान रोटरी क्लब मद्रास, रो ई मंडल 3234, द्वारा मशीनों को खरीदने के लिए इस्तेमाल किया गया था, जबकि भवन और अन्य सुविधाओं का उपयोग पुष्पावती बाबूलाल कामदार चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ''₹1.5 करोड़ की लागत से किया गया था। क्लब ने रोटरी क्लब अलामो, रो ई मंडल 5160, यूएस, और वॉकहार्ट फाउंडेशन के साथ भागीदारी की जो डायलिसिस केंद्र संचालित करता है। इस सुविधा की प्रशासक बी कौशल्या ने कहा, ''जल्द ही रोटरी क्लब चेन्नई माधवरम हमारी सेवा क्षेत्र का विस्तार करने के लिए और नए डायलिसिस इकाइयों को जोड़ेगा।''

एक व्यापक चिकित्सा परिसर का हिस्सा होते हुए, ''हम एक नया 30,000 वर्गफुट क्षेत्र वाला केंद्र स्थापित करेंगे जिसमें 20 मशीनों के साथ विस्तारित डायलिसिस इकाई होगी - रोटरी क्लब चेन्नई माधवरम से पांच और हमारे पारिवारिक न्यास द्वारा वित्त पोषित तीन मशीनें होंगी'' कामदार ने कहा। जबकि क्लब ₹40 लाख के वैश्विक अनुदान के माध्यम से यह काम करेगा, कामदार न्यास द्वारा वित्त पोषित ₹12 करोड़ की लागत वाली नई इमारत में एक मैमोग्राम क्लिनिक, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच सुविधा और नाडी-एसएमएफ मेडिकल सेंटर नामक एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी शामिल होगा। रोटरी क्लब चेन्नई माधवरम की पूर्व अध्यक्ष जयंती नागराजन ने कहा कि नाडी स्वास्थ्य केंद्र पिछले 14 वर्षों से स्थानीय समुदाय के लिए किफायती दर पर सामान्य स्वास्थ्य और नैदानिक सेवाएं प्रदान कर रहा है। कामदार ने उम्मीद जताई है कि दिसंबर 2025 तक नए चिकित्सा भवन का उद्घाटन हो जाएगा। ■

फ्री मुत्तुकुमारन

*नाडी-आरसीएम-टोलिया डायलिसिस सेंटर में ट्रस्टी चेयर मैलोनी, ट्रस्टी पांड्या, पीडीजी श्रीधर, मार्लीन और पीडीजी जेबी कामदार, गे, मैलोनी और आरसी मद्रास के पूर्व अध्यक्ष विजया भारती रंगराजन।*

# जन्मभूमि पर रोटरी संकट में: डी कामार्गो

रशीदा भगत



नवनिर्वाचित रो ई निदेशक एम मुरुगानन्दम द्वारा मदुरै में आयोजित विजन 2030 सदस्यता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रो ई अध्यक्ष निर्वाचित मारियो डी कामार्गो ने स्पष्ट किया कि सभी स्तरों पर सदस्यता रोटरी नेताओं की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और उन्होंने रोटरी के उन प्रमुख एवं महत्वपूर्ण शब्दों और वाक्यांशों के बारे में विस्तार से बताया जिन्हें अक्सर गलत समझा जाता है।

उनका इशारा उन तीन प्रकार के नेताओं की ओर था जिनसे वे रोटरी में मिले। ''पहले थे वह नेता जो कुछ करके दिखाते है, दूसरे वो जो कुछ होने देते है और तीसरे वो होते है जो कुछ भी होने पर आश्चर्य

*RIPE मारियो डी कामार्गो*

करते है। अगर हमें ऐसे नेता मिलते हैं जो कुछ भी होने पर चकित रहते है तो रोटरी का कोई भविष्य नहीं होगा। हमें ऐसे नेताओं की जरूरत है जो कुछ करके दिखाते हैं।''

तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्होंने कहा, ''भारत में आप यह करके दिखा रहे हैं। मैं चाहता हूँ कि हमारे पास रोटरी जगत में और अधिक भारतीय हो। अपनी गिरती सदस्यता के साथ उत्तरी अमेरिका इस संस्था पर नियंत्रण खो रहा है। जब मैं उन्हें यह बात बताता हूँ तो उन्हें यह पसंद नहीं आती लेकिन मैं स्पष्टवादी हूँ। तथ्य यह है कि रोटरी अपने जन्मस्थान पर संकट में है। मेरा मानना है कि रोटरी की ताकत उसके पास मौजूद धनराशि नहीं बल्कि हमारे सदस्य, हमारे क्लब और मंडल है। यह एक सरल समीकरण है। लेकिन इसे समझने में हमें बहुत लंबा समय लगा।''

इसके बाद उन्होंने रोटरी नेताओं द्वारा उत्तराधिकार योजना तैयार करने के महत्व पर जोर दिया; ''हमें ऊपर से नीचे की निरंतरता को बनाए रखने का अधिकतम लाभ उठाना चाहिए हालांकि यह कहना जितना आसान है करना उतना ही मुश्किल... कुछ रोटरी नेताओं के लिए निरंतरता का मतलब बस यह है कि मैं नियम बनाऊँ और मेरे उत्तराधिकारी उसका पालन करें। मैं ऐसी निरंतरता देखना चाहता हूँ कि आप फोन उठाकर कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने उत्तराधिकारी से पूछे कि उनकी इस बारे में क्या राय है। मेरे लिए निरंतरता का अर्थ सम्मान है... अपने उत्तराधिकारी के लिए सम्मान। हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी जहाँ कुछ अध्यक्ष या निर्देशक कहते हैं कि मैं निरंतरता चाहता हूँ लेकिन वह जाते वक्त अपने पीछे अपने सभी निर्णयों को मेज पर छोड़ जाते है ताकि उनके बाद वाला व्यक्ति उन निर्णयों का पालन कर सकें। और कुछ निर्देशक ऐसा करते भी हैं। हमें ऊपर से शुरुआत करनी होगी। दयालु बनें, उदार बनें, एक सज्जन बनें, निर्णय लेने से पहले अपने उत्तराधिकारी से परामर्श करें... यही सच्ची निरंतरता है। यदि हम अपने उत्तराधिकारियों को अपने निर्णयों में शामिल नहीं करेंगे तो कुछ भी नहीं होगा इसलिए निरंतरता का अर्थ मूल रूप से सम्मान देना है।''

**दयालु बनें, उदार बनें, सज्जन बनें, कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने उत्तराधिकारी से सलाह लें... यही सच्ची निरंतरता है।**

परिवर्तन के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, हमारे समय के साथ समस्या यह है कि हमारा भविष्य वैसा नहीं है जैसा पहले हुआ करता था। यह हर दो, तीन, चार साल में बदलता है। उदाहरण के लिए कारों की तकनीक को ही ले लीजिए। सब कुछ पर्याप्त गति से बदलता है और समाज भी उसके अनुसार बदलता है। अगर हम परिवर्तन के साथ तालमेल नहीं रखते हैं तो हम अप्रासंगिक हो जाएंगे।

रशीद भगत

*मदुरै में सदस्यता सम्मेलन का उद्घाटन करते RIDs राजू सुब्रमण्यम और अनिरुद्ध रॉयचौधरी। तस्वीर में (बाएं से): PRID सी भास्कर, पीडीजी एस बालाजी, RIDE एम मुरुगानंदम, RIPE डी कामार्गो, PRIP के आर रवींद्रन और PRID ए एस वेंकटेश भी शामिल हैं।*

डी कामार्गो ने कहा कि वह 2008 में पहली बार भारत आए थे ''तब से यहाँ काफी बदलाव देख रहे हैं। मैं अंतर देख सकता हूँ... नई इमारतें, नए राजमार्ग, नई कारें, नए पेशे। यदि आपका क्लब अपने परिवेश पर ध्यान न देकर अपने पुराने तौर-तरीकों पर अडिग रहता है तो आप अपने सदस्यों को खो देंगे।''

इसके बाद उन्होंने अपने गृह नगर सैंटो आंद्रे का एक उदाहरण दिया, ''जो एक औद्योगिक केंद्र और लोकोमोटिव उद्योग का जन्मस्थान है। लेकिन लोकोमोटिव उद्योग शहर से बाहर चला गया। वे सस्ती जमीन, बेहतर कर, सस्ते श्रमिकों के लिए वहाँ चले गए। हमने लोकोमोटिव उद्योग को खो दिया; इसके सभी महत्वपूर्ण व्यक्ति मेरे पिताजी के क्लब में थे... फायरस्टोन, जनरल मोटर्स आदि। उन सभी कंपनियों के चले जाने के बाद उनके क्लब (रोटरी क्लब सैंटो आंद्रे) को बदलना पड़ा, वही बने रहने के लिए। यदि आप चाहते हैं कि चीजें वैसी ही रहें जैसी वे हैं तो चीजों को बदलना होगा। इसलिए मेरा क्लब वैसा ही बने रहने के लिए बदल गया।''

**जब उनके पिता रोटरी क्लब सैंटो आंद्रे के सदस्य थे, तब उनके क्लब में केवल 45 सदस्य थे; आज इसमें 167 सदस्य हैं क्योंकि ''हम परिवर्तन से डरते नहीं हैं।''**

इसका परिणाम यह हुआ कि उनके क्लब में जब उनके पिता सदस्य थे तब हमारे पास केवल 45 सदस्य थे; ''आज इसमें 167 सदस्य है क्योंकि हम परिवर्तन से डरते नहीं हैं।''

उन्होंने अपनी पत्नी डेनिस का उदाहरण दिया; जब उन्होंने उनको अपने क्लब में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया, ''यह कहते हुए कि इसमें 110 सदस्य हैं जो बहुत अच्छी पृष्ठभूमि से हैं और हमारे समाज में बहुत प्रतिष्ठित है तो उन्होंने कहा कि मैं आपके क्लब में शामिल नहीं होना चाहती क्योंकि मैं एक अलग तरीके से रोटरी करना चाहती हूँ। मैं हर गुरुवार को शराब और व्हिस्की के साथ भोजन नहीं करना चाहती। मैं नए तरीके से रोटरी को करना चाहती हूँ। इसलिए मैंने अपने क्लब को एक सैटेलाइट क्लब बनाने की चुनौती दी।''

यह 8 महिलाओं के साथ ''हमारी डाइनिंग टेबल पर किया गया था; अब 8 महिलाएं बहुत अच्छा भी कर सकती हैं या उनका विरोध किए जाने पर विनाश भी कर सकती हैं। इसलिए महिलाओं को ना न कहें। आज हमारे सैटेलाइट क्लब में 57 सदस्य हैं। और वे एक सामान्य क्लब नहीं बनना चाहते क्योंकि वे रोटरी की कागजी कार्यवाही, नौकरशाही, रिकॉर्ड और संख्या के चक्करों में नहीं पड़ना चाहते। वे बस परियोजनाएं करके मजा करना चाहते हैं। जो बहुत समय पहले रोटरी की विचारधारा थी। हम अच्छा करते हैं और मज़े करते हैं। तो यही उनके क्लब का मूल सिद्धांत है और वह अपने क्लब में बहुत अच्छा कर रही है।''

*RIPE डी कामार्गो, RID रॉयचौधरी के साथ। तस्वीर में PRID वेंकटेश, RID सुब्रमण्यन और RIDE मुरुगानंदम भी शामिल हैं।*

आगे बढ़ते हुए नए विचार, नवाचार, निरंतरता, साझेदारी और नए क्लब प्रारूप आवश्यक थे। उदाहरण के लिए पूरी दुनिया में रोटरी सैटेलाइट क्लबों में केवल 9,000 सदस्य हैं। ''अगर हम एक कंपनी होते तो हम दिवालिया हो चुके होते क्योंकि हमने बाजार में एक नया उत्पाद पेश किया है जिसे सैटेलाइट क्लब कहा जाता है जो अधिक लचीला, अधिक फुर्तीला और कम नौकरशाही वाला है। लेकिन 8 या 9 साल बाद हमारे पास उस बाजार का केवल 1 प्रतिशत हिस्सा होता। यह सफलता नहीं है।''

सैटेलाइट क्लबों का प्रचार करना होगा क्योंकि वे व्यवहार्य हैं और उन सदस्यों को जुड़ने का एक अवसर प्रदान करते हैं जो किसी पुराने क्लब से संबंधित नहीं है और न ही साप्ताहिक बैठकों में भाग ले सकते हैं मगर फिर भी रोटरी क्लब में भाग लेने की इच्छा रखते हैं।

रोटरी के लिए हर तरह से नए सदस्यों को जोड़ना कितना महत्वपूर्ण है यह दोहराते हुए डी कामार्गो ने प्रतिनिधियों को आगाह किया कि ''रोटेरियन सदस्यता के बारे में मुझे सुनते हुए थक जाएंगे। मगर हमारा ध्यान इसी पर होना चाहिए, हमें सदस्यों की संख्या बढ़ानी होगी क्योंकि हम बूढ़े हो रहे हैं... मैं बूढ़ा हो रहा हूँ। मैं पिछले 44 साल से एक रोटेरियन हूँ। मैं RYE कार्यक्रम से आने वाला पहला रो ई अध्यक्ष हूँ, क्या आप यह जानते हैं? इसलिए मैं रोटरी कार्यक्रम का एक उत्पाद हूँ।''

**मेरी पत्नी डेनिस ने कहा कि मैं आपके क्लब में शामिल नहीं होना चाहती, मैं रोटरी को अलग तरीके से करना चाहती हूँ। मैं हर गुरुवार को वाइन और व्हिस्की के साथ भोजन नहीं करना चाहती। मैं रोटरी को सफल बनाने का एक अलग तरीका अपनाना चाहती हूँ।**

**RIPE मारियो डी कामार्गो**

*PRIP रवींद्रन के साथ RIDE मुरुगानंदम।*

सदस्यों को कहाँ से लाया जाए, इस पर उन्होंने एकत्रित रोटेरियनों से कहा: ''हम पेशेवर संघों से क्यों नहीं जुड़ते? वकील, दंत चिकित्सक, डॉक्टर, इंजीनियर, आर्किटेक्ट, प्रिंटर, कपड़ा उद्योग... उन सभी के अपने व्यापार संघ हैं। मैं ब्राजील में तीन साल और लैटिन अमेरिका में 10 साल तक एक प्रिंटर संघ का अध्यक्ष रहा था। बहुत कम सदस्य रोटेरियन थे। हम ऐसे संघों के साथ क्यों नहीं जुड़ सकते? हमें इसी प्रकार की गुणवत्ता की आवश्यकता है। मैं नहीं चाहता कि आप रोटेरियनों की संख्या को बेहतर दिखाने के लिए सड़कों पर जाकर उन्हें पकड़कर लाएं। हमें गुणवत्ता स्तर को बनाए रखना होगा अन्यथा हम आत्म-विनाश की स्थिति में पहुँच जाएंगे। लेकिन गुणवान सदस्यों को प्राप्त करना कठिन है; हमें विविध प्रतिभाओं पर ध्यान देना होगा, ऐसे लोगों की खोज करनी होगी जो हमारी सामूहिक मानसिकता को साझा करते हैं। यह खोज आसान नहीं है मगर पेशेवर और व्यापार संघ में इस तरह के लोग हैं।''

उन्होंने आगे कहा कि पोलियो से यह सबक सीखा गया है। ''हमने सीखा कि अकेले हम बहुत कुछ कर सकते हैं लेकिन अगर हम साझेदारी करते हैं तो हम दुनिया को बदल सकते हैं।''

उन्होंने याद किया कि कैसे एक बार उन्होंने गेट्स फाउंडेशन के एक शीर्ष नेता से पूछा था कि उन्होंने रोटरी को इतना पैसा - 100 मिलियन डॉलर प्रति वर्ष - क्यों दिया जबकि उनके पास इतने सारे विकल्प थे। ''उन्होंने बड़ी सरलता से उत्तर दिया: 'क्योंकि आपके पास 1.2 मिलियन स्वयंसेवक हैं और आप अपने स्वयंसेवकों को एक प्रतिशत का भी भुगतान नहीं करते हैं। इसलिए मुझे अचानक यह एहसास हुआ कि हमारी सबसे बड़ी संपत्ति टीआरएफ में हमारे पास मौजूद

रशीदा भगत

*RIPE डी कामार्गो और PRIP रवींद्रन।*

# महान सौहार्द

मदुरै कार्यक्रम में नवनिर्वाचित रो ई अध्यक्ष मारियो डी कामार्गो और पूर्व रो ई अध्यक्ष के आर रवींद्रन के बीच महान सौहार्द स्पष्ट था, उनकी मुलाकात के समय एक-दूसरे को बधाई देने, मंच पर उनकी बैठक के दौरान एक दूसरे को सहज रूप से गले लगाने और रवीन्द्रन ने जब कामार्गो का परिचय दिया तो यह सामान्य एवी प्रस्तुतियों से हटकर था जिसे देखकर रोटेरियन अक्सर ऊब जाते है।

रवींद्रन ने कहा कि लिस्बन कन्वेंशन में ''एक पीडीजी ने मेरा ध्यान आकर्षित किया इसलिए नहीं कि वो दिखने में आकर्षक लगे या वो एक दक्षिण अमेरिकी थे बल्कि जिस तरह से उन्होंने खुद को प्रस्तुत किया और जिस स्पष्टता के साथ उन्होंने अपना पक्ष रखा। मुझे लगा कि उन्हें जगह-जगह जाना ही पड़ेगा। और मेरी अंतरात्मा सही थी!''

एक उत्कृष्ट नेता के विशिष्ट गुणों को परिभाषित करते हुए रवींद्रन ने कहा, ''ऐसे नेता को एक समझदार व्यक्ति, साथी और सहानुभूति रखने वाला होना चाहिए। उनके पास मन की ताकत, एक मजबूत दिमाग वाले अधिकारी के रूप में कार्य करने की क्षमता और कोविड महामारी या 9/11 के हमलों जैसे कठिन समय के दौरान नेतृत्व करने के लिए ज्ञान और दृढ़ संकल्प होना चाहिए।''

रो ई एक बहुत ही जटिल संगठन है और ''रो ई बोर्ड का नेतृत्व करने और प्रेरक रूप से बैठकों की अध्यक्षता करने में सक्षम होने के लिए एक व्यक्ति को स्पष्ट दिमाग की आवश्यकता होती है। आपमें त्वरित रूप से सोचकर निर्णय लेने और बोर्ड के लोगों को निर्देशित करने की क्षमता होनी

चाहिए... जो विभिन्न महाद्वीपों के प्रभावशाली लोग हैं। मारियो यह पहले ही दिखा चुके है कि उनके पास ऐसा करने की क्षमता है।''

उन्होंने साओ पाओलो सम्मेलन से ठीक पहले एक संकटग्रस्त स्थिति को याद किया; ''अध्यक्ष गेरी हुआंग के कार्यालय में एक बैठक थी और हम सम्मेलन को रद्द करने का सोच रहे थे तब हम में से एक ने कहा कि चलो मारियो को शामिल करते हैं। मारियो आए और वह सम्मेलन हो पाया।''

पूर्व अध्यक्ष ने आगे कहा: ''रो ई अध्यक्ष बनने वाले व्यक्ति को एक शोमैन होना चाहिए क्योंकि आप एक बहुत ही जटिल संगठन का चेहरा होते हैं। मारियो एक शोमैन है, वह आकर्षक है, जैसा कि आप सभी ने आज देखा, वह आप सभी के साथ बैठकर तस्वीरों के लिए पोज देने में सक्षम है। अध्यक्ष बनने के लिए दुनिया भर में दर्शकों को प्रेरित और उत्साहित करने में सक्षम होने के लिए संचार कौशल की आवश्यकता होती है। आपके नवनिर्वाचित अध्यक्ष से बेहतर विवेकपूर्ण और सक्षम व्यक्ति कोई नहीं है। वह कई भाषाएं बोलते हैं अंग्रेजी, स्पेनिश, जर्मन, थोड़ी फ्रेंच, इतालवी और बेशक पुर्तगाली। अगर वह आपके साथ मदुरै में कुछ दिन रुके तो वह तमिल भी बोलने लगेंगे!''

एक रो ई अध्यक्ष बनने वाले व्यक्ति को एक चतुर वकील की तरह होने की भी आवश्यकता होती है ताकि वह सही और गलत के बीच का अंतर समझ सकें, भारी-भरकम संवैधानिक दस्तावेजों की व्याख्या कर सकें और कर्मचारियों एवं अन्य नेताओं दोनों को प्रभावी रूप से निर्देशित कर सकें। ''मारियो में ये सभी गुण हैं और वह एक महान अध्यक्ष बनेंगे।''

वे दोनों मुद्रण, पैकेजिंग और प्रकाशन की साझा पृष्ठभूमि से है। डी कामार्गो हाल तक एक विशाल प्रिंटिंग कंपनी चलाते थे जिसे उन्होंने कुछ साल पहले बेच दिया था और आज वह एक बहुप्रतीक्षित व्यापार सलाहकार है। विभिन्न पेशेवर

संगठनों और व्यापार निकायों में नेतृत्व पदों पर सेवा देने के बाद, ''वह रोटरी के बिना भी एक वैश्विक व्यक्ति है। मैंने टीआरएफ में उनके साथ काम किया है; वह निर्भीक है, अच्छी तरह से पढ़े-लिखे है और ऐसे निर्णय लेते है जो हमेशा लोकप्रिय नहीं होते मगर संगठन की भलाई के लिए उचित होते है। रो ई अध्यक्ष बनने वाले चौथे ब्राजीलियाई व्यक्ति, वह नेतृत्व और प्रबंधन मुद्दों पर सख्त रहते हैं और इस बात पर बहुत ध्यान देते हैं कि टीआरएफ निधि का उपयोग कैसे किया जाए। एक गहन व्यावसायिक सोच के साथ वह खर्च में कटौती करने, अधिक कुशलता से संचालन करने के तरीकों को देखते है और हमें आने वाले वर्ष में रोटरी का नेतृत्व करने वाले एक शानदार, अत्यधिक प्रेरित, अनुशासित, मेहनती और सर्वोच्च आत्मविश्वासी अध्यक्ष मिलने जा रहा हैं।''

जवाब में डी कामार्गो ने कहा: ''रवि ने मुझे रोटरी फ्रीजर से बचाया। कुछ पीडीजी को कभी-कभी दंडित किया जाता है और फ्रीजर में छोड़ दिया जाता है क्योंकि वे हमेशा वरिष्ठ नेताओं से सहमत नहीं होते और मुझे 6-7 साल तक के लिए फ्रीजर में छोड़ दिया गया था, जब तक कि मुझे रवि द्वारा बचाया नहीं गया। रो ई निदेशक चुने जाने से पहले उन्होंने मुझे (टीआरएफ) ट्रस्टी बनाया। इसलिए मैं यह कहने से कभी नहीं चूकता कि धन्यवाद रवि उस समय मेरा ध्यान रखने के लिए जब किसी को मेरा ध्यान नहीं था।''

दर्शकों में मौजूद पीआरआईडी भास्कर को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा, ''भास्कर उस नामांकन समिति में थे जिसने मुझे अध्यक्ष के रूप में चुना। इसलिए अगर मैं कुछ अच्छा करूंगा तो उसके लिए तारीफ स्वीकार करूंगा मगर ऐसा नहीं हुआ तो फिर मैं आपको भास्कर का सेल फोन नंबर दूंगा!''

*आर बी*

2 बिलियन डॉलर नहीं बल्कि हमारे सदस्य हैं। लेकिन हम 1996 से 1.2 मिलियन सदस्यों पर ही स्थिर हैं। भारत नहीं... दुनिया का यह हिस्सा नहीं बल्कि कुछ क्षेत्रों में। रोटरी की जन्मभूमि संकट में है।

जब मैं अमेरिका या कनाडा में यह बात करता हूँ तो उन्हें यह पसंद नहीं आती। लेकिन हमें सच तो बताना होगा.. यही वास्तविकता है और मैं यहाँ चिकनी-चुपड़ी बातें करने नहीं आया हूँ।''

पांच रो ई मंडलों 2981, 2982, 3000, 3212 और 3231 के लिए सदस्यता सम्मेलन के संयोजक आरआईडीई एम मुरुगनंदम ने कहा कि इस आयोजन के लिए पंजीकरण शुल्क 2,500 से अधिक था और यह सभागार की क्षमता से परे था। दुनिया भर में रोटरी के बारे में जागरूकता पर रो ई की आरपीआईसी (रोटरी पब्लिक इमेजिन कोऑर्डिनेटर) टीम द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के परिणामों का उद्धरण देते हुए उन्होंने एक सवाल 'क्या आपने रोटरी नामक संगठन के बारे में सुना है?' के जवाब में कहा, ताइवान में सर्वेक्षण में शामिल लोगों की प्रतिक्रिया 91 प्रतिशत थी और उसके बाद भारत में यह दर 83 प्रतिशत थी। लेकिन रोटरी के बारे में लोगों की समझ से जुड़े अगले सवाल कि वे रोटरी के कार्यों से कितने परिचित है, के जवाब में वह कहते है कि सर्वेक्षण के अनुसार भारत के लिए यह आंकड़ा सबसे अधिक 73 प्रतिशत था, इसके बाद नाइजीरिया 57 प्रतिशत और ताइवान 54 प्रतिशत।

नवनिर्वाचित निदेशक ने कहा कि भले ही भारत बढ़ रहा है, चमक रहा है और ''हमारे ज़ोनों में 1.72 लाख रोटेरियनों के साथ 4,856 क्लब हैं मगर तथ्य यह है कि हमारे चार ज़ोनों में से दो ज़ोन और हमारे 44 मंडलों में से 19 मंडलों में गिरावट आई है फिर भले ही हमारी शुद्ध वृद्धि 1,341 सदस्य की थी।'' अपनी प्रस्तुति में इस्तेमाल किए गए चार्ट की मदद से उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के 45 प्रतिशत क्लब रेड जोन में थे, 35 प्रतिशत एम्बर जोन में थे और केवल 20 प्रतिशत ही ग्रीन जोन में थे। उन्होंने अनुमान लगाते हुए कहा कि अगर रेड जोन के क्लबों को एम्बर और एम्बर ज़ोन के क्लबों को ग्रीन ज़ोन में धकेल दिया जाए तो भारत में करीब 25,000 नए सदस्य जुड़ सकते हैं।

मुरुगानंदम ने रोटेरियनों से आग्रह किया कि वे रोटरी परिवार में रोटरेकटरों और इंटरेकटरों को जोड़ने पर भी अपना ध्यान केंद्रित करें। उनकी संख्या बढ़ाने की संभावनाओं और भारत में ये संख्या क्यों नहीं बढ़ रही है, पर एक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि 74 प्रतिशत रोटरी क्लबों ने एक भी रोटरेक्ट क्लब को प्रायोजित नहीं किया है और 79 प्रतिशत क्लबों ने एक भी इंटरेक्ट क्लब को प्रायोजित नहीं किया है। इसके अलावा 80 प्रतिशत भारतीय रोटरी क्लबों ने एक भी आरसीसी (रोटरी कम्युनिटी कॉर्प्स) की स्थापना नहीं की।

उन्होंने कहा, ''अगर हम चाहते हैं कि यह संगठन अगले कुछ दशकों में फले-फूले तो इसके लिए युवा बहुत महत्वपूर्ण हैं,'' उन्होंने दोहराया कि उन्होंने खुद एक रोटरेकटर के रूप में अपनी रोटरी यात्रा शुरू की थी।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि पीआरआईडी सी भास्कर ने एक एकेएस सदस्य बनने का फैसला किया है।

**मैं नहीं चाहती कि आप सिर्फ़ संख्या को बेहतर दिखाने के लिए सड़कों पर रोटेरियन की तलाश करें। हमें गुणवत्ता का स्तर बनाए रखना होगा, अन्यथा हम आत्म-विनाश मोड में चले जाएँगे।**

**74 प्रतिशत रोटरी क्लबों ने एक भी रोटारेक्ट क्लब को प्रायोजित नहीं किया है, 79 प्रतिशत क्लबों ने एक भी इंटरेक्ट क्लब शुरु नहीं किया है, और 80 प्रतिशत भारतीय रोटरी क्लबों ने एक भी आरसीसी स्थापित नहीं किया है।**

RIDE **एम मुरुगानंदम**

अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में रो ई निदेशक अनिरुद्धा रॉयचौधरी ने कहा कि ''दुनिया में रोटरी की निष्क्रिय और गिरती सदस्यता चिंता का विषय है, रोटरी के मूल सिद्धांत बहुत मजबूत नींव पर आधारित हैं। हमारा कॉर्पोरेट प्रशासन अपने सर्वोत्तम स्तर पर है और हमारे पास इस दौर से गुजरने के संसाधन हैं जिसमें सदस्यता को लेकर थोड़ी निराशा हैं लेकिन हमें इस स्थिति से निपटने के लिए योजना तैयार करनी होगी।'' उन्हें विश्वास है कि डी कामार्गो के विकासवादी और क्रांतिकारी नेतृत्व के अंतर्गत रोटरी का भविष्य उज्ज्वल रहेगा।

उन्होंने प्रतिनिधियों से रोटरी की एकीकृत नीति और डीईआई दिशानिर्देशों को अपनाने का आग्रह करते हुए आगे कहा, ''समुदाय में महत्वपूर्ण प्रभाव लाने के लिए हमें अपने क्लबों को मजबूत बनाना होगा। आपकी प्राथमिकता सदस्यता बढ़ाने, सदस्यों के साथ जुड़ने और स्थानीय समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए क्लबों को प्रोत्साहित करने की होनी चाहिए। हमारी सार्वजनिक छवि को बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया का प्रभावी ढंग से उपयोग करें। नेतृत्व विकास और अभिनव साझेदारी ऐसे अन्य क्षेत्र हैं जिनपर हमें अपने विजन 2030 लक्ष्यों को पूरा करने के लिए काम करने की आवश्यकता है।''

बहु-मंडलीय पहल और लगभग 2,500 रोटेरियनों के पंजीकरण को आकर्षित करने वाले इस आयोजन के साथ खचाखच भरे हॉल के लिए आरआईडीई मुरुगनंदम की सराहना करते हुए रो ई निदेशक राजू सुब्रमण्यन ने कहा, ''यह दर्शक हमारे ज़ोनों की ताकत का प्रमाण है। हमारे संगठन की रीढ़ सदस्यता है और इसके बिना हम अपने किसी भी लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकते फिर चाहे वह टीआरएफ योगदान हो या सेवा परियोजनाएं हो।''

उन्होंने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है कि पिछले 10 वर्षों में रोटरी ने दुनिया भर में 1.2 मिलियन सदस्य खो दिए है। ''हमें अपने संगठन का भविष्य बनाने के लिए नए सदस्यों को लाने और उन्हें रोके रखने पर ध्यान देना चाहिए। हमें गुणवान सदस्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करना होगा, हमारी रुचि केवल सदस्य बढ़ाने में नहीं बल्कि रोटेरियन बढ़ाने पर हैं। हमें ऐसे सदस्यों की जरूरत नहीं है जो अध्यक्ष के साथ आएं और उनके साथ ही चले जाएं बल्कि हमें ऐसे सदस्य चाहिए जो क्लब के साथ हमेशा बने रहें।''

रोटरी के लिए उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले सदस्यों को लाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, ''एक बार जब हमारे पास गुणवत्ता होगी तो सदस्य संख्या स्वतः ही बढ़ जाएगी। ऐसे कई तरीके और क्षेत्र हैं जिनके माध्यम से हम अपनी सदस्यता बढ़ा सकते हैं और ऐसे नए क्लबों का गठन कर सकते हैं जो स्थायी होंगे न कि बस क्लब अध्यक्ष के कार्यकाल वर्ष तक ही रहेंगे।''

सुब्रमण्यन ने कहा कि रोटेरियनों को ''उन सदस्यों को वापस लाने के प्रयास करने चाहिए जिन्हें हमने खो दिया है। कृपया ऐसे सदस्यों के पास जाकर उनसे संपर्क करें और उन्हें वापस लेकर आएं।''

कार्यक्रम के अध्यक्ष पीडीजी एस बालाजी, रो ई मंडल 2981 ने इस सभा का स्वागत किया।

*एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा*

एक झलक

टीम रोटरी न्यूज़

## उल्लेखनीय नब्बे

पीआरआईपी राजेंद्र साबू की आत्मकथा, *माई लाइफ्स जर्नी: ए पर्सनल मेमॉयर,* का विमोचन उनके 90वें जन्मदिन पर चंडीगढ़ में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एस एस सोढी ने किया। अल्फा बीटा गामा द्वारा प्रकाशित यह किताब फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है।

*जस्टिस एस एस सोढी के साथ पीआरआईपी राजेंद्र साबू।*

## भविष्य का निर्माण

डीजी दीपा खन्ना ने एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में BOSCH के साथ संयुक्त रूप से रोटरी कल्ब मुजफ्फरनगर मिडटाउन, रो ई मंडल 3100, द्वारा स्थापित कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन किया। युवाओं को यहां तीन महीने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

*(अंतिम पंक्ति, बाएं से) केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर रो ई मंडल 3192 के पीडीजी जीतेन्द्र अनेजा, रो ई मंडल 3100 के डीजी दीपा खन्ना और डीजीई नितिन अग्रवाल।*

## सीखें और नेतृत्व करें

*प्रोजेक्ट लर्न* के तहत रो ई मंडल 3141 के नौ रोटरी क्लबों ने 2,000 सुविधा से वंचित बच्चों को जीवन कौशल शिक्षा देने के लिए 40 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। डॉ स्वरूप संपत रावल के नेतृत्व में, यह पहल शिक्षकों को कक्षाओं में भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए तैयार करती है।

*प्रोजेक्ट लर्न के उद्घाटन के अवसर पर क्लब के सदस्यों के साथ डीजी चेतन देसाई (बाएं से दूसरे) और स्वरूप संपत रावल (बीच में)।*

## रोटरी की ओर से भोजन

रोटरी क्लब सुल्तान बाथरी, रो ई मंडल 3204, स्थानीय नगर पालिका और होटल विल्टन के साथ, *हंगर फ्री सुल्तान बाथरी प्रोजेक्ट* चलाता है, जो नगरपालिका परिसर में स्थापित कियोस्क के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को प्रतिदिन दोपहर के भोजन के पैकेट वितरित करता है।

*रोटेरियन कियोस्क में एक भोजन का पैकेट रखते हुए।*

Rotary District 3192

THE MAGIC OF ROTARY

**Rtn. Stephanie Urchick**
Rotary International
President 2024-25

**PDG Rtn. T N Subramanian**
Rotary International
Director 2023-25

**PDG Rtn. Flt. Lt. K P Nagesh**
Rotary International
Director Elect 2025-27

**Rtn. N S Mahadev Prasad**
Rotary District Governor
RID 3192 2024-25

**Rtn. Shankar Srinivas**
Chairman, South Asia International
Peace Conference 2025

# South Asia International Peace Conference – 2025

"Join Rotary in India for an extraordinary gathering dedicated to fostering peace through critical global issues: the environment and health. This landmark conference will bring together thought leaders, policymakers, and change makers to explore how sustainable environmental practices and better healthcare can lead to lasting peace. Be part of the dialogue, take action, and help shape a future where peace thrives through a healthier planet and healthier people."

Let's create a world where peace is nurtured by nature and well-being!

**Date & Venue:**
**22nd & 23rd March 2025 & KTPO Whitefield, Bengaluru, India**

For Queries, please Contact: info.dgoffice2425@gmail.com,
Mobile No. +91 8123303888 / +91 81233 84222,
OFFICE POSTAL ADDRESS: # 192, 3rd Floor,18th Cross, 20th Main, MRCR,
Vijayanagar, Bangaluru-560 040 www.saipc.in

ADVT.

Rotary PEOPLE OF ACTION

# मासिक धर्म और रजोनिवृत्ति: एक खुली बातचीत

**जयश्री**

क्या होगा यदि पीरियड जैसी प्राकृतिक चीज़ पर खुलकर बातचीत हो सके? इस सवाल ने रोटरी क्लब मुंबई घाटकोपर वेस्ट, रो ई मंडल 3141, की अध्यक्ष श्रुति धर्मसी को इस वर्ष के लिए क्लब की चिन्हित परियोजना के रूप में *प्रोजेक्ट मासिक* चक्र शुरू करने के लिए प्रेरित किया। ''ऐसी दुनिया जहां मासिक धर्म और रजोनिवृत्ति के बारे में बातचीत अक्सर फुसफुसाकर होती है, हम एक ऐसा कार्यक्रम बनाना चाहते थे जो इस चुप्पी को तोड़ सके। हमारा लक्ष्य लड़कियों को यह समझने में मदद करना था कि पीरियड्स और मेनोपॉज प्राकृतिक है, और उनके बारे में जानकारी उन्हें सशक्त कर सकती है,'' वह समझती है। चांदिवली मुंबई, वाडा, मुंबई नोवा, मुंबई मुलुंड ईस्ट और मुलुंड वैली सहित कई रोटरी क्लबों ने इस परियोजना में भाग लिया है।

इस परियोजना में चार घटक शामिल है - लड़कियों के लिए मासिक धर्म पर जागरूकता सत्र, पर्यावरण के अनुकूल मासिक धर्म पैंटी और मासिक धर्म कप का वितरण, और रजोनिवृत्ति पर जागरूकता का प्रसार। ''हमारा पहला कदम स्कूलों का दौरा करना और मासिक धर्म के बारे में 8-15 वर्ष की आयु की लड़कियों को शिक्षित करना है। हमारा लक्ष्य उन तक कम उम्र में पहुंचने का है, जिससे कि मिथक और गलत धारणाएं जड़ ना पकड़ सकें,'' वह कहती है। अब तक, क्लब 21 स्कूलों में लगभग 4,000 छात्राओं तक पहुंच चुके है।

प्रत्येक जागरूकता सत्र 90 मिनट तक चलता है, जिसकी शुरुआत 25 मिनट की शैक्षिक फिल्म के प्रदर्शन के साथ से होती है, इसके बाद सवाल-जवाब का सत्र और प्रश्नोत्तरी होती है। सत्र बेहद जानकारीपूर्ण था। हमने मासिक धर्म के पीछे के विज्ञान, हार्मोनल परिवर्तन, स्वस्थ आहार के महत्व, स्वच्छता और पीरियड क्रैम्प को प्रबंधित करने के तरीके के बारे में सीखा। ''हम बिना शर्मिंदगी के स्वतंत्र रूप से अपने सवाल पूछ सकते थे,'' एक छात्रा श्रुतिका मेहता कहती है। पीरियड्स को समझने के लिए एक गाइडबुक, *मेन्स्ट्रूपीडिया कॉमिक,* सत्र के अंत में प्रत्येक छात्रा को वितरित की जाती है।

इन स्कूलों में 10-18 वर्ष की आयु की लड़कियों को दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले मासिक धर्म अंडरवियर

*मेनस्ट्रूपीडिया कॉमिक बुक की प्रतियों के साथ छात्र। रोटरी क्लब मुंबई घाटकोपर पश्चिम की अध्यक्ष श्रुति धर्मसी भी तस्वीर में दिखाई दे रही हैं।*

प्रदान किए जाते है। पर्यावरण के अनुकूल ये पैंटी, जिनकी कीमत आमतौर पर ₹1,800 होती है, ₹700 में तीन के पैक में दी जाती है। हम छात्राओं से शुल्क नहीं लेते है। इसके बजाय, हम रोटरी क्लबों को ग्रह के लिए हानिकारक सैनिटरी पैड के बजाय इस पर्यावरण के अनुकूल विकल्प को वितरित करने के लिए प्रोत्साहित करते है,'' श्रुति बताती है। इसके अलावा, कॉर्पोरेट कार्यालयों में महिला पुलिस अधिकारियों, नर्सों, यौनकर्मियों और महिलाओं को 5,000 से अधिक मेडिकल-ग्रेड सिलिकॉन के मासिक धर्म कप वितरित किए गए है। ''हम वर्तमान में जेलों में महिला कैदियों के लिए इस पहल का विस्तार करने की अनुमति मांग रहे है,'' वह आगे कहती है।

श्रुति इस पहल में शामिल होने के लिए अधिक रोटरी क्लबों को प्रोत्साहित करती है। जहां मेंस्ट्रुअल कप की कीमत ₹250 होती है, घाटकोपर रोटरी क्लब ₹40, प्रायोजक क्लब ₹200 देता है और लाभार्थी को सिर्फ ₹10 का भुगतान करना पड़ता है। 10 साल तक चलने के लिए बने ये कप मासिक धर्म स्वच्छता के लिए एक स्थायी समाधान प्रदान करते है। ''जब मैंने पहली बार कुछ साल पहले महिलाओं को मासिक धर्म कप वितरित करने की सिफारिश की थी, तो एक दोस्त ने मुझे सुझाव दिया कि मैं इसे पहले आजमाऊं। हालाँकि मुझे पहले इसका इस्तेमाल थोड़ा असहज लगा, लेकिन एक बार जब मुझे इसकी आदत हो गई, तो इसका उपयोग करना आसान हो गया। आपको बस गहरी सांस लेने, बैठने और धीरे से अंदर करने की जरूरत होती है,'' वह याद करती है। नए उपयोगकर्ताओं की मदद करने के लिए, क्लब के पास एक समर्पित व्हाट्सएप समूह और एक हेल्पलाइन है जो मार्गदर्शन प्रदान करते है। ''विभिन्न प्रकार के कप होती है, और हम महिलाओं को यह चुनने में मदद करते है कि उनके लिए सबसे अच्छा कौन सा रहेगा।''

इस परियोजना में हर महीने रोटेरियन स्त्री रोग विशेषज्ञों के नेतृत्व में ऑनलाइन रजोनिवृत्ति जागरूकता सत्र भी आयोजित होते है और इसे कोई भी देख सकता है। ''हम अपने सदस्यों के साथ Zoom लिंक साझा करते है, जो आगे अपनी जान-पहचान वाले में प्रसारित करते है। हम अपने स्कूल सत्रों के दौरान भी इस विषय पर चर्चा करते है, जिससे लडकियां अपनी माताओं के साथ रजोनिवृत्ति पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित होती है, श्रुति कहती है। वह बताती है कि कई महिलाएं रजोनिवृत्ति के लक्षणों से अनजान होती है, या यह स्वीकार करने के लिए अनिच्छुक होती है कि वे उस चरण में पहुँच चुकी है, इसके बावजूद भी कि वे हॉट फ्लैशेस, मूड स्विंग, अनियमित पीरियड्स और थकान जैसे संकेतों का अनुभव करती है।

मासिक धर्म जागरूकता वीडियो 18 क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार किया गया है और ₹15 की कीमत वाली कॉमिक बुक मराठी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। श्रुति आगे कहती है, ''अगर रोटरी क्लब अपने क्षेत्रों में इस पहल को दोहराने में रुचि रखते है, तो हम इसे अन्य भाषाओं में भी छापने के लिए तैयार है।''

*प्रोजेक्ट मासिक चक्र* ने एक ऐसे विषय पर खुली बातचीत छेड़ दी है जिसे कभी वर्जित माना जाता था। श्रुति उस पल को याद करती है जब उन्होंने एक पुरुष रोटरी क्लब अध्यक्ष को उनकी पत्नी या बेटी को देने के लिए एक मेंस्ट्रुअल कप दिया था। ''वह भड़क गए, यह कहते हुए कि आप ही उन्हें दे दो! मेरे समुदाय में पुरुष ऐसी बातें नहीं करते। इस घटना ने हमें अपने स्कूल सत्रों में लड़कों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे भी अपने जीवन में महिलाओं को बेहतर ढंग से समझ सकें और उनका समर्थन कर सकें।'' वह डीजी चेतन देसाई को भी श्रेय देती है ''जिन्होंने परियोजना का नामकरण किया और जोर देकर कहा कि हम मासिक धर्म प्रबंधन के लिए पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों पर विचार करते है।'' ■

# आपके गवर्नर्स से मिलिए

वी मुत्तुकुमारन



**तुषार शाह**
औद्योगिक स्वचालन
रोटरी क्लब सूरत तापी
रो ई मंडल 3060

## अस्पतालों में डायलिसिस इकाइयाँ

तुषार शाह कहते हैं, क्लबों को कोई भी सेवा परियोजना शुरू करने से पहले जरूरतों का उचित आंकलन करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि हमारे दुर्लभ संसाधनों की बर्बादी ना हो। उनकी प्राथमिकता-सूची में ₹1.4 करोड़ के वैश्विक अनुदान के माध्यम से नाडियाड, राजकोट, सूरत और आणंद में डायलिसिस केंद्रों की स्थापना करना शामिल है।

शाह ने नवसारी के रोटरी आई अस्पताल में 1,000 मोतियाबिंद की सर्जरी (वैश्विक अनुदान: ₹50 लाख) करने के लिए 15,000 डॉलर का निर्देशित उपहार दिया है। वह कहते हैं, ''हमारा लक्ष्य 18,000 सर्जरियाँ करने का है। मंडल के क्लब पिछले कुछ वर्षों में गोद लिए गए 100 गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। हम उजाड़ पड़ी 15 झीलों और तालाबों का कायाकल्प करेंगे, जिनमें से प्रत्येक की लागत ₹20 लाख है।''

गोद लिए गए गांवों में दृष्टिहीनता से बचाव के लिए लगभग 35 शिविर आयोजित किए जाएंगे, और और जिन लोगों को सर्जरी की आवश्यकता है उनकी देखभाल की जाएगी। गांवों में हैप्पी स्कूल का काम भी प्रगति पर हैं। जबकि शाह का ध्यान सभी रोटेरियनों द्वारा टीआरएफ में योगदान देने पर केंद्रित है, ''मेरा लक्ष्य इस वर्ष 1.5 मिलियन डॉलर का योगदान देने पर है।'' वह 2008 में रोटरी में शामिल हुए थे।

**अनीश मलिक**
कपड़ा,
रोटरी क्लब इंदौर यूनाइटेड
रो ई मंडल 3040

**राजिंदर सिंह खुराना**
हेल्थकेयर
रोटरी क्लब नागपुर वेस्ट
रो ई मंडल 3030

**आर राजा गोविंदसामी**
पूर्व कॉलेज प्रिंसिपल,
रोटरी क्लब मदुरै पश्चिम
रो ई मंडल 3000

## राहत शिविरों ने किया सार्वजनिक छवि को बेहतर

अनीश मलिक मुस्कुराते हुए कहते हैं, 100 दिवसीय राहत चिकित्सा शिविर और रोजगार मेले मध्य प्रदेश में रोटरी की सार्वजनिक छवि को बेहतर बनायेंगे। 2,350 रोटेरियनों वाले 98 क्लबों में, ''मैं 10 प्रतिशत की शुद्ध सदस्यता वृद्धि और 10 नए क्लबों को बनाने का लक्ष्य रख रहा हूं'' वह कहते हैं।

कुछ चुनिन्दा स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं - एक ईएनटी केंद्र (वैश्विक अनुदान: ₹40 लाख); ट्रस्ट अस्पताल में डायलिसिस इकाई (पांच मशीनें) (वैश्विक अनुदान: ₹40 लाख); और सागर में नैदानिक केंद्र (वैश्विक अनुदान: ₹55 लाख) का उद्घाटन जल्द ही किया जाएगा। वह कहते है, ''हम करीब 8-10 राहत शिविर लगाएंगे, जिनमें प्रत्येक शिविर से एक लाख से अधिक लोग लाभान्वित होंगे, जिनमें ज्यादातर ग्रामीण होंगे। भोपाल और इंदौर में दो रोजगार मेले लगेंगे।'' 1 जुलाई को आयोजित एक विशाल शिविर में मंडल ने 1,355 इकाई से अधिक रक्त एकत्र किया। क्लब स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक संस्थानों में अंग दान पर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। टीआरएफ में योगदान को लेकर, उनका लक्ष्य 250,000 डॉलर इकट्ठा करने का है। मलिक, 2009 में रोटरी में शामिल हुए। 1991-93 में मेरा रोटरेक्ट के रूप में कार्यकाल शानदार रहा, और फिर मैं मेरे दोस्त रोटेरियन मनोज चांडक की मदद से रोटरी में शामिल हुआ वह मुस्कुराते हुए कहते हैं।

## एक वैश्विक आरवाईई सम्मलेन

आरआईपीई मारियो डी कैमार्गो दो दिवसीय वैश्विक रोटरी यूथ एक्सचेंज (28-29 सितंबर) में मुख्य अतिथि थे, जिसमें 33 आरवाईई छात्रों सहित 125 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ''पिछले 10 वर्षों से, मैं आरवाईई कार्यक्रमों में शामिल होता आ रहा था क्योंकि इस गतिविधि ने मेरे जीवन को नया आकार दिया है।'' राजिंदर सिंह 2001 में रोटरी में शामिल हुआ। एक लड़के के रूप में, वह अपने पिता के साथ रोटरी के कार्यक्रमों और संगति का आनंद लिया करते थे।

महाराष्ट्र और नासिक के विदर्भ, खानदेश क्षेत्रों में 100 क्लबों और 5,600 से अधिक रोटेरियनों के साथ, ''हम 500 नए सदस्य जोड़ेंगे और 10 नए क्लबों की शुरुआत करेंगे।'' मालेगांव के एक ट्रस्ट अस्पताल में एक डायलिसिस इकाई (पांच मशीनें) स्थापित की गई (वैश्विक अनुदान: ₹45 लाख), जबकि चालीसगांव स्थित बापजी जीवनदीप मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल से जुड़े एक नेत्र अस्पताल के लिए ₹50 लाख की वैश्विक अनुदान की प्रक्रिया चल रही है।

सिंह आश्वस्त है कि इस साल 8-9 वैश्विक अनुदान परियोजनाएं और 10 सीएसआर-इंडिया अनुदान परियोजनाएं संपन्न होंगी। टीआरएफ में योगदान का उनका लक्ष्य 600,000 डॉलर का है। वह मुस्कुराते हुए बतातें हैं, ''पिछले कुछ वर्षों में, मैंने रोटरी में बहुत सारे दोस्त बनाए, जिनकी संगति से मुझे रोटरी में बने रहने एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा बनती है।''

## जल निकायों को मिलेगा पुनर्जीवन

टीआरएफ का स्नातक फेलोशिप पुरस्कार (1979-80) जीतकर, ''मैं रोटेरियन के रूप में समुदाय की सेवा करने के लिए प्रेरित हुआ,'' राजा गोविंदसामी कहते हैं। वह 500 नए सदस्यों को जोड़ना चाहते हैं और 12 नए क्लबों की शुरुआत करना चाहते हैं, जो उनकी संख्या को क्रमशः 6,700 और 160 तक बढ़ायेंगे। वह कम से कम 250 महिला सदस्यों को जोड़ने के इच्छुक हैं, जिससे जून 2025 तक उनकी संख्या 1,000 से अधिक हो जाएगी।

उनकी प्राथमिकता-सूची में आठ राजस्व मंडलों (₹5 करोड़) में 100 जल निकायों का कायाकल्प शामिल है। रोटरी क्लब डिंडीगुल क्लीनसिटी गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (वैश्विक अनुदान: 30,000 डॉलर) के खिलाफ 500 लड़कियों का टीकाकरण करेगा; सरकारी स्कूलों में 100 हाथ-धोने के स्थान (सीएसआर अनुदान: ₹50 लाख) स्थापित किए जाएंगे; किसानों के लिए कृषि प्रबंधन सेमिनार आयोजित किए जाएंगे; और मंडल की एक पहल एपीजेएके अकादमी 5,000 छात्रों को जीवन कौशल से समर्थ बनाएगी।

*यादुमानवल* (वह सब कुछ हैं) सत्र 1,000 से अधिक स्कूल एवं कॉलेज की लड़कियों के लिए आयोजित किए जाएंगे। टीआरएफ में योगदान का उनका लक्ष्य 1 मिलियन डॉलर का है और रोटरी के सेवा सिद्धांत से प्रेरित होकर वह 2001 में रोटरी में शामिल हुए।

*एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा*

# इथियोपिया में स्वास्थ्य सेवा का विस्तार

**जयश्री**

चिकित्सा शिविर में लोगों की मदद करना अविश्वसनीय रूप से एक विनयशील अनुभव था। इतनी सारी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद उनकी आँखों में जो कृतज्ञता का भाव उत्पन्न हुआ उसे देखकर मुझे करुणा और देखभाल के गहरे प्रभाव का महत्व समझ आया। मुझे एक ऐसे दल का हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जो एक ऐसे समुदाय में आशा और उपचार लेकर आया जिसने खुले दिल से हमारा स्वागत किया,'' पीडीजी मधुकर मल्होत्रा ने कहा। वह इथियोपिया के अदीस अबाबा में रोटरी स्वास्थ अभियान के परियोजना प्रमुख थे, जिसे अगस्त में 25 रोटेरियनों के एक दल द्वारा शुरू किया गया था जिसमें 18 डॉक्टर और एक तकनीशियन शामिल थे और ये सभी भारत के विभिन्न रोटरी क्लबों से आये थे। इस 12-दिवसीय 141,000 डॉलर की वैश्विक अनुदान चिकित्सा वीटीटी परियोजना की शुरुआत रोटरी क्लब चंडीगढ़, रो ई मंडल 3080, द्वारा मेजबान क्लब रोटरी क्लब अदीस अबाबा के साथ साझेदारी में की गई थी। मल्होत्रा ने कहा कि अफ्रीका में 27वां चिकित्सा अभियान है।

अदीस अबाबा के पांच अस्पतालों में विभिन्न चिकित्सीय परेशानियों से जूझ रहे 600 से अधिक लोगों का सर्जरी से इलाज किया गया। डॉ कुलदीप धवन, एक लैप्रोस्कोपिक मूत्र रोग विशेषज्ञ और इस अभियान के चिकित्सीय निदेशक, ने कहा, ''हमने कुछ ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थितियों का इलाज किया, जो आमतौर पर यहां नहीं देखी जाती हैं। कई सफलताओं की कहानियों में से एक ऐसे मरीज कहानी भी थी जो छह साल से चेहरे पर आंशिक पैरालिसिस का सामना कर रहा था।'' इस अभियान की वजह से, अब उन्हें फिजियोथेरेपी के माध्यम से पूरी तरह से ठीक होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, अगर यह अभियान ना होता तो, यहां के डॉक्टरों ने मुझे इलाज के लिए विदेश जाने की सलाह दी थी जिसका खर्च मैं नहीं उठा सकता था।

रो ई मंडल 3250 के पीडीजी डॉ आर भरत, जो सलाहकार प्लास्टिक सर्जन है क्लेफ्ट केयर एवं बर्न मैनेजमेंट के विशेषज्ञ है, ने कहा, ''हमने कुछ जटिल ऊतक हस्तांतरण उपचार किए जो इथियोपियाई डॉक्टरों के लिए अपेक्षाकृत नए थे।'' उन्होंने अपनी एक उल्लेखनीय पुनर्निर्माण सर्जरी को याद किया, जिसमें एक 60 वर्षीय व्यक्ति नें त्वचा का कैंसर होने की वजह से अपनी नाक खो दी थी। कोयंबटूर के गंगा अस्पताल के माइक्रोवैस्कुलर सर्जन डॉ. रवींद्र भाराठी और डॉ विग्नेश्वरन ने उनके माथे से ऊतकों का उपयोग करके सावधानीपूर्वक उनकी नाक पुनर्निर्माण किया, जिससे न केवल उनके चेहरे की बनावट सही हुई बल्कि उनका आत्मविश्वास भी लौटा। एक अन्य असाधारण सर्जरी में, टीम ने क्षतिग्रस्त नसों को आठ घंटे की माइक्रोसर्जरी के माध्यम से फिर से ठीक करके 25 वर्षीय युद्ध-पीड़ित

*दिल्ली हवाई अड्डे पर मेडिकल मिशन टीम।*

को अपने दाहिने हाथ से फिर से कार्य करने में मदद की।

डॉ भरत ने कहा, ''अलर्ट स्पेशलाइज्ड अस्पताल का प्लास्टिक सर्जरी विभाग सराहनीय काम कर रहा है, और हमने जूनियर डॉक्टरों, नर्सों और तकनीशियनों को प्रशिक्षित करके उनके प्रयासों को पूरकता प्रदान की है।'' ओ टी के बाहर लगे एक सी सी टी वी कैमरे ने उन्हें जटिलताओं को सीखने में मदद की। भारतीय टीम ने अस्पताल में 22 बड़े पुनर्निर्माण ऑपरेशन किए।

जलगांव के एक बाल चिकित्सा सर्जन और मूत्र रोग विशेषज्ञ मिलिंद जोशी रोटरी स्वास्थ अभियान के हिस्से के रूप में इथियोपिया की अपनी दूसरी यात्रा पर थे। ''इस बार हमने बच्चों के लिए लैप्रोस्कोपिक सर्जरी शुरू की, कुछ ऐसा जो यहां कभी नहीं किया गया था।'' उनके दल ने सेंट पॉल्स हॉस्पिटल मिलेनियम मेडिकल कॉलेज को एक नया सिस्टोस्कोप दान किया, जिससे डॉक्टरों को नवजात शिशुओं में गुर्दे की जटिलताओं का इलाज करने में सहायता मिलेगी। अस्पताल में यूरोलॉजी की सहायक प्रोफेसर डॉ मसरेशा सोलोमन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, अब तक हम ओपन सर्जरी कर रहे थे; ''अब, रोटरी की वजह से, हमने लैप्रोस्कोपिक सर्जरी करने का ज्ञान और अनुभव प्राप्त कर लिया है।''

जय देव शर्मा, बायोमेडिकल इंजीनियर, ने विभिन्न अस्पतालों में लगभग 200,000 डॉलर मूल्य के निष्क्रिय पड़े चिकित्सा उपकरणों की मरम्मत की और उन्हें फिर से काम करने लायक बनाया। मल्होत्रा ने कहा, ''एक अस्पताल में हमें अंतरराष्ट्रीय दानकर्ताओं द्वारा दान किए गए ₹6 करोड़ के नए ऐसे उपकरण तिरपाल के नीचे पड़े मिले जिनका कोई उपयोग नहीं किया जा रहा था। शर्मा ने उन्हें स्थापित किया और कार्यात्मक बनाया।'' भारतीय डॉक्टरों ने इन उपकरणों को संचालित करने के लिए स्थानीय तकनीशियनों एवं नर्सों को प्रशिक्षित किया।

अभियान दल 11 अगस्त को इथियोपिया के लिए रवाना हुआ, ''पीआरआईपी राजेंद्र साबू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में, जिन्होंने 1998 में चिकित्सा वीटीटी पहल की शुरुआत की थी। रोटरी चिकित्सा अभियान हमेशा उनके और उषा के दिल के करीब रहे है,'' उन्होंने कहा। इथियोपियन एयरलाइंस ने दल की चिकित्सा आपूर्तियों एवं उपकरणों के लिए विशेष इंतजाम किए थे।

इस अनुभव के बारे में बात करते हुए, रोटरी क्लब चंडीगढ़ के पूर्व अध्यक्ष अनिल चड्ढा, जिन्होंने इस अभियान में स्वेच्छा से काम किया, ने कहा, ''12 दिनों के दौरान हमने न केवल महत्वपूर्ण चिकित्सा देखभाल की, बल्कि स्थानीय स्वास्थ्य पेशेवरों को भी इस काम को जारी रखने के लिए कौशल और ज्ञान के साथ सशक्त बनाया।'' इथियोपिया में पदस्थ भारतीय राजदूत अनिल कुमार राय ने अफ्रीकी निवासियों को महत्वपूर्ण चिकित्सा देखभाल प्रदान करने और स्थानीय डॉक्टरों के साथ अपनी चिकित्सीय विशेषज्ञता साझा करने के लिए रोटेरियनों की सराहना की। ■

*लेप्रोस्कोपिक यूरोलॉजिस्ट और मेडिकल मिशन के निदेशक डॉ कुलदीप धवन, इथियोपिया के अदीस अबाबा में स्थानीय टीम के साथ।*

रो ई मंडल **3000**

### रोटरी क्लब त्रिची डायमंड सिटी क्वींस

*प्रोजेक्ट आसई मगल* (मातृ व शिशु देखभाल परियोजना) के तहत, एक सरकारी अस्पताल में गर्भवती महिलाओं का अभिनन्दन किया गया और उन्हें पौष्टिक भोजन दिया गया। यह परियोजना रोटरी क्लब त्रिचिरापल्ली फीनिक्स के साथ संयुक्त रूप से आयोजित की गई थी।

Rotary PEOPLE OF ACTION

# मंडल गतिविधियाँ

रो ई मंडल **3020**

### रोटरी क्लब विजयवाड़ा मिडटाउन

रोटरी क्लब विजयवाड़ा श्री दुर्गा के साथ एक संयुक्त परियोजना में और कोल इंडिया से प्राप्त ₹2 करोड़ के सीएसआर अनुदान की वजह से 100 महिलाओं को वाणिज्यिक सिलाई मशीनें वितरित की गई।

रो ई मंडल **3055**

### रोटरी क्लब साबरमती (अहमदाबाद)

परियोजना अध्यक्ष दिनेश पटेल के नेतृत्व में एक ई-कचरा संग्रह शिविर एक अधिकृत एजेंसी के समर्थन से आयोजित किया गया, जिससे पुराने इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स एवं सहायक उपकरणों के सुरक्षित निपटान के बारे में जागरूकता पैदा की गई।

रो ई मंडल **3070**

### रोटरी क्लब जम्मू एलीट

मूसा चक स्थित गवर्नमेंट मिडिल स्कूल में पचास पौधे लगाए गए और ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को कम करने में पेड़ों की भूमिका पर छात्रों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

रो ई मंडल **3011**

### रोटरी क्लब दिल्ली मिड टाउन

दिल्ली के चार क्लबों द्वारा प्रायोजित क्लबफुट सेमिनार में लगभग 100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डीजीई रविंदर गुगनानी, पीडीजी रमन भाटिया, क्योर-इंडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ मैथ्यू वर्गीज और इसके निदेशक डॉ संतोष जॉर्ज वक्ताओं में शामिल थे।

रो ई मंडल **3141**

### रोटरी क्लब बॉम्बे फिल्म सिटी

अंधेरी पूर्व के रोटरी क्लब मारुति हाई स्कूल के लगभग 240 छात्रों की एक नेत्र शिविर में जांच की गई। दोषपूर्ण दृष्टि वाले बच्चों को चश्मे दिए गया। रोटरी क्लब वर्ली, रत्नानिधि चैरिटेबल ट्रस्ट और एस्सिलोर लक्सोटिका फाउंडेशन इसमें सह-भागीदार थे।

रो ई मंडल **3132**

### रोटरी क्लब बरसी

बर्शी स्थित शाह कन्या प्रशाला में 11 लड़कियों को साइकिल दी गई ताकि स्कूल आने-जाने में आसानी हो सके और वे अपनी पढ़ाई पर बेहतर ध्यान केंद्रित कर सकें।




# शाकाहारी व्यंजनों का आनंद

**जयश्री**

**प्योर वेजीटेरियन - सेक्रेड एंड ट्रेडिशनल रेसिपीज फ्रॉम साउथ इंडिया**

**लेखिका : प्रेमा श्रीनिवासन**
**प्रकाशक : हार्पर कॉलिन्स**
**कीमत : ₹1,299**

शाकाहारी जीवन शैली को अपनाना एक सुखद यात्रा साबित हो सकती है, और प्रेमा श्रीनिवासन द्वारा लिखित *प्योर वेजीटेरियन* शुरुआती एवं अनुभवी घरेलू रसोइयों की एकदम सच्ची साथी है। अपने रंगीन पन्नों एवं अभिनव विधियों के साथ, यह रसोई की किताब शाकाहारी व्यंजनों की विविधता एवं प्रचुरता पर प्रकाश डालती है और एक नया दृष्टिकोण प्रदान करती है कि कैसे साधारण सामग्री को भी पौष्टिक भोजन में बदला जा सकता है। चाहे आप नए स्वादों के साथ प्रयोग करना चाहते हों या रोजमर्रा के खाने की खोज कर रहे हो, यह पुस्तक आपको प्रेरित करने और प्रसन्न करने का वादा करती है।

इस पुस्तक को पढ़कर मैं फ्लैशबैक में चली गई जब मैंने पहली बार अपने ससुराल जाने के बाद खाना बनाना शुरू किया था। मेरे आने के कुछ ही समय बाद मेरे सास-ससुर अमेरिका के लिए रवाना हो गए थे, और मैं अचानक से रसोई की प्रभारी बन गई - किसी ऐसे व्यक्ति के लिए एक कठिन काम जिसे प्रेशर कुकर में चावल पकाना भी नहीं आता था! शुक्र है कि मेरी माँ ने सोच-समझकर अपनी हाथों की लिखी विधियां और मीनाक्षी अम्मल नामक एक लोकप्रिय लेखिका की एक और रसोई की किताब पैक की थी, जो लंबे समय से कई दक्षिण भारतीय दुल्हनों के लिए जीवन रक्षक रही है।

प्रेमा की किताब मीनाक्षी अम्मल की तरह ही अहम् है, और उन सभी के लिए जरूरी है जिन्हें खाना पकाना पसंद है। इसमें *सांबार, रसम* और चटनियों जैसी रोजमर्रा के जरूरी व्यंजनों से लेकर विशेष व्यंजन और मिठाई जैसे *जलेबी, बासुंदी, मालपुवा* और

*गुलाब की पंखुड़ी वाली खीर*

*कोला पुट्टु, एक बेलनाकार सांचे में पकाया गया केरल का व्यंजन।*

*मोदक*

विभिन्न प्रकार की खीर और अचार तक की विधियां भी दी गई है। पुस्तक की असाधारण विशेषता इसकी विधियों की लंबी सारणी है जो आपको हफ्तों तक व्यंजन दोहराने नहीं देगी। शाकाहारी व्यंजनों की विविधता आश्चर्यजनक है और इस धारणा को दूर करती है कि दक्षिण भारतीय खाना केवल *सांबार, डोसा, इडली* और *रसम* तक ही सीमित है। वास्तव में, पुस्तक में 14 विभिन्न प्रकार के रसम की विधियां शामिल हैं, जिनमें *गुलाब की पंखुड़ी* वाले रसम से लेकर छाछ के रसम भी शामिल हैं।

क्या आपने कभी कटहल की इडली, संतरे के स्वाद वाला पोहा या अनानास की करी चखी है? प्रेमा ने अपनी किताब में इन सभी को और कुछ लंबे समय से भूले हुए व्यंजनों को शामिल किया है। मैं विशेष रूप से करेले के *सांबार* और हिमाचल प्रदेश के *मदरा* (छोले-दही की ग्रेवी) से प्रभावित हुई। भारत के विभिन्न क्षेत्रों की शाकाहारी विशिष्टताएं भी शामिल की गई है। बैंगन की *रसवांगी* मेरे घर पर बहुत पसंद की गई। युवा स्लिवर्स (सोया दूध से बना) के साथ ग्रीन सूप, *गुलाब की पंखुड़ी* की खीर और हरे पपीते का सलाद कुछ अन्य दिलचस्प व्यंजन हैं।

*टामरिंड राइस*

*प्योर वेजीटेरियन* को और भी अधिक आकर्षक बनाने के लिए इसमें सांस्कृतिक दंतकथाएँ, ऐतिहासिक चटपटे किस्से, भोजन की तस्वीरें, और कुछ ऐसे बर्तनों का जिक्र शामिल है जो पाठकों की यादें ताज़ा कर देगी। मुझे अपनी दादी के घर की याद आ गई जहां पूरा घर *ईया चोम्बू* (राँगे के बर्तन) में पकाए जा रहे रसम की मनमोहक सुगंध से महका करता था। *रसम* को फिर एक स्टेनलेस स्टील के बर्तन में स्थानांतरित किया जाता था, क्योंकि भोजन में मौजूद अम्लीय तत्व लंबे समय तक राँगे के बर्तन में रहने के कारण उसके साथ प्रतिक्रिया करके उसे विषाक्त बना सकते है। राँगे के बर्तन में खाना बनाना थोड़ा मुश्किल है; यदि बिना देखे उन्हें छोड़ दिया जाए तो वह पिघल जाएगा।

पुस्तक में पूरे भर के मंदिरों में बने पवित्र प्रसाद के व्यंजनों को भी शामिल किया गया है, जैसे कि तेराली अप्पम, जो देवी लक्ष्मी को चढ़ाया जाता है। यह चावल के आटे, केले और गुड़ का एक सुगंधित संयोजन है, जिसे दालचीनी के पत्ते पर फैलाकर भाप से पकाया जाता है। अन्य मंदिरों के प्रसाद जैसे जगन्नाथजी का पेड़ा, *अंबालापुळा पाल पायसम* (चावल और दूध से बनी खीर जिसे केरल के अंबालापुझा में भगवान कृष्ण को चढ़ाया जाता है) भी उतने ही दिलचस्प है।

लेखिका ने खाना पकाने के विभिन्न नुस्खों को भी शामिल किया है। दूध उबालते समय, दूध को डालने से पहले बर्तन में थोड़ा पानी डालें। यह दूध को बर्तन के तले पर चिपकने से रोकता है; हरी मिर्च को लंबे समय तक ताजा रहने के लिए, उसे रखने से पहले उसके डंठल हटा दें; अधिक पके टमाटर को नमकीन पानी में 8 घंटे के लिए भिगोने से वे कड़क हो जाएंगे।

अपने स्पष्ट, चरण-दर-चरण निर्देशों और मनोरम सामग्री के साथ, *प्योर वेजीटेरियन* सिर्फ एक रसोई की किताब नहीं है - बल्कि यह शाकाहारी व्यंजनों की समृद्ध विरासत को देखने, उसे पकाने और उसके स्वाद का आनंद लेने का एक निमंत्रण है।

*एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा*

*रोटरी क्लब राउरकेला क्वींस की अध्यक्ष बरखा गुप्ता (बाएं) और सचिव कनकजीत अग्रवाल आशा दीप स्कूल में छात्रों के साथ।*

Rotary PEOPLE OF ACTION

# रोटरी राउरकेला क्वींस ने बदली एक स्कूल की तस्वीर

**कनकजीत अग्रवाल**

आशा दीप स्कूल के साथ रोटरी राउरकेला क्वींस की यात्रा एक अप्रत्याशित संयोग के माध्यम से शुरू हुई। एलएन-4 परियोजना पर काम करते हुए हमारी मुलाकात आरआरआरसी (क्षेत्रीय पुनर्वास और अनुसंधान केंद्र) राउरकेला के अध्यक्ष राम चंद्र बेहरा से हुई। हमारी एक चर्चा के दौरान, वह हमारे क्लब सलाहकार, अजय अग्रवाल, से मिले और पूछा कि क्या हम आशा दीप स्कूल की सहायता कर सकते है, जिसे मदद की तत्काल आवश्यकता थी। वह हमारे क्लब में प्रस्ताव लाये, और हमने तुरंत इसे स्वीकार कर लिया।

स्कूल का दौरा करने पर, हम बच्चों से तत्काल एवं गहराई से जुड़े और महसूस किया कि उन्हें न केवल सीखने के मामले में बल्कि परिवहन के मामले में भी बेहतर समर्थन की आवश्यकता है। इन तत्काल जरूरत को पूरा करने के लिए, हमारे क्लब ने पहले बच्चों को स्कूल ले जाने में मदद करने के लिए ''सारथी ई-ऑटो'' दान किया, जिससे कि उनके पास कक्षाओं में आने के लिए का एक सुरक्षित और विश्वसनीय साधन हो गया। इस दान ने बच्चों के दैनिक आवागमन को काफी आसान बना दिया और यह उनकी शिक्षा का समर्थन करने में

एक महत्वपूर्ण कदम था। फिर हमने स्कूल के बुनियादी ढांचे में सुधार पर अपना ध्यान केंद्रित किया। यह समझते हुए कि सीखने के लिए बच्चे एक बेहतर वातावरण के हकदार है, हमने सुविधाओं को अपग्रेड करने की योजना बनाना शुरू कर दिया। पूर्व अध्यक्ष किरण अरोड़ा के नेतृत्व में, हमने तीन नए शौचालयों सहित एक नई कक्षा और आवश्यक स्वच्छता सुविधाओं का निर्माण शुरू किया।

अगस्त 2024 में, क्लब की अध्यक्ष बरखा गुप्ता, सचिव कनकजीत अग्रवाल, और कोषाध्यक्ष रुचिता के नेतृत्व में नई कक्षा और शौचालयों का उद्घाटन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीजी अखिल मिश्रा, एजी संजय पुरोहित, डीजीएन आलम सिंह रूपरा, क्लब सलाहकार अजय अग्रवाल, सारंग भिड़े और आशा दीप स्कूल के समर्पित शिक्षक उपस्थित थे। उनकी उपस्थिति ने सामूहिक प्रयास को रेखांकित किया जो रोटरी के मिशन को संचालित करता है।

हमारे क्लब के सदस्य खुश है कि इस परियोजना का बच्चों पर स्थायी प्रभाव पड़ेगा। नवनिर्मित कक्षा अब सीखने के लिए एक सुरक्षित और प्रेरक स्थान प्रदान करती है, जबकि शौचालय महत्वपूर्ण स्वच्छता आवश्यकताओं को पूरा करते है, जिससे छात्रों के लिए एक स्वस्थ और अधिक आरामदायक वातावरण सुनिश्चित होता है।

स्कूल के शिक्षक खुलकर अपनी जरूरत के बारे में बताते है और रोटरी कल्ब राउरकेला क्रीस के सदस्य उन्हें संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध रहते है। स्कूल से आने वाले हर अनुरोध के साथ, हम चुनौती को पूरा करने के लिए तत्पर रहते है, यह जानते हुए कि प्रत्येक योगदान बच्चों के जीवन को उन्नत करने में मदद करता है। चाहे वह बुनियादी ढांचा, परिवहन या स्वास्थ्य सेवा हो, हम इन छात्रों

*ऊपर: डीजी अखिल मिश्रा स्कूल में एक क्लासरूम का उद्घाटन करते हुए। क्लब की अध्यक्ष बरखा, क्लब सचिव कनकजीत और क्लब की आईपीपी किरण अरोड़ा (दाएं) भी दिख रहे हैं।*

"स्कूल से आने वाले प्रत्येक अनुरोध के साथ, हम चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं, यह जानते हुए कि प्रत्येक योगदान बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद करता है।

के लिए एक उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करते हुए उनकी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करते है। स्कूल को हम निरंतर समर्थन प्रदान करते है, और हम किसी भी तरह से सहायता करने के लिए हमेशा तैयार है और हम सकारात्मक एवं स्थायी प्रभाव पैदा करने के लिए अथक प्रयास करना जारी रखेंगे।

राम चंद्र बेहरा ने क्लब की अटूट प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया, और कहा कि ई-ऑटो और नए बुनियादी ढांचे दोनों से बच्चों को बहुत फायदा होगा।

इस स्कूल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता बुनियादी ढांचे से परे है। हमनें हाल ही में बच्चों के लिए एक डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया, जहां उन्हें बाल चिकित्सा देखभाल, मनोरोग सहायता, स्पीच थेरेपी और फिजियोथेरेपी मिली। इसके अलावा, हमनें जरूरतमंद लोगों को अति आवश्यक दवाएं प्रदान कीं, यह सुनिश्चित करते हुए कि बच्चों को उनकी शिक्षा के साथ-साथ उचित स्वास्थ्य सेवा मिले। इन बच्चों के साथ हर पहल हमें गहराई से संतुष्ट करती है, इस भावना के साथ कि हम उनकी वृद्धि और विकास में सकारात्मक योगदान दे रहे है।

डीजी मिश्रा ने हमारे क्लब के समर्पण की सराहना की और आशा दीप जैसे विशेष स्कूलों का समर्थन करने के महत्व पर प्रकाश डाला, जो रोटरी के *स्वयं से ऊपर सेवा* के आदर्श वाक्य को बल प्रदान करता है।

*लेखिका रोटरी क्लब राउरकेला क्वींस के सचिव हैं*

# सबकी अपनी किताबें

शब्दों की दुनिया

कौन कहता है कि यंग एडल्ट किताबें केवल युवा वयस्कों के लिए हैं?

**संध्या राव**

यंग एडल्ट या YA एक श्रेणी है जो आमतौर पर बच्चों की किताब-सूचियों में पाई जाती है और यह उन पुस्तकों को संदर्भित करती है जो मध्य-किशोरावस्था से लेकर शुरुआती बीस के दशक के पाठकों को संबोधित करती हैं। यह एक परिवर्तनशील समूह है जो न तो 'बच्चों' की श्रेणी में आता है और न ही पूर्ण रूप से 'वयस्क' श्रेणी में आता है। एक तरह से यह एक काल्पनिक वर्गीकरण है क्योंकि कई मध्य-किशोर और उससे ऊपर के युवा काफी हद तक वयस्क जैसे होते हैं और कई शुरुआती बीस के युवा बच्चों जैसे होते हैं। हालांकि यह किताबों की दुनिया में एक व्यावहारिक और उपयोगी उद्देश्य प्रदान करता है।

कुछ समय पहले दुनिया भर में ऐसी किताबों की बाढ़ आ गई जिन्हें आमतौर पर 'चिकलिट' कहा जाता है। ये मुख्य रूप से रोमांस उपन्यास होते हैं जो युवाओं को विभिन्न परिस्थितियों और पृष्ठभूमियों में पेश करते हैं, सरल से लेकर उत्तेजक तक और आम तौर पर इन्हें महिला पाठकों के बीच लोकप्रिय माना जाता है जिनमें ज्यादातर युवतियाँ शामिल होती है लेकिन यह बड़ी उम्र की महिलाओं के बीच भी लोकप्रिय होता है। बाद में मेरी यह धारणा कि चिकलिट 'लड़कियों' के लिए होता है, तब ध्वस्त हो गई जब मैंने 24 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के व्यवसाय प्रबंधन के छात्रों को पढ़ाने के एक शिक्षण कार्य के दौरान यह जाना कि पुरुषों को भी चिकलिट पसंद होता है। और वे इसे लिखते भी है। रविंदर सिंह, दुर्जोय दत्ता, चेतन भगत और कई अन्य भी उतने ही मशहूर है जितने कि अनुजा चौहान, सोनाली देव, रूपा गुलाब, स्वाति कौशल, प्रीति शेनॉय हैं और समाज के सभी वर्गों के बीच इनके प्रशंसक मौजूद है, इसका उम्र से कोई लेना-देना नहीं है यह व्यक्तिगत रुचियों पर निर्भर होता है।

और निश्चित रूप से ये YA किताबों में केवल रोमांस शामिल नहीं है, इसमें विज्ञान, इतिहास और गैर-काल्पनिक विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। एक किताब जिसकी मैं अनुशंसा करना चाहूँगी वह 2024 नीव बुक अवार्ड (एनबीए) के लिए शॉर्टलिस्ट की गई थी: शबनम मिनवाला द्वारा लिखित *ज़ेन/* और यह ज़ेन पर कोई दार्शनिक ग्रंथ नहीं है बल्कि रहस्य, इतिहास, रोमांस और राजनीति का एक संयोजन है। यह ज़ैनब का संक्षिप्त नाम ज़ेन पर केंद्रित है, जो उलझे बालों वाली एक 17 वर्षीय मुंबईकर है और एक मिश्रित विवाह की संतान है जो राजनीतिक आख्यानों और व्यक्तिगत पदों के बारे गहरी भावना रखती है, जो धार्मिक संबद्धता के आधार पर लोगों के बीच अंतर और विभाजन करती हैं। यह 20 वर्षीय युवा यश के बारे में भी है, जो एक शादी में शामिल होने के लिए अमेरिका से आया है। उसके विचार अलग हैं; वह भावनात्मक बोझ से दबा हुआ है और अपने परिवार के सदस्यों और एक विशेष रूप से चिपकू युवती की उम्मीदों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। पारिवारिक आतिशबाजी, शादी के धमाके, संविधान की स्थिति पर एक विवादास्पद सामूहिक बहस और सीएए विरोधी मार्च के बीच एक डायरी अचानक से सामने आती है।

यहाँ एक छोटा सा विषयांतरण: यूट्यूब पर देखे गए एक साक्षात्कार में शबनम ने बताया कि यह विचार उनके दिमाग में तब आया जब उनके एक चचेरे भाई ने उन्हें 1930 के दशक में उनकी दादी द्वारा रखी गई एक डायरी दिखाई, जिसमें उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन, अपनी होने वाली शादी और स्वतंत्रता संग्राम में शामिल किसी व्यक्ति के प्रति उनके आकर्षण के बारे



में लिखा था। 'इसके साथ कुछ करो,' शबनम के चचेरे भाई ने उनसे कहा। और शबनम ने ऐसा करते हुए ज़ेन लिखा। *ज़ेन* में, *ज़ेन* को जो डायरी मिलती है वह स्वतंत्रता आंदोलन में पकड़ी गई एक अन्य ज़ैनब की है और इसमें प्यार और लालसा, देशभक्ति का उत्साह, काले रहस्य और यहाँ तक कि एक हत्या भी है। *ज़ेन* दो समयरेखाओं के बीच घूमती है, 1935 और 2019 में और 600 पृष्ठों की इस बहुस्तरीय कहानी में जो कुछ भी होता है वह पाठकों के लिए बहुत आकर्षक है।

संयोग से एनबीए की 2024 विजेता थी अंदलीब वाजिब द्वारा लिखित *द हेना स्टार्ट-अप,* जो एक अन्य मजबूत कहानीकार है और उनके खाते में लगभग 40 शीर्षक है। यह पुरस्कार बेंगलुरु में नीव अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित नीव साहित्य उत्सव (एनएलएफ) से जुड़ा हुआ है। इस महोत्सव में कार्यशालाएं, पैनल चर्चा, पठन, प्रदर्शन एक साथ होते हैं और 'बाज़ार' हर उम्र के लिए सभी प्रकार की किताबों से भरा होता है। *ज़ेन और द हेना स्टार्ट-अप* दोनों को बहुत जल्द ही पढ़ लिया गया! स्कूल परिसर के विभिन्न स्थलों पर इस कार्यक्रम के साथ-साथ हर उम्र के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किताबों की समीक्षा होती है। उनमें से कुछ चौंका देने वाले स्तर पर व्यावहारिक होती हैं जो स्कूल द्वारा पढ़ने को प्रोत्साहित करने पर जोर दिए जाने का एक सकारात्मक प्रतिबिंब है।

यह मुझे मेरे पसंदीदा विषय पर ले जाता है: पढ़ने का महत्व। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप इतने समय से क्या पढ़ते चले आ रहे हैं, क्योंकि हमें लगता है कि हम चीजों को जानते हैं लेकिन वास्तव में हम नहीं जानते और हम जितना अधिक पढ़ते हैं उतना ही अधिक हमें एहसास होता है कि हम कितना कम जानते हैं। तो यह एक मिथक है जो दूर हो गया। पढ़ने से किसी का मन शांत होता है, उसकी आत्मा को सुकून और शांति मिलती है। चाहे आप फिक्शन पढे या नॉनफिक्शन, यह सब कहानियों के बारे में है - और कहानियों किसे पसंद नहीं होती। आगे बढ़ें और YA शीर्षक उठाएं क्योंकि वे आपके दरवाजे पर पागलों की तरह दस्तक दे रहे हैं!

वैसे लेखक और इतिहासकार मार्क एरॉनसन मनॉनफिक्शनफ शब्द के उपयोग का विरोध करते है। 'मैं जिज्ञासा पसंद करता हूँ,' एरॉनसन ने एक बातचीत में बताया। मजिज्ञासाफ किताबें क्योंकि वे आपको चीजों को खोजने में मदद करती हैं। रटगर्स विश्वविद्यालय के एक शिक्षक, एरॉनसन के खाते में कई किताबें हैं। *शुगर चेंज्ड द वर्ल्ड: ए स्टोरी ऑफ स्पाइस, मैजिक, स्लेवरी, फ्रीडम एंड साइंस* को ही ले लीजिए जो उन्होंने मरीना बुधोस के साथ लिखी। शिक्षक के अनुसार यह भूगोल, विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र और नागरिक शास्त्र को दर्शाता है भले ही यह भाषा, कला और इंद्रियों के माध्यम से शुगर की जांच करता है। उन्होंने *राइजिंग वॉटर* में बाढ़ वाली गुफा में फंसी युवा थाई फुटबॉल टीम के बचाव के बारे में लिखा है और *ट्रैप्ड* में चिली के 33 खनिकों के बचाव के बारे में लिखा है जहाँ वे जमीन से 2,000 फीट नीचे फंस जाते है। एक समकालीन किताब है *अनसेटल्ड: द प्रॉब्लम ऑफ लविंग इज़राइल।* यह इजरायल के इतिहास का अन्वेषण करती है जिसमें संघर्षों, फिलिस्तीनी और यहूदी बस्तियों के बारे में है। यह कड़े सवाल पूछता है: 'क्या एक धार्मिक राज्य भी लोकतांत्रिक हो सकता है? इजरायल पीड़ित है या हमलावर?... किस तरह के इज़राइल का अस्तित्व होना चाहिए?' *रेस: ए हिस्ट्री बियॉन्ड ब्लैक एंड व्हाइट* के बारे में लिखे गए लेख में कहा गया है, 'नस्लवाद। मैं बेहतर हूँ; वह बदतर है। ऐसे लोग इस तरह की चीजें करते हैं। ये भावनाएँ कहाँ से आईं? ये इतनी शक्तिशाली क्यों हैं? क्यों लाखों लोगों को उनकी त्वचा के रंग, उनकी आंखों के आकार के कारण गुलाम बनाया गया, उनकी हत्या कर दी गई, उनके अधिकारों से वंचित किया गया?'

और इतिहास पसंद लोगों के लिए देविका रंगाचारी के पास अनेक किताबें है। उनकी किताब *क्वीन ऑफ आइस* 10वीं शताब्दी की एक कश्मीरी शासिका रानी दिद्दा के बारे में है जो एक एनबीए विजेता है। *क्वीन ऑफ फायर झांसी* की रानी के बारे में है। *क्वीन ऑफ अर्थ पृथ्वी महादेवी* के बारे में है जो कोसल के एक शक्तिशाली राजा की बेटी है। ये सभी कई लोगों के लिए रुचिकर हो सकती है। तो, नहीं, YA किताबें केवल युवा वयस्कों के लिए नहीं हैं। वे सभी के लिए हैं - फिक्शन, नॉनफिक्शन और बीच में जो कुछ भी आपकी जिज्ञासा पर निर्भर करता है।

*स्तंभकार बच्चों की लेखिका और वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

> *जितना ज़्यादा हम पढ़ते हैं उतना ही हमें एहसास होता है कि हम कितना कम जानते हैं। पढ़ने से मन शांत होता है, आत्मा शांत होती है।*

*The* **ROTARY ACTION PLAN**

Is your club looking for ways to try new things?
**The Action Plan can help.**

Learn about increasing your club's ability to adapt:
**rotary.org/actionplan**

“Must see these shows once in a life time”
GUINNESS WORLD RECORDS
LIMCA BOOK of RECORDS
"Our shows are the perfect fit for all your events Entertaining, Motivating, and Empowering, leaving a lasting impact on every audience."
"Miracle on Wheels is the first and only organization in the world to feature professional performances on wheelchairs by differently-abled artists."
"Book our show today : 9811340308, 9597167987
Watch our Videos on YouTube ‘Miracle On Wheels’

ADVT.

Rotary PEOPLE OF ACTION

# दृष्टिबाधितों के लिए ज्योति

किरण ज़ेहरा

2022-23 में शुरुआत होने के बाद से, रोटरी कल्ब इंदौर अपटाउन, रो ई मंडल 3040, की एक पहल *प्रोजेक्ट दृष्टि* ने 726 दृष्टिबाधित बच्चों की जांच की है। इनमें से 28 बच्चों की पहचान सुधारात्मक सर्जरी के लिए की गई। ''हमनें सफलतापूर्वक 21 सर्जरी पूरी कर ली हैं, जिससे बच्चों को उनकी दृष्टि वापस पाने में मदद मिली है। हम सात और बच्चों के लिए कॉर्नियल ट्रांसप्लांट पर भी काम कर रहे हैं,'' क्लब के सदस्य पीडीजी संजीव गुप्ता कहते हैं। इसके अलावा, छह बच्चों को चश्मा दिया गया, और 15 को कम-दृष्टि के लिए उपकरण दिए गए।

क्लब के सदस्य राजन बावेजा ने परियोजना की कल्पना करते हुए प्रस्ताव दिया था कि इंदौर के एक स्थानीय नेत्र अस्पताल, चोइथराम नेत्रालय, में उन्नत सुविधाओं का उपयोग दृष्टिबाधित लोगों की दृष्टि बहाल करने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने आराधना सहाय के साथ यह विचार साझा किया, जिनके पास दृष्टिबाधित लड़कियों के पुनर्वास में 22 से अधिक वर्षों का अनुभव है और विकलांगों के लिए फर्नीचर एवं घर की फिटिंग डिजाइन करने में पीएचडी है, साथ ही साथ दृष्टिबाधित व्यक्तियों

*ऊपर: प्रोजेक्ट दृष्टि के तहत एक दृष्टिबाधित लड़की की जांच।*

*नीचे: दृष्टिबाधित छात्र और एमराल्ड हाइट्स स्कूल के छात्र के साथ परियोजना अध्यक्ष आराधना सहाय।*

में विशेषज्ञता के साथ बी एड की डिग्री भी हैं। परियोजना की अध्यक्ष आराधना सहाय कहती हैं, ''परियोजना का लक्ष्य मंडल के सभी दृष्टिबाधित व्यक्तियों की जांच करना और सर्जरी एवं उपचार के माध्यम से दृष्टि बहाल करने के विकल्पों का पता लगाना है।''

चोइथराम नेत्रालय प्रारंभिक जांच आयोजित करता है। ''जटिलता के आधार पर सर्जरी की लागत ₹10,000 से ₹1 लाख तक होती है। इनमें से कुछ खर्चों की प्रतिपूर्ति सरकारी कार्यक्रम आयुष्मान के माध्यम से की जाती है, लेकिन जब यह संभव नहीं होता है, तो उन्हें रोटेरियन और शुभचिंतकों के दान से कवर किया जाता है,'' गुप्ता समझाते है।

लाभार्थियों की पहचान मुख्य रूप से दृष्टिबाधितों के लिए स्कूलों एवं संस्थानों से की जाती है जैसे देवास में हेलेन केलर हायर सेकेंडरी स्कूल, नेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लाइंड और एमपी कल्याण संस्थान। यदि अस्पताल नगरपालिका सीमा के भीतर होता है तो छात्रों को अस्पताल तक ले जाने की सुविधा कभी-कभी स्कूलों द्वारा दी जाती है, अन्यथा क्लब लागत को कवर करता है।

गुप्ता ने इंदौर के एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों द्वारा प्रदान किए गए महत्वपूर्ण समर्थन पर भी प्रकाश डाला। ''इन छात्रों ने दृष्टिबाधित बच्चों को डॉक्टरों की प्रक्रियाओं को समझाने, उन्हें घूमने में मदद करने और भोजन के दौरान उनकी सहायता की। चूंकि वे उनके ही साथी हैं, दृष्टिबाधित बच्चे उन पर अधिक भरोसा करते हैं और उनकी उपस्थिति में सहज महसूस करते हैं। इनमें से कई बंधन पक्की दोस्ती में बदल गए हैं,'' वह मुस्कुराते हुए कहते हैं।

लाभार्थियों में से एक, हेलेन केलर हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा आठ की छात्रा गाना राजपूत अपना अनुभव साझा करती हैं: ''ऑपरेशन के बाद, जब उन्होंने पट्टियाँ हटाईं, तो सबसे पहले मैंने मेरे पिता को देखा था। यह एक अविश्वसनीय एहसास था।'' ■

# रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय से

**पॉल हैरिस फेलो मान्यता अंकों का हस्तांतरण**

फाउंडेशन मान्यता अंक वार्षिक कोष, पोलियोप्लस, या अनुमोदित वैश्विक अनुदान के माध्यम से रोटरी संस्थान में योगदान करने वाले दानकर्ताओं को प्रदान किए जाते है। दानकर्ताओं को योगदान दिए गए प्रत्येक अमेरिकी डॉलर के लिए एक अंक प्राप्त होता है। अक्षय निधि कोष और निर्देशित उपहारों में योगदान पात्र नहीं होते है। दानकर्ता दूसरों को पॉल हैरिस फेलो या मल्टीपल पॉल हैरिस फेलो के रूप में अर्हता प्राप्त करने में मदद करने के लिए अंक स्थानांतरित कर सकते है।

- एक बार में न्यूनतम 100 अंक स्थानांतरित किए जा सकते है, और दानकर्ता को पीएचएफ़ मान्यता हस्तांतरण अनुरोध फॉर्म को भरकर हस्ताक्षर करना होगा। अंक व्यक्तियों से क्लबों या मंडलों में स्थानांतरित नहीं किए जा सकते है।

- केवल व्यक्तिगत दानकर्ता ही अपने खाते से अंक स्थानांतरित कर सकते है। केवल क्लब अध्यक्ष ही क्लब के खाते से अंक स्थानांतरित कर सकते है। केवल डीजी ही मंडल के खाते से अंक स्थानांतरित कर सकते है।

पीएचएफ़ ट्रांसफर फॉर्म को भरने और उसपर हस्ताक्षर करने के बाद, इसे स्कैन करके मंजू जोशी को *Manju.Joshi@rotary.org* पर ईमेल करें। हस्तांतरण को ऑनलाइन दिखने में 5-10 कार्यदिवस लगते है।

नवंबर, जो हमारे संस्थान का माह होता है, रोटेरियनों और रोटरेकटरों को प्रभावशाली कहानियों के साथ प्रेरित करने का एक शानदार समय होता है। यहाँ कुछ युक्तियाँ है:

- नवंबर की बैठकों में एक संस्थान कार्यक्रम द्वारा व्यक्तिगत अनुभव साझा करने के लिए वक्ताओं को आमंत्रित करने के लिए क्लबों को प्रोत्साहित करें।
- क्लब या मंडल कार्यक्रमों में पीस फेलो, अनुदान प्राप्तकर्ता, या टीआरएफ-प्रभावित नेतृत्वकर्ताओं जैसे व्यक्तियों को चिन्हित करें।
- संस्थान की मान्यताओं को बढ़ावा दीजिये और सदस्यों को उच्च स्तर की मान्यता प्राप्त करने के लिए प्रेरित कीजिये।
- प्रमुख दानकर्ताओं, बिक्रेस्ट सोसायटी के सदस्यों, पॉल हैरिस सोसाइटी के सदस्यों और पहली बार योगदान करने वालों सहित सभी दानकर्ताओं की सराहना कीजिये।
- निष्क्रिय या योगदान नहीं करने वाले क्लबों एवं सदस्यों को टीआरएफ में योगदान करने हेतु प्रोत्साहित कीजिये।
- ऑनलाइन दान को बढ़ावा दीजिये और सदस्यों से अपने *माई रोटरी* लॉगिन के माध्यम से दान करने का आग्रह कीजिये।

**पिछले वर्ष के मंडल अनुदानों का समय पर समापन**

रोटरी वर्ष 2023-24 या उससे पहले के वर्षों की मंडल अनुदान रिपोर्ट 31 दिसंबर, 2024 तक जमा की जानी चाहिए, ताकि 2024-25 के अनुदान आवेदन को समय पर दाखिल करना सुनिश्चित किया जा सके। जबकि रोटरी वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम आवेदन की समय सीमा 15 मई, 2025 है, प्रक्रिया को जल्दी सुव्यवस्थित करने से आगामी मुद्दों से बचने में मदद मिलती है। वर्तमान नेतृत्व 1 जुलाई, 2024 से रोटरी वर्ष 2024-25 के लिए आवेदन जमा कर सकता है, लेकिन स्वीकृति और अदायगी रोटरी वर्ष 2023-24 या पूर्व के वर्षों के अनुदानों के पूरी तरह से बंद होने के बाद ही किया जायेगा। ■

# पर्यावरण जागरूक स्कूल

प्रीति मेहरा

**विद्यार्थियों और कर्मचारियों को पर्यावरण के लिए संवेदनशील बनाना एक सार्थक शुरुआत हो सकती है**

स्कूल स्थानीय समुदाय, माता पिता के समूहों, क्लबों और सामाजिक रूप से जिम्मेदार संगठनों के समर्थन से पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रथाओं को अपना सकते हैं। आप और आपके मित्र अपने प्रेरक कौशल का उपयोग करके स्कूल प्रबंधन, माता-पिता और छात्रों को एक हरित कदम उठाने हेतु प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इस लेख में मैं आपके साथ जो कुछ साझा करने जा रहा हूँ वो मेरे पर्यावरणविद मित्रों और दिल्ली स्थित सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) के उत्कृष्ट ग्रीन स्कूल प्रोग्राम के सौजन्य से है। मेरी तरफ से प्रयास यह होगा कि मैं कुछ ऐसे बिंदुओं को चिह्नित करूँ जिनके माध्यम से आप कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में वास्तविक रूप से मदद कर सकें। पड़ोस के पार्क की सफाई या प्लास्टिक को ना कहने जैसे कुछ आधे-अधूरे प्रयासों के बाद हम पंसारी की दुकान से अपने हाथ में किसी खतरनाक हाइड्रोकार्बन से बनी थैली लेकर अपराध-बोध से ग्रसित होकर लौटते हैं।

खैर, अच्छी खबर यह है कि आपके प्रयासों का एक दीर्घकालिक प्रभाव हो सकता है। आपको बस अपने पड़ोस के स्कूल में जाना है और इस प्रक्रिया की शुरुआत करनी है। आप और आपके समान विचारधारा रखने वाले मित्र बच्चों के माता-पिताओं, शिक्षकों और छात्रों के साथ दो सप्ताह में या महीने में एक बार बातचीत करके इसकी शुरुआत कर सकते है, उन्हें पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूक करके यह बता सकते हैं कि वे जलवायु परिवर्तन को कम करने की लड़ाई में कैसे शामिल हो सकते हैं। आप पर्यावरण विशेषज्ञों और इस कार्य के प्रति समर्पित संगठनों की सेवाएं भी ले सकते हैं। एक बार आधारभूत कार्य कर लेने के बाद आप स्कूल को सकारात्मक कार्यवाही की ओर अग्रसर कर सकते हैं।

तो, ग्रीन स्कूल क्या है? सीधे शब्दों में कहें तो यह एक ऐसा शैक्षणिक संस्थान है जो अपने कार्बन फुट्प्रिन्ट को कम करके, कम प्रदूषणकारी प्रथाओं को अपनाकर छात्रों को पर्यावरण के प्रति अधिक सजग बनाने के लिए प्रशिक्षित करके समुदाय और पर्यावरण के लिए लाभप्रद होता है।

शायद वायु प्रदूषण को कम करना पहला कदम हो सकता है। छात्रों और शिक्षकों को निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन या स्कूल बस का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। निजी वाहन हर सुबह स्कूल शुरू होने और शाम को स्कूल खत्म होने के समय स्कूल के बाहर और उसके आसपास ट्रैफिक जाम का कारण बनते है।

विद्यार्थियों को इस बात से अवगत कराया जाना चाहिए कि यह चिंता का विषय है क्योंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के डेटाबेस में खराब शहरी वायु गुणवत्ता

में भारतीय शहर सबसे ऊपर हैं। हालांकि वायु प्रदूषण के अनेक स्रोत है मगर वाहनों के उत्सर्जन को सबसे हानिकारक माना जाता है क्योंकि ये लोगों के श्वसन स्तर तक पहुंचते हैं।

आपका हरित प्रयास स्कूल प्रबंधन पर भी केंद्रित हो सकता है, जिससे उन्हें अच्छी स्थति के कम प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों का उपयोग करने के लिए संवेदनशील बनाया जा सकता है। स्कूलों को यह भी सलाह दी जानी चाहिए कि वे पत्तियों और कागजों को जलाने से बचें और जनरेटर के लिए उचित निकास सुविधाएं सुनिश्चित करें, जो ईंधन कुशल होना चाहिए।

एक स्कूल को हरित बनाने के लिए ऊर्जा दक्षता महत्वपूर्ण है। आप एलईडी रोशनी अपनाने का सुझाव दे सकते हैं चरणबद्ध तरीके से पुराने बल्बों को अधिक कुशल विकल्पों से बदल सकते हैं। यही बात पंखों पर भी लागू होती है क्योंकि पारंपरिक मॉडल 75 वाट बिजली खपत करते हैं वहीं आजकल ऊर्जा-कुशल पंखे 35 वाट से भी कम बिजली खपत करते हैं। एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर और अन्य उपकरणों के अधिक ऊर्जा-कुशल मॉडल भी पुराने मॉडलों की तुलना में बिजली के बिल को काफी कम करते हैं।

छात्रों और कर्मचारियों को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। उपयोग में न होने पर लाइट और पंखे बंद करने जैसी सरल क्रियाएं ऊर्जा बचत करने में मदद कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त, उपकरणों को स्टैंडबाय मोड पर छोड़ने पर लगभग 7-10 प्रतिशत बिजली बर्बाद हो जाती है। स्कूल पावर ग्रिड पर दबाव को कम करने, बिजली की लागत बचाने और अपने कार्बन फुट्प्रिन्ट्स को कम करने के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग भी कर सकते हैं।

सरकार सौर ऊर्जा अपनाने का समर्थन करने के लिए विभिन्न सब्सिडी योजनाएं प्रदान करती है। एक अन्य नागरिक मुद्दा जिसे स्कूलों को संबोधित करने की आवश्यकता है वो है शहरी अपशिष्ट। शहरी और आवास मंत्रालय के अनुसार भारत प्रतिदिन लगभग 150,000 टन कचरा उत्पन्न करता है। इस समस्या का समाधान केवल तभी संभव है जब कचरा प्रबंधन की संस्कृति को व्यक्तिगत घरों से लेकर नागरिक निगमों और राज्य सरकारों तक सभी स्तरों पर अपनाया जाए। स्कूल कचरे और उसके प्रबंधन के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए उत्कृष्ट शैक्षिणिक अवसर प्रदान कर सकते हैं और आप इस प्रक्रिया को शुरू या तेज कर सकते हैं।

हालांकि, कचरा प्रबंधन को केवल छात्रों से बात करके समझाइश देने से कार्यान्वित नहीं किया जा सकता। सबसे अच्छा यह है कि विशेषज्ञों द्वारा संवादात्मक कार्यशालाओं की एक श्रृंखला आयोजित की जाए जिसमें कचरा पृथककरण, पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण जैसी अवधारणाओं को समझाया और प्रदर्शित किया जाए। छात्रों को विभिन्न प्रकार के कचरे जैसे जैविक, अजैविक, हानिकारक, गैर-हानिकारक और ई-कचरे एवं उनके प्रबंधन के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए। बाद के चरण में छात्रों को खाद बनाना भी सिखाया जा सकता है।

स्कूल विभिन्न क्षेत्रों में स्वस्थ हरित प्रथाओं को लागू कर सकते हैं जैसे कि यह सुनिश्चित करना कि परोसा जाने वाला भोजन चाहे वह मध्याह्न भोजन हो या कैंटीन का भोजन हो, पौष्टिक होना चाहिए। छात्रों और अभिभावकों को इस बात से अवगत कराया जाना चाहिए कि कैंटीन को जंक फूड या एरेटेड ड्रिंक बेचने वाले वाणिज्यिक आउटलेट के रूप में संचालित नहीं किया जाना चाहिए। स्कूलों को स्वस्थ भोजन की आदतों को बढ़ावा देना चाहिए और अपनी रसोई में पौष्टिक स्थानीय उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके अतिरिक्त कैंटीन में अपशिष्ट पृथक्करण और उसके निपटान की बारीकी से निगरानी कि जानी चाहिए, संभवत: एक स्टाफ सदस्य के नेतृत्व में एक छात्र टीम द्वारा।

अधिक जानकारी के लिए *हाउ ग्रीन इस योर स्कूल? एन एनवायरनमेंटल ऑडिट फॉर स्कूल्स* को देखें जिसे सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट द्वारा प्रकाशित किया गया। यह सीएसई स्टोर पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

*लेखिका एक वरिष्ठ पत्रकार हैं, जो पर्यावरण के मुद्दों पर लिखती हैं।*

Rotary

# MULTI DISTRICT PRESIDENTIAL CONCLAVE

## STEPHANIE URCHICK

ROTARY INTERNATIONAL PRESIDENT

**8TH DECEMBER 2024 AT 5 PM**
**GRAND HYATT KOCHI BOLGATTY**

RI Director Anirudha Roy Chowdhury
Conclave Convenor

PDG John Daniel
Conclave Chairman

PDG Jose Chacko
Conclave Secretary

PDG Sunil K Zachariah
Conclave Coordinator

### CONCLAVE CO-CHAIRS

DG Rtn V Sivakumar
District Governor 2982

Adv.N Sundaravadivelu
District Governor 3201

Rtn.Dr.Suresh Babu
District Governor 3203

Rtn.Dr.Santhosh Sreedhar
District Governor 3204

Rtn.Sudhi Jabbar
District Governor 3211

Rtn.Meerankhan Salim
District Governor 3212

**REGISTER NOW**

More Info:
Rtn.Susheel Aswani
Registration Chair
+91 93888 33800

THE MAGIC OF ROTARY

***REGISTRATION CHARGES**

REGULAR
**INR 3500** PER PERSON
EARLYBIRD TILL 15 NOV
**INR 2500** PER PERSON
GROUP OF 5+( SAME CLUB )
**INR 2250** PER PERSON
GROUP OF 10+( SAME CLUB )
**INR 2000** PER PERSON
*Includes Dinner & GST

**JOINTLY ORGANISED BY ROTARY DISTRICTS | 2982 | 3201 | 3203 | 3204 | 3211 | 3212**

ADVT.

Rotary PEOPLE OF ACTION

# आदिवासी छात्रों के लिए साइकिल

**किरण ज़ेहरा**

झारखंड के पाकुड़ गांव के राजकीयकृत हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10वीं का छात्र, आकाश कुमार, घिसी हुई हवाई चप्पल पहने स्कूल जाने के लिए हर दिन सात किलोमीटर पैदल चलता हैं। यात्रा, जिसमें उसे 90 मिनट से अधिक का समय लगता है, एक उबड़-खाबड़ एवं पथरीले रास्तों से भरी होती है। ''बारिश के दिनों में, सड़क कीचड़ और फिसलन भरी हो जाती है। मेरी चप्पलें कीचड़ में फिसल जाती हैं, और जब तक मैं स्कूल पहुंचता हूं, मेरे पैर कीचड़ से सन जाते हैं। कभी-कभी, मेरे पैरों में इतना दर्द होता है कि मैं कक्षा में ध्यान नहीं दे पाता हूँ। इस साल बोर्ड परीक्षाओं के दबाव से अधिक, स्कूल आने की यह थकाऊ यात्रा है जो मेरी इच्छा शक्ति की परीक्षा ले रही है,'' वह कहता है। उसके कई दोस्तों ने स्कूल आना बंद कर दिया था, ''क्योंकि रोज़-रोज़ इतनी कठिन यात्रा करना बहुत मुश्किल था। मैंने भी लगभग हार मान ली थी।''

लेकिन आकाश कुमार को साइकिल मिलने बाद से सब कुछ बदल गया। रोटरी क्लब जुबली हिल्स, रो ई मंडल 3150, द्वारा एक पहल के तहत, और बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा, एक प्रमुख खान डेवलपर और ऑपरेटर के सहयोग से, झारखंड में आदिवासी क्षेत्रों के छात्रों को 1,000 साइकिलें दान की गईं। इनमें से, 850 साइकिलें कुमार के स्कूल में वितरित की गई थी। ''अब, उसी यात्रा में 20 मिनट से भी कम समय लगता है, और जब मैं स्कूल पहुंचता हूं तो मैं थका हुआ भी नहीं होता हूं। मेरे ज़्यादातर दोस्तों ने भी स्कूल वापस आना शुरू कर दिया है,'' वह मुस्कुराते हुए कहता है।

''साइकिलें परिवहन के एक साधन से बढ़कर है; वे उनके पूरे स्कूली शिक्षा अनुभव को समृद्ध बनाने का एक ज़रिया है। यात्रा को आसान बनाकर, हम छात्रों को छोड़ने के बजाय स्कूल जाने में मदद कर रहे हैं,'' रोटरी क्लब जुबली हिल्स के अध्यक्ष बालाकोटी रेड्डी कहते हैं।

यह पहल बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा द्वारा कई स्कूली भवनों के नवीनीकरण और नई कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशालाओं एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ शुरू हुई। इन प्रयासों ने न केवल छात्रों को स्कूल जाने के तरीके को बदला है, बल्कि उनके सीखने के माहौल को भी बदल दिया है, रेड्डी यह कहते हुए आगे कहते है कि स्कूल के प्रिंसिपल के साथ हाल ही में बातचीत में, मुझे यह सुनकर खुशी हुई कि अकादमिक प्रदर्शन के साथ-साथ छात्रों की उपस्थिति में भी सुधार हुआ है।

वह कहते है कि यह सहयोग, दर्शाता है कि कैसे रोटरी समुदाय की जरूरतों के साथ-साथ कॉर्पोरेट जिम्मेदारी के बीच एक पुल का काम कर सकती है, जिससे इसमें शामिल सभी लोगों को लाभ होता है।■

*दाएं से: डीजी शरत चौधरी, डीजीई एस वी राम प्रसाद और रोटरी क्लब जुबली हिल्स के अध्यक्ष बालाकोटि रेड्डी एक छात्र को साइकिल उपहार में देते हुए।*

# अपनी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं

भरत और शालन सवुर

फिटनेस मुख्य रूप से किसी वातावरण के अनुकूल होने के बारे में है और आज की निष्क्रिय जीवन शैली में जोखिम अंतर्निहित हैं। हालांकि एक समय ऐसा माना जाता था कि शारीरिक गतिविधि से शरीर का घिसाव होता है लेकिन अब हम समझते हैं कि नियमित व्यायाम शारीरिक गतिविधियों और संरचनाओं को मजबूत करके उम्र को जल्दी बढ़ने से रोकता है।

निष्क्रियता बीमारी का कारण बनती है, जिससे मांसपेशियां कमजोर होती हैं और हृदय की कार्यक्षमता भी कम हो जाती है। ऊर्जा का भंडारण घटता है, जिससे शरीर शारीरिक मांगों का सामने करने में कम सक्षम होता है। इसके परिणामस्वरूप हल्के दिल के दौरे, स्ट्रोक और मधुमेह जैसे चयापचय संबंधी विकार होते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि अधिकांश महत्वपूर्ण अंग शरीर के ऊपरी भाग में होते हैं लेकिन पैरों का व्यायाम जैसे पैदल चलना या साइकिल चलाना - आवश्यक हृदय वाहिका उत्तेजना प्रदान करते है। हृदय संबंधी व्यायाम आंतरिक बल और प्रतिरक्षा को बढ़ाते हैं जबकि समग्र शारीरिक मजबूती एवं लचीलेपन के लिए शक्ति प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है।

## प्रतिरोधक प्रशिक्षण

मोटे तौर पर हमारी मांसपेशियों को स्वस्थ और मजबूत करने के दो तरीके हैं। एक है मांसपेशियों का संकुचन। और दूसरा है मांसपेशियों का खिंचाव। फ्री वेट्स (बारबेल्स और डंबेल्स) और वर्कस्टेशन संबोधित मांसपेशियों को संकुचित करते हैं। हम महिलाओं और पुरुषों के लिए क्रमशः पांच पाउंड और 10 पाउंड डंबेल की सलाह देते हैं। चलिए अब समान परिणाम प्राप्त करने के लिए मांसपेशियों के खिंचाव पर चर्चा करें। यह हमें थेराबैंड्स की तरफ ले जाता है।

विभिन्न रंग उनकी प्रतिरोधक क्षमता को दर्शाते हैं। हम स्थानीय खेल सामग्री की दुकान या इंटरनेट पर जाने का सुझाव देते हैं और चिकित्सा एवं खेल सामग्री के एक स्थापित भारतीय निर्माता विस्को द्वारा विपणन किए गए बैंड की सिफारिश करते हैं। उनकी कीमतें (वर्तमान में ₹300 से ₹600 से अधिक रुपए प्रति पीस) भी ब्रांड बैंड प्रतिरोधक चुनने का एक तरीका है। कीमत जितनी अधिक होगी, प्रतिरोध भी उतना ही अधिक होगा। हमारा सुझाव है कि आप उस बैंड का चयन करें जो आपके लिए सबसे उपयुक्त हो। विस्को ने बैंड के पैकेट पर विभिन्न व्यायाम प्रदर्शित किए हैं। खैर, यहाँ वे व्यायाम हैं जो हम और हमारे छात्र हमारे फिटनेस-फॉर-लाइफ क्लास में अभ्यास करते हैं।

- बैंड को हाथों की लंबाई और कंधे की चौड़ाई से अलग रखें, हथेलियां शरीर के

सामने रखें। बैंड को खींचते हुए धीरे-धीरे छत की ओर ऊपर ले जाएं। फिर नीचे लाएं और इसे 20 बार दोहराएं। ऊपर उठाते समय श्वास लें। नीचे लाते समय सांस छोड़ें। यह व्यायाम आपके ऊपरी शरीर की सामने की मांसपेशियों पर काम करता है, जिससे हाथ, छाती और कंधे की मांसपेशियां मजबूत होती है।

- बैंड को फर्श के समानांतर ऊपर की ओर रखें और हथेलियां बाहर की ओर। अब धीरे-धीरे नीचे लाते हुए पीछे की ओर अपनी रीढ़ की हड्डी के निचले सिरे की टेलबोन को छुएं। सुचारू गति प्रदान करने के लिए बैंड को खींचें। नीचे आते समय साँस लें। ऊपर की ओर पहुंचने के बाद साँस छोड़ें। यह व्यायाम आपके धड़ के पीछे की मांसपेशियों को लाभ पहुंचाता है।
- बैंड को अपने नितंबों के पीछे हाथों की लंबाई पर रखें, हथेलियां बाहर की ओर। अपनी पूरी क्षमता के साथ बैंड को समानांतर रूप से खींचें। ऐसा करते समय साँस लें। प्रारंभिक अवस्था में लौटते समय साँस छोड़ें। इस व्यायाम से हाथों और धड़ के पिछले हिस्से को लाभ पहुंचता है।
- बाएं हाथ को कंधे के स्तर पर समानांतर फैलाएं। बैंड को दाहिने हाथ से कंधे की ऊँचाई पर पकड़ें ताकि वो कंधे के मध्य में हो। अपने दाहिने हाथ से अपने कंधे की सीध में खींचते हुए जितना संभव हो सके दाईं ओर खींचें। 20 बार दोहराएं। अब इसी व्यायाम को अपने दाएं हाथ से 20 बार दोहराएं। इससे हाथों और कंधों को लाभ पहुंचता है। नोट: यह क्रिया धनुष और बाण के उपयोग के समान है।
- बैंड को कंधों के ऊपर पकड़ें और जितना संभव हो सके बाईं ओर झुकाएं और ऐसा तब तक करें जब तक कि आपको कमर के दूसरी ओर खिंचाव महसूस न हो। फिर इसी तरह दाईं ओर झुकें। 20 बार दोहराएं। इससे हाथों, कंधों और धड़ को लाभ पहुंचता है।
- बैंड को खींचकर अपने कंधों के ऊपर पकड़ें और अपने धड़ को 20 बार घुमाएं।

प्रतिरोधक बैंड मांसपेशियों को सुरक्षित और सक्रिय रखते है जिससे मांसपेशियों के पतन को रोका जा सकता हैं। प्रतिरोधक प्रशिक्षण पहले से ही वजन-प्रशिक्षण द्वारा प्राप्त मांसपेशियों के आकार को बनाए रखता है। यह स्वाभाविक और वास्तविक रूप से मांसपेशियों को खींचता और फैलाता है।

## नीचे की ओर खींचें

अनुभवी ड्राइवर जानते है कि घाट की सड़क से उतरते समय उसपर चढ़ाई करने की तुलना में अधिक नियंत्रण की आवश्यकता होती है क्योंकि गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव बढ़ जाता है। गुरुत्वाकर्षण दो तरीकों से काम करता है: एक कार को सड़क पर स्थिर रखता है, दूसरा इसे घाटी की ओर खींचता है जिससे इसकी गति बढ़ती है। मैंने मारुति 800 में इसे महसूस किया है जिसकी हल्की बॉडी इसे घाटी के गुरुत्वाकर्षण बल के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बनाता है, जिससे ऐसा लगता है कि यह चकित करते हुए एक घोड़े की तरह उड़ने वाली है। यही कारण है कि एसयूवी अपने मजबूत निर्माण और चार-पहिया ड्राइव के साथ विभिन्न इलाकों में लोकप्रिय हो गई हैं। जब आप खड़ी चढ़ाई या उतराई वाले हिस्सों में गाड़ी चलाते है तो दूसरे गियर का उपयोग करने से वाहन के तनाव को समान रूप से प्रबंधित करने में मदद मिलती है।

इसी प्रकार समय का अंतिम प्रभाव एक व्यक्ति के शरीर पर गुरुत्वाकर्षण के नियम के अनुसार होता है। एक व्यक्ति जितना अधिक जीता है उसके शरीर पर नीचे की ओर खिंचाव उतना ही बढ़ता है, जो वृद्धावस्था में सिकुड़ने और झुकने का मुख्य कारण होता है। वजन और प्रतिरोध प्रशिक्षण शरीर के द्रव्यमान और मांसपेशियों को जितना संभव हो उतने लंबे समय तक संरक्षित करके कसाव देते है और मजबूती प्रदान करते है। यह केवल वजन उठाने वालों, बॉडीबिल्डरों और उन पेशेवरों के लिए ही नहीं है जो अपने शरीर का उपयोग करते हैं; यह आपके लिए भी आवश्यक है।

नमी, आद्रता और उंगली के नाखून या अंगूठियों जैसी तीखी वस्तुएं बैंड के कटने या टूटने का कारण बनती हैं। इसलिए बैंड के साथ प्रशिक्षण करने के दौरान अपने नाखूनों को काट लें या दस्ताने का उपयोग करें।

एक समग्र फिटनेस जीवन ताकत और सहनशक्ति सुनिश्चित करता है लेकिन यह प्रतिरक्षा को पूरी तरह से कवर नहीं करता। प्रतिरक्षा की मजबूती के लिए अन्य उपाय करें जैसा कि विटामिन सी का सेवन। जितना संभव हो भीड़-भाड़ और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से बचें। और चिकनगुनिया, डेंगू और नए कोविड 19 स्वरूपों से सावधान रहें जिनका खतरा हमेशा बना रहता हैं।

सुरक्षित रहें।

*लेखक* फिटनेस फॉर लाइफ, *और* बी सिम्पली स्पिरिचुअल - यू आर नैचुरली डिवाइन *के लेखक है और फिटनेस फॉर लाइफ कार्यक्रम के शिक्षक है।*

रो ई मंडल **3160**

### रोटरी क्लब गुलबर्ग सखी

एक झुग्गी बस्ती में आंगनवाड़ी में लगभग 50 महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता पर शिक्षित किया गया। सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। बच्चों को कलर बुक एवं पेंसिलें दी गई।

Rotary PEOPLE OF ACTION

# मंडल गतिविधियाँ

रो ई मंडल **3192**

### रोटरी क्लब बेंगलुरु एबिगेर

हेसरघट्टा के सरकारी पीयू कॉलेज में 150 छात्रों को ₹3 लाख की स्कूल यूनिफॉर्म वितरित की गई, जिसे क्लब सचिव सतीश कुमार ने प्रायोजित किया था।

रो ई मंडल **3212**

### रोटरी क्लब टूटीकोरिन

यूथ रेड क्रॉस के साथ साझेदारी में तूतुकुमंडल स्थित वी ओ चिदंबरानर आर्ट्स कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में लगभग 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

## रो ई मंडल 3231

### रोटरी क्लब वेल्लोर एंजल्स

एक प्लास्टिक विरोधी अभियान के तहत, क्लब अध्यक्ष विजयकुमारन और सचिव थमारी राजाराजन के नेतृत्व में रोटेरियनों द्वारा 15 स्ट्रीट वेंडर्स को 500 कपड़े की (₹11,600) वितरित की गई।

## रो ई मंडल 3182

### रोटरी क्लब तीर्थहल्ली

क्लब अध्यक्ष अनिल कुमार और पूर्व एजी केपीएस स्वामी ने *प्रोजेक्ट रायठा* मित्र के तहत धान के रौपों की बुवाई के लिए रोटेरियनों की एक टीम का नेतृत्व किया।

## रो ई मंडल 3240

### रोटरी क्लब बर्दवान साउथ

पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले के एक गांव में सतगछिया मेघमाला फ्री प्राइमरी स्कूल को डेस्क-बेंच दान किए गए। इससे छात्र अपनी कक्षाओं में आराम से पढ़ाई कर सकेंगे।

## रो ई मंडल 3291

### रोटरी क्लब जोधपुर गार्डन्स कलकत्ता

प्रोजेक्ट ईजी स्कूल 3 के तहत हावड़ा जिले के जॉयपुर ब्लॉक के थालिया स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों को स्कूल किट वितरित की गई। कार्यक्रम में पीडीजी मुकुल सिन्हा उपस्थित हुए।

*वी मुत्तुकुमारन द्वारा संकलित*

# पहला सम्मेलन? यह आपका आखिरी नहीं होगा

चाहे कैलगरी आपका पहला सम्मेलन हो या आपका 20वां, रोटरी नेतृत्वकर्ताओं को विश्वास है कि आप चकित होकर ही यहाँ से जाएंगे। और एक छूट भी दी जा रही है! जल्दी पंजीकरण करके एक अच्छी रकम बचाने का अंतिम दिन 15 दिसंबर है। अपने पसंदीदा होटल और कार्यक्रमों को अभी बुक कर ले, वे शायद आगे उपलब्ध ना रहे।

कनाडा में 21-25 जून को पहली बार उपस्थित होने वाले लोग प्रतिष्ठित वक्ताओं से प्रेरणा की उम्मीद कर सकते है - उनके विचार एक शीर्ष वजह होते है जिसके कारण सम्मेलन में नियमित रूप से आने वाले साल-दर-साल लौटते है। कार्यक्रमों में विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्वकर्ताओं से लेकर नोबेल पुरस्कार विजेताओं, राष्ट्रपतियों, अंतरिक्ष यात्रियों और लेखकों तक सभी को शामिल किया गया है।

रोटरी क्लब लिवोनिया, मिशिगन, के जोनाथन वेनस्ट्रॉम का कहना है कि इस साल सिंगापुर में उनके पहले सम्मेलन में उनका अनुभव बहुत ही जबरदस्त रहा जिसमें उन्होंने रोटरी के समाधानों की दुनिया में जरूरतों के बारे में जाना। हम सभी को प्रेरणा की जरूरत होती है। ''हम सभी को अपनी बैटरी रिचार्ज करने की जरूरत होती है। यह ऐसा करने का एक जबरदस्त तरीका है। मैं उर्जावान महसूस कर रहा हूं।''

सामान्य सत्रों में मनोरंजन के नज़ारे देखने को मिलते है (संगीत सितारे, नृत्य मंडलियाँ, और कलाबाजियां) और प्रेरक बातें भी सुनाने को मिलती है। वे रोटरी नेतृत्वकर्ताओं द्वारा निर्देशित एक शिक्षण मंच भी है। इस बीच, आप बूथों और ब्रेकआउट सत्रों में अपने जुनून और अपने क्लब की प्राथमिकताओं का पता लगा सकते है।

सदस्यों का कहना है कि सिंगापुर सम्मलेन की प्रमुख बातों में हाउस ऑफ़ फ्रेंडशिप में सहज संबंध बनाना और रोटरी के विश्वव्यापी प्रभाव को महसूस करना शामिल था।

मॉरीशस के रोटरी क्लब ऑफ टैमारिन लेस सेलाइन्स के डिडिएर ग्रैंडपोर्ट ने अपने पहली सम्मेलन की भावनाओं को साझा किया: दुनिया भर के करवाई करने वाले लोगों से मिलकर मुझे बहुत ख़ुशी हुई। यहां होना एक सपने की तरह है।

***अधिक जानें और***
**convention.rotary.org**
***पर रजिस्टर करें।***

# संसद में एक दिन

**टीम रोटरी न्यूज़**

रोटरी क्लब दिल्ली नॉर्थ, रो ई मंडल 3012, द्वारा प्रायोजित सुशीला देवी लक्ष्मी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के इंटरेक्ट क्लब की छात्राओं ने संसद में नेशनल लीडर्स होमेज कार्यक्रम में भाग लिया। दो छात्राओं, युक्ति और जयसिका, ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की उपस्थिति में भाषण दिया। इस यात्रा ने छात्राओं को संसद के कामकाज और निर्वाचित प्रतिनिधियों की भूमिकाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया। इस पहल की सराहना करते हुए डीजी ललित खन्ना ने कहा कि ''इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेने से छात्राओं को सार्वजनिक रूप से बोलने के कौशल विकसित करने में मदद मिली, जबकि शासन और लोकतांत्रिक मूल्यों की उनकी समझ को गहरा किया गया, जिससे नागरिक जागरूकता एवं सक्रिय नागरिकता को प्रोत्साहन मिला।'' ■

*संसद में सुशीला देवी लक्ष्मी स्कूल के इंट्रेक्टर्स।*

# मंडल दीआरएफ योगदान

स्रोत: रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय

वार्षिक कोष (AF) में SHARE, फोकस के क्षेत्र और विश्व कोष शामिल हैं।
पोलियोप्लस में बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन शामिल नहीं है।

सितंबर 2024 तक

(अमेरिकी डॉलर में)

| मंडल संख्या | | एनुअल फण्ड | पोलियो प्लस फंड | एंडोमेंट फण्ड | अन्य निधि | कुल योगदान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2981 | | 32,951 | 1,182 | 0 | 38 | 34,171 |
| 2982 | | 25,399 | 3,637 | 9,285 | 11,959 | 50,281 |
| 3000 | | 16,363 | 2,247 | 0 | 241,007 | 259,617 |
| 3011 | | 24,811 | 4,622 | 1,238 | 327,402 | 358,072 |
| 3012 | | 360 | 101 | 500 | 27,000 | 27,961 |
| 3020 | | 20,845 | 4,481 | 11,000 | 4,857 | 41,183 |
| 3030 | | 2,602 | 138 | 2,000 | 1,000 | 5,740 |
| 3040 | | 1,369 | 88 | 0 | 14,586 | 16,044 |
| 3053 | | 11,011 | 0 | 0 | 0 | 11,011 |
| 3055 | | 11,853 | 54 | 1,000 | 39,744 | 52,651 |
| 3056 | | 3,291 | 0 | 60 | 133 | 3,483 |
| 3060 | | 93,033 | 1,040 | 299 | 46,354 | 140,727 |
| 3070 | | 9,514 | 0 | 0 | 0 | 9,514 |
| 3080 | | 9,426 | 3,502 | 17,384 | 9,561 | 39,873 |
| 3090 | | 2,289 | 56 | 0 | 0 | 2,345 |
| 3100 | | 12,396 | 2,156 | 0 | 3,265 | 17,817 |
| 3110 | | 6,732 | 24 | 0 | 21,094 | 27,850 |
| 3120 | | 12,139 | 100 | 8,337 | 0 | 20,577 |
| 3131 | | 226,704 | 4,169 | 12,000 | 50,341 | 293,214 |
| 3132 | | 24,993 | 200 | 0 | 4,569 | 29,762 |
| 3141 | | 256,550 | 12,777 | 52,000 | 739,492 | 1,060,819 |
| 3142 | | 229,692 | 13,461 | 7,560 | 80,348 | 331,061 |
| 3150 | | 53,448 | 7,638 | 7,250 | 252,438 | 320,774 |
| 3160 | | 1,968 | 1,092 | 0 | 5,787 | 8,847 |
| 3170 | | 25,973 | 11,880 | 2,000 | 58,566 | 98,418 |
| 3181 | | 21,820 | 3,768 | 0 | 0 | 25,588 |
| 3182 | | 7,333 | 108 | 0 | 0 | 7,441 |
| 3191 | | 18,678 | 1,671 | 0 | 1,323 | 21,673 |
| 3192 | | 40,792 | 1,471 | 1,000 | 1,976 | 45,239 |
| 3201 | | 39,502 | 14,203 | 2,190 | 30,160 | 86,055 |
| 3203 | | 16,616 | 2,234 | 15,000 | 4,601 | 38,451 |
| 3204 | | 6,366 | 230 | 0 | 0 | 6,596 |
| 3211 | | 10,132 | 525 | 0 | 3,048 | 13,704 |
| 3212 | | 113,039 | 8,421 | 0 | 93,875 | 215,335 |
| 3231 | | 11,693 | 3,073 | 31,238 | 0 | 46,004 |
| 3233 | | 7,293 | 2,001 | 0 | 124,430 | 133,724 |
| 3234 | | 46,565 | 9,714 | 19,459 | 201,998 | 277,736 |
| 3240 | | 82,559 | 4,552 | 36,000 | 13,870 | 136,981 |
| 3250 | | 112,004 | 2,578 | 1,000 | 19,103 | 134,685 |
| 3261 | | 1,068 | 0 | 0 | 5,205 | 6,273 |
| 3262 | | 7,305 | 454 | 0 | 0 | 7,758 |
| 3291 | | 55,832 | 3,085 | 17,500 | 6,514 | 82,932 |
| 3220 | Sri Lanka | 26,593 | 1,425 | 2,000 | 3,875 | 33,893 |
| 3271 | Pakistan | 7,814 | 10,000 | 0 | 6,300 | 24,114 |
| 3292 | Nepal | 32,225 | 7,694 | 5,001 | 44,833 | 89,753 |
| 63 | (former 3272) | 225 | 283 | 0 | 0 | 508 |
| 64 | (former 3281) | 1,321 | 724 | 1,000 | 0 | 3,045 |
| 65 | (former 3282) | 278 | 663 | 0 | 0 | 941 |

*** Undistricted**

# शराब और अकड़न

LBW

टीसीए श्रीनिवासा राघवन

एक दिन मैं, कुछ दोस्तों के साथ, जो सभी 70 वर्ष से ऊपर के है, कई चीजों पर चर्चा कर रहे थे जिनमें एक बूढ़े शरीर में मांसपेशियों की बात भी शामिल थी। इस उम्र में अब दिमाग महत्वपूर्ण नहीं होता। यह विषय तब सामने आया जब किसी ने कहा कि व्हिस्की, रम, वोडका, जिन जैसे मादक पेय पदार्थों की तुलना में वाइन मांसपेशियों के लिए कम हानिकारक होती है। सभी ने अपने हाथों में वोडका और जिन के गिलास के साथ चर्चा ज़ारी रखी। हम में से किसी को भी शरीर विज्ञान और मांसपेशियों पर विषाक्त पदार्थों के प्रभाव के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। लेकिन अज्ञानता ने कब किसी भारतीय को इस बात पर जोर देने से रोका है कि उसे विषय की पूरी जानकारी है?

बात फिर उपचार, रोकथाम और इलाज की ओर मुड़ गई। कुछ लोगों ने योग पर जोर दिया था क्योंकि यह सभी मांसपेशियों के साथ उन मांसपेशियों को भी कसता और मजबूत बनाता है, जिनके होने की आपको कभी कोई जानकारी नहीं थी। दूसरों ने जोर देकर कहा कि अगर कसाव और मजबूती ही जरूरी है, तो फिजियोथेरेपी बेहतर है। मैंने पूछा, क्या अंतर है। लेकिन मुझे नजरअंदाज कर दिया गया क्योंकि मैंने कुछ साल पहले शराब का सेवन बंद कर दिया था और इसलिए उस चर्चा में मेरी राय बेकार थी।

हालांकि, मुझे चर्चा में गहरी दिलचस्पी थी क्योंकि, परिवार द्वारा प्रेरित संयम के बावजूद, मैं स्केटबोर्ड की तरह सख्त ही रहा। मेरे शरीर में शराब की अनुपस्थिति का मेरी अक्खड़ मांसपेशियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इसलिए मेरे चिंतित परिवार ने मुझ पर योग करने का दवाब बनाया। लेकिन इसका भी कुछ ख़ास असर नहीं हुआ। मैं हमेशा की तरह सख्त ही रहा। शुक्र है कि कोविड का दौर आया और योग गुरु को फिर से आमंत्रित नहीं किया गया। उसने कोशिश की लेकिन मैंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि नहीं मतलब नहीं।

लेकिन इस जिद का नतीजा एक महीने पहले तब सामने आया जब मैं एक चम्मच लेने के लिए झुका और फिर सीधा नहीं हो सका। मुझे बहुत धीरे-धीरे कष्टदायी दर्द के साथ सीधा किया गया था। मेरे परिवार वालों ने स्पष्ट रूप से और सर्वसम्मति से फैसला किया कि मुझे एक फिजियोथेरेपिस्ट की आवश्यकता है। तो वह युवा जो मेरी 98 वर्षीय मां को अपने चेहरे पर एक सौम्य मुस्कान के साथ धीरे-धीरे चलवाता है, उसे मेरे साथ भी ऐसा ही करने के लिए कहा गया। यातना देते हुए भी मुस्कुराना चाहिए क्योंकि मुस्कुराहट का चिकित्सीय प्रभाव होता है।

मैंने फिजियो से पूछा कि वह क्या करना चाहता हैं। उसने कहा कि वह मेरे ग्लूटस मैक्सिमस पर ध्यान केंद्रित करने जा रहा है। मुझे कोई सुराग नहीं था कि वह क्या कह रहा था, लेकिन मैं उसे अपनी अज्ञानता नहीं दिखाना चाहता था। बाद में गूगल ने मुझे बताया कि इसका अर्थ है मानव शरीर में सबसे बड़ी और सबसे शक्तिशाली मांसपेशी, जो नितंबों और कूल्हों के आकार के लिए जिम्मेदार है, जो जांघ तक जाती है, पार्श्व घुमाव में सहायतक होती है, और चलने और खड़े होने जैसी गतिविधि के दौरान फीमर को स्थिर करती है। यह शरीर की सीधी मुद्रा बनाए रखने के लिए भी जिम्मेदार है।

खैर, ठीक है, ठीक है, मैंने सोचा, शुरू से शुरुआत करते है। या, जैसा कि मेरे दादाजी मेरी दोषपूर्ण शिक्षा के बारे में कहा करते थे, नींव मजबूत होनी चाहिए। इसलिए, लगभग 60 वर्षों के बाद, मैंने एक बार फिर से अपनी नींव को मजबूत करने का निश्चय किया। मेरा यकीन मानिये, यह बिल्कुल आसान नहीं है क्योंकि यह एक दुष्चक्र है: मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए खिंचाव की आवश्यकता होती है, और खिंचाव के लिए मजबूती की। मैंने फिजियो से पूछा कि वह कैसे बता सकता है कि वास्तव में मेरे ग्लूट्स में क्या हो रहा है। जवाब में उसने मुझे अपने पेट पर लेटने और अपनी गर्दन और पैरों को जहाँ तक हो सके उठाने के लिए कहा, और जब तक मैं कर सकता था तब तक उन्हें हवा में रखने के लिए कहा। मुझे लगता है कि मैंने समय और दूरी दोनों के लिए ओलंपिक आयरन मेडल जीता: लगभग तीन सेकंड तक दो इंच ऊपर उठाने के लिए। इस तरह मैंने आखिरकार योग और फिजियोथेरेपी के बीच के अंतर को समझा। योग में आप स्ट्रेचिंग करते हुए सांस लेते हैं, फिजियोथेरेपी में आप अपनी सांस रोकते हैं। बाकी, जैसा कि पंजाब में कहा जाता है, 'विस्तार दी गल' है।

मैंने अंततः 1970 के दशक के पॉप गीत किलिंग मी सॉफ्टली विद हिज़ साँग, स्ट्रमिंग माय पेन विद हिज़ फिन्गर्स (अपने गीत के साथ मुझे धीरे-धीरे मारना, अपनी उंगलियों से मेरे दर्द को झनकार देना) का अर्थ भी समझ आ गया। फिजियो यही करता है। ■

Rotary
District 3212

THE MAGIC OF ROTARY

# She is Everything

# Yadhumanaval

**"Empowerment of women leads to development of a good family, good society and Ultimately, a good nation".**
**- A.P.J Abdul Kalam.**

## Jayanthasri Balakrishnan

" SHE PAVES A PATH FOR GIRL CHILDREN TO BECOME STRONGER VERSIONS OF THEMSELVES THROUGH HER MESMERIZING TALK. "

### *Transforming shy caterpillars into beautiful butterflies*

Rotary strongly encourages partnership with like-minded Institutions and Corporates which support Rotary's Programmes. Empowering girls has been a major focus of Rotary in the recent years. Therefore the coming together of Rotary District 3212 and IDHAYAM, to empower young adults through a confidence and energy building Programme specially designed by an illustrious life skills facilitator, Dr. Jayanthasri Balakrishnan, titled "Yadhumanaval", is a great blessing indeed.

Dr. Jayanthasri Balakrishnan has touched the lives of more than 1,25,000 girls in India and Srilanka.

| | |
|---|---|
| 97 | No. of Occurrences |
| 1,26,910 | No. of Beneficiaries |

# IDHAYAM

PROMISE OF HEALTH AND HAPPINESS

Get in Touch

Yadhumanaval
Project Chairman
Rtn D.Vijayakumari
+91 94887 66388

LEKHA ads/Nov 24/Rotary/BIW

ADVT.

Registered No. TN/CCN/359/2024-2026 | Total number of pages in this monthly issue, including cover, 84. Price: ₹40
Licensed to post WPP No.TN/PMG(CCR)/WPP 421/24-26
Regd with RNI TNHIN/2001/05271. Rotary Samachar Published 1st week of every month. Posted at Egmore RMS Patrika Channel. Date of posting: 6–12 every month.

**Rotary**
**District 3212**

THE MAGIC OF ROTARY

# PROJECT PUNCH REACHES A NEW MILESTONE

# 100

IDHAYAM and Rotary Club of Virudhunagar, in association with Rotary Club of Chennai Legends, are to organize

## PROJECT PUNCH 100 - A CENTURY OF IMPACT

**Date: November 4, 2024 - November 6, 2024 | Venue: Dr. RELA Institute and Medical Centre, Chennai.**

**100** Events **300** Days
**10392** Beneficiaries
*The celebration is in the air.*

*thanks*

Rotary Clubs, Rotarians, Institutions, Organizations, Students and Well-wishers from everywhere for Your benevolent support.

LEKHA ads/Nov 24/Rotary/BW

**IDHAYAM**
SAY IDHAYAM • SPELL HEALTH

**PROJECT PUNCH**

PROJECT PUNCH is a 3-day Spoken English programme for students (preferably, B.Ed. students) and professionals (across India) who face the need to improve their Communicative English and Public Speaking skills.

Do you wish to conduct **Project Punch?**
Contact: Project Chairman
Rtn. A.Shyamraj | 97502 07464

ADVT.